संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार

Sangeet Natak Akademi Amrit Awards

16 September 2023

VIGYAN BHAWAN, NEW DELHI

संगीत नाटक अकादेमी

संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी, नई दिल्ली

संगीत नाटक अकादेमी, प्रदर्शन–कला के क्षेत्र में देश की शीर्षस्थ संस्था है जिसकी स्थापना सन् 1953 में हुई थी। अकादेमी की स्थापना का उद्देश्य संगीत, नृत्य और नाट्य रूपों में अभिव्यक्त भारत की विविध संस्कृति की विशाल अमूर्त विरासत का संरक्षण और प्रचार–प्रसार है। अकादेमी का प्रबंधन इसकी महापरिषद् द्वारा किया जाता है। अकादेमी के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा पांच साल की अवधि के लिए की जाती है। अकादेमी के कार्यों का निर्धारण अकादेमी के संगम ज्ञापन में किया गया है, जिसे 11 सितंबर 1961 को एक सोसायटी के रूप में इसके पंजीकरण के समय अंगीकृत किया गया था। अकादेमी का पंजीकृत कार्यालय रवींद्र भवन, 35 फिरोज शाह रोड़, नई दिल्ली है। संगीत नाटक अकादेमी वस्तुतः संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था है।

संगीत नाटक अकादेमी की अब तीन घटक इकाइयाँ हैं, जिनमें से दो नृत्य–शिक्षण संस्थान हैं: इंफाल में जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य एकेडमी (जेएनएमडीए), और दिल्ली में कथक केन्द्र। जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य एकेडमी की स्थापना भारत सरकार द्वारा अप्रैल 1954 में की गई थी और तब इसका नाम मणिपुर डांस कॉलेज हुआ करता था और अपनी स्थापना काल से ही संगीत नाटक अकादेमी द्वारा वित्तपोषित था, सन् 1957 में यह अकादेमी की एक घटक इकाई बन गई। इसी तरह कथक केन्द्र, कथक नृत्य के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एक है। यह दिल्ली में स्थित है और यहाँ कथक नृत्य और मुखर संगीत के साथ ही पखवाज वादन में विभिन्न स्तरों पर पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

घटक इकाइयों के अतिरिक्त, वर्तमान में अकादेमी के पाँच केन्द्र हैं :

1. केरल के सदियों पुराने संस्कृत रंगमंच कूटियाट्टम के संरक्षण और प्रचार–प्रसार के लिए कूटियाट्टम केन्द्र, तिरुवनंतपुरम।
2. असम की सत्रीय परम्पराओं को बढ़ावा देने के लिए सत्रिय केन्द्र, गुवाहाटी।
3. पूर्वोत्तर भारत की पारम्परिक और लोक प्रदर्शन कला परम्पराओं के संरक्षण के लिए पूर्वोत्तर केन्द्र, गुवाहाटी।
4. पूर्वोत्तर में उत्सवों और क्षेत्र प्रलेखन के लिए पूर्वोत्तर प्रलेखन केन्द्र, अगरतला।
5. पूर्वी भारत में छऊ नृत्य–रूपों को बढ़ावा देने के लिए छऊ केन्द्र, चंदनकियारी।

प्रदर्शन कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों के लिए संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार दिया जाता है। कलाकारों के लिए यह सर्वोच्च राष्ट्रीय मान्यता है। अकादेमी संगीत, नृत्य और नाटक के प्रख्यात कलाकारों और विद्वानों को फैलोशिप भी प्रदान करती है, और वर्ष 2006 में युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा पुरस्कार की स्थापना की गई थी जो प्रति वर्ष विभिन्न कला–क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों को दिया जाता है। अकादेमी का अपना अभिलेखागार है, जिसमें ऑडियो और वीडियो टेप, चित्र और फिल्मों का समृद्ध संकलन है। यह प्रदर्शन कला केन्द्रित देश का सबसे बड़ा और व्यापक अभिलेखागार है और प्रदर्शन कला पर अनुसंधान करने वाले अध्येताओं की सुविधा की दृष्टि से तैयार किया गया है।

अकादेमी के पदाधिकारी

संध्या पुरेचा, अध्यक्ष
जोरावरसिंह जादव, उपाध्यक्ष
राजू दास, सचिव

Presentation of the

Sangeet Natak Akademi Amrit Awards

by

Shri Jagdeep Dhankhar

Hon'ble Vice-President of India

16 September 2023 at 11.00 a.m.
Vigyan Bhawan, New Delhi

संगीत नाटक अकादेमी
Sangeet Natak Akademi

NATIONAL ACADEMY OF MUSIC, DANCE AND DRAMA
RABINDRA BHAVAN, FEROZE SHAH ROAD, NEW DELHI 110 001

SANGEET NATAK AKADEMI
AMRIT AWARDS

MUSIC

Raghubir Mallik
Hindustani Vocal Music (Dhrupad)

Dina Nath Mishra
Hindustani Vocal Music

Chittaranjan Jyotishi
Hindustani Vocal Music

Vasant Rambhau Sheolikar
Hindustani Instrumental Music (Violin)

Kiran Sadashiv Deshpande
Hindustani Instrumental Music (Tabla)

Shankar Krishnaji Abhayankar
Hindustani Instrumental Music (Sitar)

Usman Abdul Karim Khan
Hindustani Instrumental Music (Sitar)

Gopal Chandra Biswas
Hindustani Instrumental Music (Tabla)

Sushil Kumar Jain
Hindustani Instrumental Music (Tabla)

Minoti Khaund
Hindustani Instrumental Music (Violin)

Bhim Sen Sharma
Hindustani Music (Vocal and Instrumental)

Gowri Kuppuswamy
Carnatic Vocal Music

Anasuya Kulkarni
Carnatic Vocal Music

Mangad K. Natesan
Carnatic Vocal Music

R. Ramani
Carnatic Instrumental Music (Veena)

Kolanka Laxman Rao
Carnatic Instrumental Music (Mridangam)

Supparayan Chinnathambi
Carnatic Instrumental Music (Nagaswaram)

Mahabhashyam Chittaranjan
Other Major Traditions of Music (Sugam Sangeet)

Yumnam Jatra Singh
Other Major Traditions of Music (Nata Sankirtana, Manipur)

Shri Panditharadhyula Satyanarayana
Other Major Traditions of Music (Harikatha)

DANCE

Lalitha Srinivasan
Bharatanatyam

Vilasini Devi Krishnapillai
Bharatanatyam

Thankamani Kutty
Bharatanatyam

Padma Sharma
Kathak

Purnima Pande
Kathak

Susmita Misra
Kathak

Charan Girdhar Chand
Kathak

Girdhari Maharaj
Kathak

Mahamkali Srimannarayana Murthy
Kuchipudi

Smita Shastri
Kuchipudi

Kumkum Lal
Odissi Dance

Gobinda Chandra Pal
Gotipua of Orissa

Hari Bora Borbayan
Sattriya

Guru Prasad Ojah
Sattriya Ojapali

Hijam Tombi Singh
Manipuri

Sidheswar Das
Chhau Dance (Mayurbhanj)

Bhagwan Kumar Das
Chhau Dance (Purulia)

Kalamandalam Prabhakaran
Other Major Traditions of Dance and Dance Theatre (Ottanthullal, Kerala)

THEATRE

Sushil Kumar Singh
Playwriting

Partap Sehgal
Playwriting

John Claro Fernandes
Playwriting

C.L. Jos
Playwriting

Basani Marreddy
Direction

Ramamurthy Sundaresan
Acting

Suman Kumar
Acting

Appunni Tharakan Nambiarath
Allied Theatre Arts (Make up - Kathakali)

Hari Krishen Langoo
Allied Theatre Arts (Theatre Music)

SANGEET NATAK AKADEMI
AMRIT AWARDS

Subbayya Muthaiya Karai
Allied Theatre Arts (Theatre Music)

Sartaj Narain Mathur
Theatre

Janak Harilal Dave
Theatre (Gujarat)

Abburu Jayathirtha

TRADITIONAL/FOLK/TRIBAL DANCE/MUSIC/THEATRE AND PUPPETRY

Mikkong Eko
Tribal Music (Arunachal Pradesh)

Konpu Lee Kadu
Tribal Music (Arunachal Pradesh)

Dharmeswar Nath
Folk Dance (Byas Ojapali, Assam)

Makhan Chandra Borah
Folk Music and Dance (Assam)

Bharat Singh Bharti
Folk Music (Bihar)

Dayabhai Nathabhai Nakum
Folk Music & Dance (Gujarat)

Mahabir Nayak
Folk Music (Jharkhand)

Mareppa Channadasar
Folk Arts (Karnataka)

Tsering Stanzin
Folk Music (Ladakh)

Aboosala Mayampokkada
Folk Music and Dance (Lakshdweep)

Heera Singh Borliya
Folk Music (Madhya Pradesh)

Chunnilal Raikwar
Folk Music (Madhya Pradesh)

Bhiklya Ladakya Dhinda
Folk and Tribal Music (Maharashtra)

Harishchandra Prabhakar Borkar
Folk Theatre - Tamasha (Maharashtra)

Haorongbam Bishwaroop Singh
Thang- Ta (Manipur)

Gloucester Nongbet
Folk Music (Meghalaya)

Ananda Bag
Folk Music (Odisha)

Veerasamy Srinivasan
Puppetry (Puducherry)

Dhodhe Khan
Folk Music, Algoja (Rajasthan)

Hakim Khan
Folk Music (Rajasthan)

Yapchung Kazi
Folk Arts (Sikkim)

Ailaiah Eeraiah Oggari
Folk Music - Oggu Katha (Telangana)

Bhairab Datt Tewari
Folk Music and Dance (Uttarakhand)

Jagdish Dhaundiyal
Folk Music (Uttarakhand)

Narayan Singh Bisht
Folk Music (Uttarakhand)

Salmon N.G.
Folk Music (Manipur)

OVERALL CONTRIBUTION/ SCHOLARSHIP IN PERFORMING ARTS

Ganesh Prasad Sinha
Overall Contribution in the Performing Arts

Anant Mahapatra
Overall Contribution in the Performing Arts

Bharat Ratna Bhargava
Overall Contribution in the Performing Arts

Jugal Kishore Petsali
Overall Contribution in the Performing Arts

Venkata Ananda Kumara Rangarao
Overall Contribution in the Performing Arts

Prabhakar Bhanudas Mande
Scholarship in the Performing Arts

Bhagwatilal Rajpurohit
Scholarship in the Performing Arts

Sangeet Natak Akademi
Amrit Awards

संगीत नाटक अकादेमी
अमृत पुरस्कार

रघुवीर मलिक

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी संगीत (ध्रुपद)

RAGHUBIR MALLIK

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Vocal Music (Dhrupad)

बिहार के दरभंगा जिले के गंगदह गाँव में 1 जनवरी 1934 को जन्मे, श्री रघुवीर मल्लिक का सम्बंध दरभंगा घराने से है। आपने संगीत में डिप्लोमा किया है और ध्रुपद संगीत के स्थापित कलाकार हैं।

ध्रुपद संगीत में योगदान के लिए श्री रघुवीर मलिक को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1934, Shri Raghubir Mallik hails from Gangdah village in Darbhanga district of Bihar.

He has a diploma in music and belongs to the Darbhanga gharana of Dhrupad music.

Shri Raghubir Mallik receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Dhrupad music.



दीना नाथ मिश्रा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
हिंदुस्तानी गायन संगीत

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के हरिपुर गाँव में 15 जुलाई 1943 को जन्मे, श्री दीना नाथ मिश्रा ने प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से गायन विधा में संगीत प्रवीण की उपाधि अर्जित की है। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष श्रेणी के कलाकार हैं। आपने चंद्रावती देवी, राखाल मिश्रा और चिन्मय लाहिड़ी जैसे गुरुओं से हिंदुस्तानी संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपका संबंध बनारस घराने से है। आपने गायन संगीत की अन्य शैलियाँ जैसे कि खयाल, ठुमरी, दादरा, गजल और भजन भी सीखी है।

आपने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के तत्वावधान इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया, स्पेन, जर्मनी, मस्कट, बहरीन, दोहा आदि देशों में संगीत कार्यक्रमों के लिए बड़े पैमाने पर यात्राएँ की है। आपने कोलकाता के तान चक्र संगीत सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। आपने अखिल भारतीय तानसेन संगीत सम्मेलन, पश्चिम बंगाल राज्य संगीत अकादमी, रागिनी संगीत सम्मेलन, संगीत पियाशी म्यूजिक कॉन्फ्रेंस, मुंबई स्थित सुर सिंगार संसद, एचसीएल हेरिटेज सेंटर कार्यक्रम, नई दिल्ली तथा आईसीसीआर ठुमरी महोत्सव, दिल्ली में भी अपनी प्रस्तुतियाँ दी है।

आपको पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से गिरिजा शंकर पुरस्कार (2014) से सम्मानित किया गया है। है

हिंदुस्तानी गायन संगीत में योगदान के लिए श्री दीना नाथ मिश्रा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

DINA NATH MISHRA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Vocal Music

Born on 15 July 1943 in Haripur village of Azamgarh, Uttar Pradesh, Shri Dina Nath Mishra has a Sangeet Praveen Vocal from Prayag Sangeet Samity, Allahabad. He is a Top Grade artist of the Akashvani and Doordarshan. He has received training in the Benaras gharana of Hindustani music from Chandrawati Devi, Rakhal Mishra and Chinmaya Lahiri. He has also learnt other allied forms of art such as Khayal, Thumri, Dadra, Ghazal and also Bhajan.

Shri Mishra has travelled extensively with ICCR performing in England, Austria, Spain, Germany, Muscat, Bahrain, Doha, etc. He has served as the President of the Taan Chakra Music Society of Kolkata. He has also performed at the All India Tansen Music Conference, West Bengal Rajya Sangeet Academy, Ragini Music Conference, Sangeet Piyashi Music Conference, Sur Singar Samsad in Mumbai, HCL Heritage Centre Programme in Delhi, ICCR Thumri Festival in New Delhi.

Shri Mishra has been honoured with the Girija Shankar Puruskar (2014) from the West Bengal Government.

Shri Dina Nath Mishra receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani vocal music.

चित्तरंजन ज्योतिषी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी गायन संगीत

CHITTARANJAN JYOTISHI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Vocal Music

मध्य प्रदेश के सागर में 4 फरवरी 1940 को जन्मे, श्री चित्तरंजन ज्योतिषी ने संगीत में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की उपाधि अर्जित की है। आप ग्वालियर घराने में दीक्षित हैं और ख्याल, ध्रुपद, ठुमरी और भजन गायिकी में महारत रखते हैं। आपने शिव प्रसाद त्रिपाठी (प्रख्यात ध्रुपद और भजन कलाकार), ओंकारनाथ ठाकुर और बलवंत राय भट्ट के मार्गदर्शन में संगीत सीखा है।

आप बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रदर्शन कला संकाय से संबद्ध रहे हैं। यहाँ आपने गायन संगीत विभाग के अध्यक्ष के रूप में काम किया है। आप बीएचयू के कला संकाय के डीन भी रह चुके हैं। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के 'शीर्ष ए' श्रेणी के कलाकार हैं। आप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्य रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय और लखनऊ स्थित भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय में संगीत और ललित कला की विभिन्न समितियों में यूजीसी द्वारा नामांकित सदस्य रह चुके हैं। आप मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की जूनियर और सीनियर फेलोशिप समिति, और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की समिति के सदस्य भी रहे हैं। राग कल्पद्रुम का विश्लेष्णात्मक अध्ययन जैसी उत्कृष्ट पुस्तक का श्रेय आप ही को जाता है। आपने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कई व्याख्यान–प्रदर्शन दिए हैं। आप 'चित्तरंग' उपनाम से लिखते हैं। आपने ही राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर का 'कुलगीत' लिखा है।

हिंदुस्तानी गायन संगीत में योगदान के लिए श्री चित्तरंजन ज्योतिषी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 4 February 1940 in Sagar in Madhya Pradesh, Shri Chittaranjan Jyothishi has a Masters' degree in Music and also a doctorate. He has been trained in the Gwalior Gharana in Khayal, Dhrupad, Thumri and Bhajan. He has learnt under the guidance of Shiv Prasad Tripathi (eminent Dhrupad and Bhajan artist), Omkarnath Thakur and Balwant Rai Bhatt.

Shri Chittaranjan has been associated with the Faculty of Performing Arts at the Banaras Hindu University (BHU) at Varanasi, where he has worked as Head, Department of vocal music. He has also been the Dean of the Faculty of Performing Arts, BHU. He is 'Top' grade artist of Akashvani and Doordarshan. He has been a member of the University Grants Commission in New Delhi and has been a UGC nominee of various committees of music and fine arts at the Delhi University and the Bhatkhande Sangeet University in Lucknow. He has also been a member of the Junior and Senior Fellowship Committee of the HRD Ministry, Government of India, New Delhi. He has been a member of the Culture Ministry, Government of India, New Delhi. He is credited with having brought out fine publications such as *Raag Kalpadrum ka Vishleshnatmak Adhyayan*. He has delivered a number of lecture-demonstrations all over India in different universities. He is an eminent music composer and writes his compositions under the pen name 'Chittarang'. He is credited with having composed the 'Kulgeet' of Raja Mansingh Tomar Sangeet Evam Kala Vishvavidyalaya, Gwalior.

Shri Chittaranjan Jyothishi receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani vocal music.

वसंत राममाऊ शेवलीकर

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (वायलिन)



VASANT RAMBHAU SHEOLIKAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Violin)

छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव में 25 दिसंबर 1931 को जन्मे, श्री वसंत राममाऊ शेवलीकर की शिक्षा–दीक्षा 12वीं तक हुई है। आपने 16 वर्ष की आयु में अपने पिता के मार्गदर्शन में वायलिन सीखना शुरू कर दिया था। आपको श्रीराम संगीत महाविद्यालय, रायपुर के तत्कालीन प्राचार्य विष्णु कृष्ण जोशी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। आप मध्य प्रदेश के सिंचाई विभाग में प्रशासनिक अधिकारी के पद से वर्ष 1990 में सेवानिवृत्त हुए।

आप आकाशवाणी के पैनलबद्ध कलाकार रहे हैं और 1960 से 1964 तक आकाशवाणी नागपुर और उसके बाद आकाशवाणी भोपाल के लिए वायलिन वादन किया। 1960 के दशक में राम मराठे और विनायकराव पटवर्धन के साथ भी आपने काम किया। पिछले 60 वर्षों में आपने सैकड़ों शिष्यों को संगीत में प्रशिक्षित किया है। आपने देश में आयोजित होने वाले लगभग सभी प्रमुख संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है।

आपको 2008 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया था।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (वायलिन) में योगदान के लिए श्री वसंत राममाऊ शेवलीकर को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Vasant Rambhau Sheolikar was born on 25 December 1931 in Rajnandgaon, now in Chhattisgarh. He studied upto the Intermediate or +2 level. He started taking violin lessons at the age of 16 under the guidance of his father. He also received the guidance of Vishnu Krishna Joshi, the then Principal of Shriram Sangeet Mahavidyalaya, Raipur. Vasant Rambhau Sheolikar served the Government of Madhya Pradesh from where he retired in the year 1990 while working as an Administrative Officer in the Irrigation Department.

Shri Sheolikar has been an empanelled artist at Akashvani and played for Akashvani Nagpur from 1960 to 1964, and later for Akashvani Bhopal. He had accompanied Ram Marathe and Vinayakrao Patwardhan in the 1960s. In the last 60 years, he has trained hundreds of disciples. He has participated in major music festivals across the country.

Shri Vasant Sheolikar has been honoured with the Shikhar Samman in 2008 by the Madhya Pradesh Government.

Shri Vasant Rambhau Sheolikar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani instrumental music.



किरण सदाशिव देशपांडे

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला)

महाराष्ट्र के विदर्भ के वडगाँव में 28 जून 1940 को जन्मे, श्री किरण सदाशिव देशपांडे ने हैदराबाद के शेख दाऊद खान के संरक्षण में तबला वादन, और सखाराम बी. देशपांडे और सदाशिव बी. देशपांडे के सानिध्य में हिंदुस्तानी गायन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपका संबंध दिल्ली, फरुखाबाद और अजराड़ा घराने से है। आप हैदराबाद के विवेक वर्धिनी संगीत महाविद्यालय और जबलपुर के भातखंडे संगीत महाविद्यालय जैसे संस्थानों से जुड़े रहे हैं। आपने खैरागढ़ विश्वविद्यालय से गायन संगीत में एम. ए.; जबलपुर विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया है और अखिल भारतीय गंधर्व महाविद्यालय मंडल, मिराज से गायन में संगीत विशारद हैं।

श्री देशपांडे ने जबलपुर के भातखंडे संगीत महाविद्यालय में पहले तबला शिक्षक और फिर व्याख्याता के रूप में कार्य किया है। आप शासकीय एमएलबी ऑटोनॉमस गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में संगीत के प्रोफेसर (1979 से 2002) रहे हैं। आपको राज्यसभा टीवी की श्रृंखला "शख्सियत" में भी दिखाया गया है। आपने शास्त्रीय और लोक संगीत के संगम और उनकी अंतर–प्रासंगिकता जैसे विषय पर विभिन्न विश्वविद्यालयों में गोष्ठियाँ आयोजित की है। आप मध्य प्रदेश कला परिषद के सदस्य और भारत भवन, भोपाल के ट्रस्टी भी रहे हैं। आपको भारत सरकार के संस्कृति विभाग से जूनियर और सीनियर फेलोशिप मिल चुकी है।

श्री देशपांडे को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया है।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला) में योगदान के लिए श्री किरण सदाशिव देशपांडे को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

KIRAN SADASHIV DESHPANDE

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Tabla)

Born on 28 June 1940 in Wadgaon, Vidarbha in Maharashtra, Shri Kiran Sadashiv Deshpande trained in Tabla under the tutelage of Shaikh Dawood Khan of Hyderabad, and in vocal music under Sakharam B. Deshpande and Sadashiv B. Deshpande. He is associated with the Delhi gharana, Farukhabad gharana and Ajarada gharana. He has been associated with institutions such as the Vivek Vardhini Sangeet Mahavidyalaya in Hyderabad, and Bhatkhande Sangeet Mahavidyalaya in Jabalpur. His academic qualifications include an M.A. in Vocal Music from Khairagarh University; M.A. in English Literature from Jabalpur University and a Sangeet Visharad in Vocal Music from the Akhil Bharatiya Gandharva Mahavidyalaya Mandal, Miraj.

Shri Deshpande has served as a Tabla teacher and then as a Lecturer in Bhatkhande Sangeet Mahavidyalaya in Jabalpur. He was the Professor of Music in the Government MLB Autonomous Girls College, Bhopal (1979 to 2002). He has been featured in the programme series "Shaksiyat" of Rajya Sabha TV. He has conducted and organized seminars in various Universities on the confluence of classical and folk music and their inter-relevance. He was a member of the Madhya Pradesh Kala Parishad and also served as the Trust member of the Bharat Bhavan, Bhopal. He has received the Junior and Senior Fellowship from the Department of Culture, Government of India.

Shri Deshpande has been conferred with the Shikhar Samman by the Government of Madhya Pradesh.

Shri Kiran Sadashiv Deshpande receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani instrumental music.

शंकर कृष्णाजी अभ्यंकर

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सितार)

महाराष्ट्र के सतारा में 19 मई 1934 को जन्मे, श्री शंकर कृष्णाजी अभ्यंकर ने गंधर्व महाविद्यालय मंडल से गायन और सितार वादन में अलंकार की उपाधि अर्जित की। आपका संबंध ग्वालियर घराने से है। आपने कुमार गंधर्व से बंदिश और रचना तथा पं. रविशंकर से सितार वादन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने दांडेकर, गजानन जोशी और नारायणराव व्यास से हिंदुस्तानी गायन और शंकरराव व्यास से भी सितार वादन सीखा है।

आप नारायणराव व्यास गुरुकुल और देवधर संगीत विद्यालय से भी जुड़े रहे हैं। आपके शिष्यों में अश्विनी भिडे देशपांडे, आरती अंकलिकर और संजीव अभ्यंकर जैसे संगीतकार शामिल हैं। आपने स्वर साधना संगीत विद्यालय, व्यास संगीत विद्यालय और एसएनडीटी विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया है। आप गंधर्व महाविद्यालय से भी संबद्ध रहे हैं।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सितार) में योगदान के लिए श्री शंकर कृष्णाजी अभ्यंकर को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SHANKAR KRISHNAJI ABHYANKAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Sitar)

Born on 19 May 1934 at Satara in Maharashtra, Shri Shankar Krishnaji Abhyankar has an Alankar in vocal music and sitar from the Gandharva Mahavidyalaya mandal. He has received training in the Gwalior gharana of classical vocal music and from Kumar Gandharva in Bandishi and composition, and from Ravi Shankar in Sitar. He has also received training in vocal music from Dandekar, Gajanan Joshi and Narayanarao Vyas, and in Sitar from Shankarrao Vyas.

Shri Abhyankar has been associated with the Narayanrao Vyas Gurukul and the Deodhar School of Music. Some of his prominent students are Ashwini Bhide Deshpande, Arati Ankalikar, and Sanjeev Abhyankar. He had held teaching positions in Svar Sadhana Sangeet Vidyalaya, Vyas Sangeet Vidyalaya, and SNDT University. He has been associated with the Gandharva Mahavidyalaya.

Shri Shankar Krishnaji Abhyankar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani instrumental music.

उसमान अब्दुल करीम खान

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सितार)

श्री उसमान अब्दुल करीम खान का जन्म 22 सितंबर 1940 को हुआ। आप पुणे में रहते हैं। आपका संबंध संगीतकार परिवार से है। आप छठी पीढ़ी के संगीतकार और तीसरी पीढ़ी के शास्त्रीय सितार वादक हैं। आप मैसूर महाराज के नवरत्नों में से एक रहे धारवाड़ के रहमत खान के पौत्र और अब्दुल करीम खान के पुत्र हैं। आपने महज 6 वर्ष की आयु में ही सितार वादन सीखना शुरू कर दिया था। आप जिस तरह से "गायकी अंग" और "तंतकरी अंग" का मिश्रण करते हैं, वह आपको विशिष्ट बनाता है और इस प्रकार आप अपने प्रतिष्ठित परिवार के योग्य उत्तराधिकारी सिद्ध होते हैं।

सन् 1985 में पेरिस में "24 घंटे का राग सत्र" आयोजित किया गया था, जिसमें सितार वादक के रूप में आप भी शामिल हुए थे। उसी शहर में सन् 1988 में 9 घंटे का पूरी रात चलने वाला संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें आपने भी अपनी प्रस्तुति दी थी। मई 1986 में मार्सिले में आयोजित "इंटरनेशनल गिटार फेस्टिवल" में प्रस्तुति देने वाले पूर्वी एशिया के आप एकमात्र कलाकार थे। आपने भारत, यूरोप, अमेरिका, खाड़ी देशों, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया में आयोजित प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आप कर्नाटक विश्वविद्यालय के संगीत संकाय के प्रमुख रह चुके हैं। आप 1960 के दशक से पुणे स्थित "नाद मंदिर" के माध्यम से अपनी अनूठी विरासत को अपने शिष्यों तक पहुँचा रहे हैं। आपके संगीत के कई ऑडियो कैसेट और सीडी उपलब्ध हैं।

आपको मलेशिया स्थित ललित कला मंदिर के हिंदुस्तानी संगीत के अंतर्राष्ट्रीय डीन के रूप में नामांकित किया गया था, और 'सितार नाद योगी' की उपाधि भी प्रदान की गई थी।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (सितार) में योगदान के लिए श्री उसमान अब्दुल करीम खान को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

USMAN ABDUL KARIM KHAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Sitar)

Born on 22 September 1940, Shri Usman Abdul Karim Khan lives in Pune. He is a sixth-generation musician and third generation classical Sitar player - grandson of Rehmat Khan of Dharwad - one of the Navratnas of the Maharaja of Mysore, and son of Abdul Karim Khan, who initiated him into playing this instrument at the age of 6 years. Usman Khan's fine blend of the "Gayaki ang" and "Tantkari ang" makes him a deserving legatee of his illustrious family.

Shri Usman Khan was the Sitar player for the "24 hour Raag session" in Paris in 1985, and in the same city has performed for 9 hours with his all-night concert in 1988. He was the only instrumentalist from the East to give a full concert at the "International Guitar Festival" in Marseilles in May 1986. Indeed, he has featured in most of the important music festivals in India, Europe, the USA and Gulf countries, Malaysia, South Korea, Japan and Australia. Usman Khan has been Head of the Faculty of Music at the Karnataka University. He has been passing his unique heritage to disciples across the world since the 1960s through "Naad Mandir" in Pune. He has several audio cassettes and CDs to his credit.

Shri Khan has been nominated as International Dean, Hindustani Music of the Temple of Fine Arts in Malaysia which has also conferred on him the title 'Sitar Nada Yogi'.

Shri Usman Abdul Karim Khan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani instrumental music.

गोपाल चन्द्र बिश्वास

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला)

त्रिपुरा के रामनगर में 22 सितंबर 1945 को जन्मे, श्री गोपाल चन्द्र बिश्वास ने तबला वादन का प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने पिता श्री अश्विनी कुमार बिश्वास से प्राप्त किया। बाद में, आपने श्री सच्चिदानंद हलदर, श्री मुन्ने खान, श्री अनिल भट्टाचार्जी और श्री नृपेन कर्माकर जैसे गुरुओं के संरक्षण में अपने कौशल को निखारा।

आपने सन् 1968 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक किया, 1965 में मातखंडे संगीत विद्यापीठ (लखनऊ) से तबला में विशारद की उपाधि अर्जित की, तदोपरांत इलाहाबाद स्थित प्रयाग संगीत समिति से तबला वादन में संगीत प्रवीण की परीक्षा उत्तीर्ण की। आपने देश–विदेश के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में न केवल एकल बल्कि संगत कलाकार के रूप में भी बहुत सी प्रस्तुतियाँ दी है। राजकीय संगीत महाविद्यालय में नियुक्ति से पूर्व आपने संगीत वितान नाम के एक संगीत विद्यालय में भी अध्यापन किया था। आपके मार्गदर्शन में बहुत से छात्रों ने तबला वादन सीखा है।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला) में योगदान के लिए श्री गोपाल चन्द्र बिश्वास को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

GOPAL CHANDRA BISWAS

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Tabla)

Born on 22 September 1945 in Ramnagar, Tripura, Shri Gopal Chandra Biswas took his initial training from his father Ashwini Kumar Biswas. He later received his training under the tutelage of Sachhidananda Haldar, Munne Khan, Anil Bhattacharjee, and Nripen Karmakar.

Shri Biswas graduated (B.A.) from Calcutta University in the year 1968 and completed Visharad degree in Tabla from Bhatkhande Sangeet Vidyapeeth (Lucknow) in 1965. He has successfully passed the Sangeet Praveen Tabla Examination - M.Music from Prayag Sangeet Samity of Allahabad. Shri Gopal Chandra Biswas has performed as a soloist and accompanist at many prestigious music festivals the world over. He taught at Sangeet Bitan, a school of music, before joining the Government Music College. He has guided and imparted Tabla education to a number of students.

Shri Gopal Chandra Biswas receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani instrumental music.

सुशील कुमार जैन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला)

पंजाब के रोपड़ (वर्तमान रूपनगर) में 10 सितंबर 1946 को जन्मे, श्री सुशील कुमार जैन कला स्नातक हैं। आपने नौरता राम मोहन (पंजाब घराना), लक्ष्मण सिंह (पंजाब घराना), इकबाल मोहम्मद खान (पंजाब घराना), और बनवारी लाल मुल्तानी (किराना घराना) के संरक्षण में तबला वादन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने गायन भी सीखा है।

भातखंडे संगीत महाविद्यालय, लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संगीत संस्थानों में आपने प्रशिक्षण कार्य किया है। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय में आपने कार्यशाला आयोजित की है। आप इन दिनों तबला और पखावज कला के विकास पर हिन्दी और संस्कृत भाषा में एक पुस्तक रचना में व्यस्त हैं। पेशे से बैंक कर्मचारी, श्री सुशील जैन ने अपनी और पारम्परिक, लगभग 2000 रचनाओं का प्रलेखन किया है, जिनमें से कई ताल वाद्य के दुर्लभ पक्षों को उद्घाटित करती हैं।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला) में योगदान के लिए श्री सुशील कुमार जैन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SUSHIL KUMAR JAIN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Tabla)

Born on 10 September 1946 in Ropar (present Rupnagar) of Punjab, Shri Sushil Kumar Jain is a graduate in Arts and has trained in tabla under the tutelage of Naurata Ram Mohan (Punjab Gharana), Laxman Singh (Punjab Gharana), Iqbal Mohammad Khan (Punjab Gharana), and Banwari Lal Multani (Kirana Gharana). He has also trained in vocal music.

Shri Jain has been imparting training at some reputed centres of music such as the Bhatkhande College of Music, Lucknow. He has also conducted workshop at Maharaja Sayajirao University of Baroda. He is engaged in writing a book on the evolution of the art of Tabla and Pakhawaj, both in Hindi and Sanskrit. A bank employee by profession, Shri Sushil Jain has documented nearly 2000 compositions, both traditional as well as his own, many of which touch upon rare aspects of Taal Vadya.

Shri Sushil Kumar Jain receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani instrumental music.

मिनोती खौंड

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (वायलिन)

असम के जोरहाट में 26 दिसंबर 1940 को जन्मी, श्रीमती मिनोती खौंड असम की एक अनुभवी वायलिन वादक हैं। आप 60 वर्षों से भी अधिक समय से वायलिन बजा रही हैं। आप उत्तर–पूर्व में, विशेष रूप से ऊपरी और निचले असम में भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा दे रही हैं और नई पीढ़ी को संगीत सिखा रही हैं। आप वी. जी. जोग की वरिष्ठ शिष्या हैं और आपने बुद्धदेव दासगुप्ता और ए. टी. कानन से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

वर्ष 1990 से आप भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् की सूचीबद्ध कलाकार हैं। आपने रवीन्द्र सदन, कोलकाता में अमीर खान संगीत सम्मेलन; इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली; राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी, मुंबई; ख्याल ट्रस्ट, मुंबई; संगीत नाटक अकादेमी, दिल्ली; नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स की आईटीसी एसआरए कॉन्सर्ट श्रृंखला; काला घोड़ा महोत्सव, मुंबई; और नेहरू सेंटर, लंदन जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। आप आराधना सामाजिक संगठन और कनक काली संगीत महाविद्यालय जैसी संस्थाओं से जुड़ी रही हैं। आप स्टेट कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट में संगीत पाठ्यक्रमों के लिए पैनल परीक्षक हैं। आप पत्र–पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में संगीत स्तंभ भी लिखती हैं।

आपको असम सरकार द्वारा दिए गए शिल्पी पुरस्कार समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (वायलिन) में योगदान के लिए श्रीमती मिनोती खौंड को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

MINOTI KHAUND

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Instrumental Music (Violin)

Born on 26 December 1940 in Jorhat, Assam, Shrimati Minoti Khaund is a veteran violinist from Assam who has been playing the violin for more than 60 years, promoting and teaching Indian classical music in the North-east especially in upper and lower Assam. A senior disciple of V.G. Jog, she has also trained under Buddhadev Dasgupta, and A.T. Kanan.

An ICCR empanelled artist since 1990, she has enthralled the audience in reputed programmes such as Amir Khan Music Conference at Rabindra Sadan, Calcutta; India International Centre; National Gallery of Modern Art, Mumbai; Khayal Trust, Mumbai; Sangeet Natak Akademi; ITC SRA concert series in National Centre for the Performing Arts; Kala Ghoda Festival, Mumbai; and at the Nehru Centre, London. She has been associated with institutions such as the Aradhana Social Organisation and Kanak Kali Sangeet Mahavidyalaya. She is a panel examiner for music courses at the State College of Music and Art. She writes for the music columns in journals and newspapers.

She has been bestowed with several honours such as the Shilpi Award by the Government of Assam.

Shrimati Minoti Khaund receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Hindustani instrumental music.

भीम सेन शर्मा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
हिंदुस्तानी संगीत (गायन एवं वादन)

पंजाब के मुकेरियाँ में 24 दिसंबर 1936 को जन्मे, श्री भीम सेन शर्मा ने प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संगीत (गायन एवं वादन) में स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की है। आपका संबंध किराना घराने से है। आपने अमीर खान (गायन), विलायत खान (सितार), दिलीप चंद्र वेदी और केसीडी बृहस्पति जैसे गुरुओं से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आप आकाशवाणी के गायन अनुभाग में कलाकार हैं। आपने राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न सम्मेलनों/उत्सवों–संत हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जलंधर; होली संगीत उत्सव, अमृतसर; चेन्नई में आयोजित संगीत नाटक अकादमी सम्मेलन; मॉरीशस विश्वविद्यालय में संगीत सम्मेलन; आकाशवाणी पर संगीत का राष्ट्रीय सम्मेलन; पंजाबी अकादमी, दिल्ली में पंजाब के पारंपरिक संगीत का उत्सव आदि में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में अतिथि संकाय और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में संगीत के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्य किया है। आप गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में संगीत विभाग के अध्यक्ष भी रहे हैं। आप शिमला, धर्मशाला, चंबा, अमृतसर और मुक्तसर के सरकारी कॉलेज से भी जुड़े रहे हैं। आपने विभिन्न रागों, वैदिक संगीत, संगीत रचनाओं और सामान्य रूप से भारतीय शास्त्रीय संगीत जैसे विषयों पर कई व्याख्यान प्रदर्शनों का आयोजन किया है।

हिंदुस्तानी संगीत (गायन एवं वादन) में योगदान के लिए श्री भीम सेन शर्मा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

BHIM SEN SHARMA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Hindustani Music (Vocal and Instrumental)

Born on 24 December 1936 in Mukerian in Punjab, Shri Bhim Sen Sharma has a Masters degree in music, vocal and instrumental from Prayag Sangeet Samiti, Allahabad. He is trained in the Kirana Gharana and has been trained under Amir Khan (vocal), Vilayat Khan (Sitar), Dilip Chandra Vedi and KCD Brihaspati.

Shri Sharma is a performing artist with All India Radio in the vocal section. He has performed at various national level conferences - Sant Harivallabh Sangeet Sammelan, Jallandar; Holi Sangeet festival, Amritsar; Sangeet Natak Akademi conference in Chennai; Music Conference at Mauritius University; National Conference of Music at All India Radio; festival of traditional music of Punjab at the Punjabi Academy, Delhi. He has served as the Guest Faculty of the Punjab University, Chandigarh, and Associate Professor of Music in Himachal Pradesh University. He has also been the Head of the Department of Music at the Gurunanak Dev University, Amritsar. He has been associated with the Government College of Shimla, Dharamshala, Chamba, Amritsar and Muktsar. He has conducted several lecture demonstrations deliberating on the various ragas, vedic music, musical compositions and Indian classical music in general.

Shri Bhim Sen Sharma receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Hindustani music - vocal and instrumental.

गौरी कुप्पुस्वामी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
कर्नाटक गायन संगीत

GOWRI KUPPUSWAMY

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Vocal Music

तमिलनाडु के पुकुकोट्टई गाँव में 2 अगस्त 1931 को जन्मी, श्रीमती गौरी कुप्पुस्वामी ने जी. एन. बालासुब्रमण्यम, डॉ. एम. एल. वसंत कुमारी, एस. कल्याणरमन और आर. के. श्रीकांतन से गायन संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्रीमती गौरी को गंगूभाई हंगल संगीत विश्वविद्यालय, मैसूर और अमेरिका के एरिजोना विश्वविद्यालय से संगीत में डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली है। आपने एस. रामनाथन से वीणा वादन का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। आपने कर्नाटक के मैसूर विश्वविद्यालय के ललित कला महाविद्यालय में संगीत की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। आप मदुरै, केरल, बेंगलुरु, मैसूर और कोयंबटूर विश्वविद्यालयों के संगीत अध्ययन बोर्ड की सदस्य भी रही हैं। आपने तंजौर के राग, भारतीय कला में संगीत, स्वाति तिरुनल की रचनाएँ, यूरोपीय नोटेशन में ओरिएंटल संगीत और दक्षिण भारतीय संगीत के गीतों का इंडेक्स जैसी पुस्तकों की रचना की है। आपने मुथुस्वामी दीक्षितार की चतुर्दश रागमालिका पर एक मोनोग्राफ भी तैयार किया है। आप पिछले पचास वर्षों से आकाशवाणी की कलाकार हैं और देश-विदेश के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुतियाँ देती रही हैं। बीबीसी ने 1975 में आप पर एक वृत्तचित्र का निर्माण किया था।

आपको कई पुरस्कारों और सम्मानों से अलंकृत किया गया है, जिसमें 2019 में कर्नाटक सरकार द्वारा दिया गया निजगुण पुरंदरा पुरस्कार; और मद्रास संगीत अकादमी, 2015 द्वारा दिया गया सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ पुरस्कार भी शामिल है।

कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए श्रीमती गौरी कुप्पुस्वामी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाना था किंतु 6 जून 2023 को उनका देहांत हो गया, अतः यह पुरस्कार उनको मरणोपरांत दिया जा रहा है।

Born on 2 August 1931 in Pukukottai village of Tamil Nadu, Shrimati Gowri Kuppuswamy had received training in vocal music under G.N. Balasubramanium, M.L. Vasantha Kumari, S. Kalyanaraman and R.K. Sreekantan. She has also trained in Veena under S. Ramanathan.

Shrimati Gowri Kuppuswamy was awarded PhD degree for her thesis 'A Comparative Study of the Scales of Karnatak and Western Music' by Arizona University, USA in 1982, and was conferred Honorary Doctorate by Karnataka State Dr. Gangubai Hangal University for Music and Performing Arts, Mysuru, on 7 March 2017. She has served as Professor and Head of the Department of Music in the College of Fine Arts, Mysore University, Karnataka. She has many reputed publications to her name, some of them being *Ragas of Tanjore*, *Music in Indian Art*, *Swati Tirunal's Compositions*, *Oriental Music in European Notation*, and *Index of Songs of South Indian Music*. She has also produced a monograph on *Chaturdasa Ragamalika of Muthuswami Dikshitar*. She has for the past fifty years been a concert artist with the All India Radio and other cultural organisations in India and abroad. BBC has made a full-length documentary on her work in 1975.

Shrimati Gowri has been bestowed with many awards and honours, such as the Nijaguna Purandara Award by the Karnataka State in 2019.

Shrimati Gowri Kuppuswamy was to receive the Sangeet Natak Akademi Amrit Award in person for her contribution to Carnatic vocal music. To our deep regret, she passed away on 6 June 2023. The Award is bestowed on her posthumously.

अनसूया कुलकर्णी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
कर्नाटक गायन संगीत

कर्नाटक के मैसूर में 10 मई 1936 को जन्मी, श्रीमती अनसूया कुलकर्णी ने कर्नाटक गायन में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण गणकलारत्न विद्या सागर आर. आर. केशवमूर्ति से प्राप्त किया। बाद में, संगीत कलानिधि मैसूर टी. चौदिया के संरक्षण में आपने अपनी कला को निखारा और उस्ताद मोहम्मद हुसैन सरहंग से हिंदुस्तानी गायन शैली का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। आपने अन्नामलाई विश्वविद्यालय से संगीत में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। आप अपनी युवावस्था में एक लोकप्रिय गायिका और आकाशवाणी की 'ए' श्रेणी की कलाकार हुआ करती थीं।

इंडोनेशियाई बांस वाद्य 'अंगक्लुंग' की आप विशेषज्ञ वादक हैं और आप ही के प्रयासों से यह वाद्य कर्नाटक संगीत का अंग बना है। श्रीमती अनसूया ने देश–विदेश के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने कई छात्रों को इस वाद्य के वादन का प्रशिक्षण भी दिया है।

श्रीमती अनसूया कुलकर्णी ने विभिन्न संस्थानों में व्याख्यान–प्रदर्शन दिए हैं, कई पुस्तकों की रचना की है, और विभिन्न पत्रिकाओं के लिए लेख भी लिखे हैं। आपने कई कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन भी किया है। आप भारतीय ललित कला सोसायटी (सिंगापुर) सहित अभिलेखीय परियोजनाओं में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के लिए प्रलेखन कार्य भी किया है। आपने एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विभिन्न देशों के विभिन्न संगीत स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाया है। आपके पास विश्व के 300 से अधिक संगीत वाद्यों का संग्रह है जिन्हें आप बजा भी सकती हैं।

आपको कर्नाटक कलाश्री (1996–97) जैसी कई प्रतिष्ठित उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए श्रीमती अनसूया कुलकर्णी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

ANASUYA KULKARNI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Vocal Music

Born on 10 May 1936 at Mysore in Karnataka, Shrimati Anasuya Kulkarni received her initial training in Carnatic vocal music from R.R. Keshava Murthy. Later, she groomed her art under the tutelage of Mysore T. Chowdiah and received training in Hindustani vocal music from Mohammed Hussain Sarahang. She has earned Doctorate in Music from Annamalai University. She was a popular singer in her youth, and an 'A' grade artist of All India Radio.

An expert in playing the 'Angklung'– an Indonesian bamboo instrument specially adopted for Carnatic music by her, Shrimati Anasuya has performed in innumerable prestigious concerts and music festivals in India and abroad. She has also trained many students to play this unique instrument.

Shrimati Anasuya Kulkarni has given lecture demonstrations at various organizations, published several books and articles, conducted many workshops and seminars, and has documented and worked for a number of national and international level institutions in archival projects including Indian Fine Arts Society (Singapore). She has taught in various music schools and universities in various countries under Exchange Programmes. She has a collection of more than 300 different musical instruments from all over the world which she can play as well.

Shrimati Anasuya Kulkarni has been honoured with many prestigious titles and awards such as the Karnataka Kalashree (1996-97).

Shrimati Anasuya Kulkarni receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Carnatic vocal music.

मांगड़ के. नटेसन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
कर्नाटक गायन संगीत

केरल के मांगड़ में 13 सितंबर 1933 को जन्मे, श्री मांगड़ के. नटेसन ने अपने पिता जी. कुमारन और पी. एन. लक्ष्मीकुट्टी से कर्नाटक गायन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। श्री नटेसन ने सन् 1958 में तिरुवनंतपुरम के स्वाति तिरुनल कॉलेज ऑफ म्यूजिक से गणभूषणम का पाठ्यक्रम पूरा किया।

समृद्ध और सशक्त आवाज के धनी, श्री नटेसन बहुप्रशंसित कलाकार हैं। आपने बहुत से छात्रों को कर्नाटक संगीत का प्रशिक्षण भी दिया है। आपकी पहचान एक ऐसे गायक की है जो अपने सम्प्रदाय का कड़ाई से पालन करता है, मनोधर्म का उपयोग करता है जो राग के मूल भाव से समझौता नहीं करता, सर्वलघु स्वरों का उपयोग करता है, और गुरुओं द्वारा निर्धारित संगति के साथ कृतियों की प्रस्तुति करता है। आपने पूरे देश में आयोजित होने वाले प्रमुख उत्सवों, सभाओं, मंदिरों, रेडियो और टीवी पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। महाराजा स्वाति थिरुनल की रचनाओं का आपका भंडार विशाल है और महाराजा की रचनाओं को प्रचारित करने का आपका प्रयास भी उल्लेखनीय है। आपकी प्रस्तुतियों में चलक्कुडी नारायण स्वामी, थिरुप्परक्कडल वीरराघवन, टी. के. वी. रामानुजाचार्युलु, सी. आर. मणि अय्यर, बी. शशिकुमार, गुरुवयूर दोराई और पलक्कड़ टी. आर. राजमणि जैसे कई दिग्गजों ने आपके साथ संगत किया है। आपने आकाशवाणी और दूरदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रमों और संगीत सम्मेलनों में प्रस्तुतियाँ दी है।

कर्नाटक गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1989); केरल संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप – कलारत्न (2014); संगीत कला आचार्य – संगीत अकादमी, चेन्नई (2014); और केरल सरकार द्वारा स्वाति पुरस्कार (2015) से सम्मानित किया गया है।

कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए श्री मांगड़ के. नटेसन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

MANGAD K. NATESAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Vocal Music

Born on 13 September 1933 in Mangad, Kerala, Shri Mangad K. Natesan took his training from his father G. Kumaran and from P.N. Lakshmikutty. Shri Natesan completed Ganabhooshanam in 1958 from Swati Tirunal College of Music at Thiruvananthapuram.

Endowed with a rich and powerful voice, Shri Natesan became a well-acclaimed performer who has trained many students. Strict adherence to sampradaya, use of *manodharma* - which is uncompromising in the essence of the raga, use of sarvalaghu swaras, and rendition of kritis with sangatis as perfected by the masters are his hallmarks. Shri Natesan has performed all over the country in major festivals, sabhas, temples, radio and television. His repertoire of the composition of Maharaja Swathi Thirunal is vast and his efforts to propagate the Maharaja's compositions are noteworthy. He has been accompanied in his performances by many of the stalwarts such as Chalakkudi Narayana Swami, Thirupparkkadal Veeraraghavan, T.K.V. Ramanujacharyulu, C.R. Mani Iyer, B. Sasikumar, Guruvayoor Dorai, and Palakkad T.R. Rajamani. He has performed in the National Programmes of All India Radio and Doordarshan and at sangeet sammelans.

For his contribution in the field of Carnatic music, Shri Mangad K. Natesan has been honoured with the Kerala Sangeetha Nataka Academy Award (1989); Kerala Sangeetha Nataka Academy Fellowship - Kalaratna (2014); Sangeetha Kala Acharya - Music Academy, Chennai (2014); and Swathi Puraskaram by the Government of Kerala (2015).

Shri Mangad K. Natesan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Carnatic vocal music.

रमणि रंगन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कर्नाटक वाद्य संगीत (वीणा)

तमिलनाडु के तंजावुर में 10 सितंबर 1940 को जन्मी, श्रीमती रमणि रंगन ने मद्रास विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की है। आपने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था और आपको स्वर्ण पदक भी मिला था। आप आकाशवाणी की 'उच्च ए' श्रेणी की वीणा वादक रही हैं। आप रमणी वेंकटरमन, रंगनायकी राजगोपालन और आर. वेदवल्ली के कुशल मार्गदर्शन में वीणा वादन और गायन, दोनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप कराईकुडी संबाशिव अय्यर परंपरा और मुदिकोंडन सी. वेंकटरमन अय्यर परंपरा का पालन करती हैं।

आप आकाशवाणी मद्रास की स्टाफ कलाकार हैं। आप टीचर्स कॉलेज ऑफ म्यूजिक और द म्यूजिक एकेडमी, चेन्नई में गायन संगीत की व्याख्याता थीं। वार्षिक मार्गाजी (संगीत सत्र) को कवर करने वाले स्थानीय समाचार पत्रों और पत्रिकाओं से जुड़कर आपने संगीत पत्रकारिता भी की है। आपने आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए संगीत के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने कई वर्षों तक वीणा वादक के रूप में डॉ. वी. राघवन के संस्कृत रंग नाटकों में भागीदारी की है। आपने 'संगीत की शिक्षा', 'भारत के वाद्य', 'संगीत कार्यक्रम में संगतकार की भूमिका' और 'संगीत सीखने के लिए पुरानी गुरुकुल प्रणाली और वर्तमान स्कूल' जैसे विषयों पर बहुत से ज्ञानवर्द्धक कार्यक्रम तैयार किए हैं। आपने ऐसे कई कार्यक्रमों का संचालन किया है जिसमें वरिष्ठ कलाकारों द्वारा संगीत सीखने और इसके प्रचार–प्रसार से जुड़ी बारीकियों पर विचार–विमर्श किया जाता था। इन कार्यक्रमों का आकाशवाणी द्वारा अक्सर पुनः प्रसारण किया जाता है।

कर्नाटक वाद्य संगीत (वीणा) में योगदान के लिए श्रीमती रमणि रंगन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

RAMANI RANGAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Instrumental Music (Veena)

Born on 10 September 1940 in Thanjavur in Tamil Nadu, Shrimati Ramani Rangan is a gold medallist, and also a first rank holder in MA, Music from Madras University. She has been a 'Top' Grade Veena exponent with the All India Radio. She has trained under the able guidance of Ramani Venkataraman both in Veena and vocal, Ranganayaki Rajagopalan in Veena, and R. Vedavalli for vocal music. She has been following the Karaikudi Sambasiva Iyer Parampara and the Mudicondan C. Venkataraman Iyer Parampara.

Her professional engagements have included being a staff artist with the All India Radio, Madras. She was a Lecturer of Vocal Music at Teachers' College of Music and The Music Academy, Chennai. She has also been a music journalist with local newspapers and magazines covering the annual Marghazi (Music season). She has performed in the National Programme of Music in All India Radio and also for Doordarshan. She has participated in Dr V. Raghavan's Sanskrita Ranga dramas by playing Veena for several years. She has produced various knowledge imparting programmes on the 'Teaching of Music', 'Instruments of India', 'The role of the accompanist in a concert' and the 'the old gurukula systems and the present day schools for learning music'. The programmes had participation from varied senior artists to disentangle the nuances of learning and dissemination and were moderated by her. These programmes are often rebroadcast by All India Radio.

Shrimati Ramani Rangan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Carnatic instrumental music.



कोलंका लक्ष्मण राव

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कर्नाटक वाद्य संगीत (मृदंगम)

आंध्र प्रदेश के पीठपुरम में 12 दिसंबर 1945 को जन्मे, श्री कोलंका लक्ष्मण राव प्रतिष्ठित मृदंगम वादक हैं। आपका संबंध कोलंका संप्रदाय से है। आपने 10 वर्षों (1957–1967) तक सुप्रसिद्ध मृदंगम वादक कोलंका वेंकट राव से प्रशिक्षण प्राप्त किया है, साथ ही आपने महाराजा गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड डांस (विजयनगरम) और श्री त्यागराज गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड डांस (हैदराबाद) से भी शिक्षा अर्जित की है। यहीं 37 वर्षों तक आपने व्याख्याता के रूप में काम भी किया है।

आपने लय ट्रस्ट द्वारा निर्मित फिल्म एंदारो मृदंगनुब्बुलु में भी काम किया है।

कर्नाटक वाद्य संगीत (मृदंगम) में योगदान के लिए श्री कोलंका लक्ष्मण राव को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

KOLANKA LAXMAN RAO

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Instrumental Music (Mridangam)

Born on 12 December 1945, Shri Kolanka Laxman Rao is a Mridangam artist, belonging to Kolanka Sampradayam, and is from Pithapuram in Andhra Pradesh. Shri Laxman Rao has trained under the well-known Mridangam artist Kolanka Venkata Rao for 10 years (1957-1967), and also from Maharaja Government College of Music and Dance (Vijayanagaram) and Sri Tyagaraja Government College of Music and Dance (Hyderabad), where he also worked as Lecturer for 37 years.

Shri Laxman Rao has also been involved in the film *Endaro Mrudanganubhavulu*, made by Laya Trust.

Shri Kolanka Laxman Rao receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Carnatic instrumental music.

सुब्बरायण चिन्नतम्बी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
कर्नाटक वाद्य संगीत (नागस्वरम)

तमिलनाडु के अचलपुरम में 14 अप्रैल 1930 को जन्मे, श्री सुब्बरायण चिन्नतम्बी ने नागस्वरम वादन का प्रारंभिक प्रशिक्षण श्री सुब्रमण्या पिल्लई और श्री नटराजसुंदरम पिल्लई जैसे गुरुओं से प्राप्त किया। बाद में, आपने श्री एस.पी.एम. तिरुनावुक्करसु पिल्लई और श्री चिदम्बरम राधाकृष्ण पिल्लई के सानिध्य में अपनी कला को निखारा।

श्री सुब्बरायण चिन्नतम्बी सन् 1957 से नागस्वरम की प्रस्तुति देते आ रहे हैं। आपने चिदम्बरम, तिरुवन्नमलाई, तिरुचेंदुर, शंकरंको के पवित्र मंदिरों में आयोजित होने वाले उत्सवों के साथ–साथ केरल के मंदिरों और नागपुर, नई दिल्ली और श्रीलंका की सभाओं में भी अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आप आकाशवाणी तिरुचि के नियमित कलाकार और कांची पीठम के आस्थाना विद्वान हैं। आप चिदम्बरम स्थित श्री नटराज मंदिर में नागस्वरम बजाने की पारंपरिक पद्धति और वैष्णव परंपराओं से संबद्ध हैं।

नागस्वरम के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों और उपाधियों से सम्मानित किया गया है, जिसमें तमिलनाडु इयल इसई नाटक मंद्रम द्वारा दिया गया कलई मामणि पुरस्कार भी शामिल है।

कर्नाटक वाद्य संगीत (नागस्वरम) में योगदान के लिए श्री सुब्बरायण चिन्नतम्बी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SUPPARAYAN CHINNATHAMBI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Carnatic Instrumental Music
(Nagaswaram)

Born on 14 April 1930 in Achalpuram, Tamil Nadu, Shri Supparayan Chinnathambi received his early training in Nagaswaram from Shri Subramania Pillai and Shri Natarajasundaram Pillai. Later he was trained by Shri S.P.M. Thirunavukkarasu Pillai and Shri Chidambaram Radhakrishna Pillai.

Shri Supparayan Chinnathambi has been rendering Nagaswaram recitals from the year 1957, mainly in the temple festivals at the holy temples in Chidambaram, Thiruvannamalai, Thiruchendhur, Sankarankovil and also in the temples in Kerala and the sabhas at Nagpur, New Delhi, and Sri Lanka. Shri Suppurayan Chinnathambi is a regular artist of All India Radio, Tiruchi, and, the Asthana Vidhwan of Kanchi Peetam. He is associated with the traditional methodlogy of playing Nagaswaram in Shri Nataraj temple in Chidambaram, and in Vaishnavite traditions.

For his contribution in the field of Nagaswaram, he has been honoured with many prestigious titles and awards. These include the Kalaimamani by Tamil Nadu Iyal Isai Nataka Mandram (2019).

Shri Supparayan Chinnathambi receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Carnatic instrumental music.

महाभाष्यम चित्तरंजन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (सुगम संगीत)

MAHABHASHYAM CHITTARANJAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Other Major Traditions of Music (Sugam Sangeet)

आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में 11 दिसंबर 1939 को जन्मे, श्री महाभाष्यम चित्तरंजन का संबंध एक संगीतकार घराने से है। आप तेलुगु के लोकप्रिय सुगम संगीत गायक, संगीतकार और गीतकार हैं। आपने एम. पेरिन देवी, पी. सुब्बा राव और मंगलमपल्ली बालमुरली कृष्णा जैसे गुरुओं से कर्नाटक संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया। तदोपरांत, आपने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, पश्चिमी संगीत और सुगम संगीत का अध्ययन भी किया है।

जन्मजात प्रतिभा के धनी, श्री महाभाष्यम चित्तरंजन ने सन् 1954 में महज 8 साल की उम्र में हैदराबाद के डेक्कन रेडियो के लिए गाना शुरू कर दिया था। सन् 1972 में आप आकाशवाणी के 'ए' श्रेणी के गायक बने। आपने कई मशहूर गीतकारों और संगीतकारों के लिए गीत गाए हैं। सन् 1998 में, आपको प्रसार भारती द्वारा 'टॉप ग्रेड लाइट म्यूजिक कंपोजर' के रूप में मान्यता दी गई थी। कर्नाटक, हिंदुस्तानी और पश्चिमी संगीत में निष्णात होने के कारण आप तेलुगु, संस्कृत, तमिल, कन्नड़, मराठी और उर्दू भाषाओं में भी सहज ही संगीत रचना करने में सक्षम हैं। आपके गायन में विविधता है। इस सूची में सुगम संगीत, लोक संगीत, रवीन्द्र संगीत, भक्ति संगीत, गजल, यक्षगान, नृत्य और संगीत बैले भी शामिल हैं। आपने कर्नाटक और हिंदुस्तानी संगीत के 174 रागों में भगवद् गीता को संगीतबद्ध किया है। महाभाष्यम चित्तरंजन ने अब तक 15,000 से अधिक गीतों की रचना की है और 8000 से अधिक गीत गाए हैं।

श्री महाभाष्यम चित्तरंजन को वर्ष 2008 में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा कलारत्न और श्रीलंका के ओपन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबो से डॉक्टरेट की मानद उपाधि सहित कई पुरस्कार और उपाधियाँ प्राप्त हुई हैं।

सुगम संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री महाभाष्यम चित्तरंजन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाना था किंतु 21 जुलाई 2023 को उनका देहांत हो गया, अतः यह पुरस्कार उनको मरणोपरांत दिया जा रहा है।

Born on 11 December 1939 in Machilipatnam, Andhra Pradesh, Shri Mahabhashyam Chittaranjan hails from a musical family and is a popular Telugu light music singer, music composer and lyricist. Trained in Carnatic music under M. Perin Devi, P. Subba Rao, and Mangalampalli Balamurali Krishna, he has also studied Hindustani classical music, western music, and Sugam Sangeet.

A child prodigy, Shri Mahabhashyam Chittaranjan started to sing for Deccan Radio of Hyderabad at the age of 8 years in 1954. In 1972, he joined the All India Radio as an 'A' Grade singer. He has sung for many noted lyricists and composers. In 1998, he was accredited as 'Top Grade light music composer' by Prasar Bharati. His knowledge of Carnatic, Hindustani and Western music, allowed him to compose in, besides Telugu, Sanskrit, Tamil, Kannada, Marathi and Urdu languages. His repertoire includes light music, folk music, Rabindra Sangeet, devotional music, ghazal, Yakshagana, dance and musical ballets, and he has even composed *Bhagavad Gita* in 174 ragas in both Carnatic and Hindustani music. To date, Mahabhashyam Chittaranjan has composed over 15,000 songs and sung over 8000 songs.

Shri Mahabhashyam Chittaranjan is the recipient of several awards and titles including the Kalarathna by the Andhra Pradesh State Government in 2008, and an honorary doctorate from the Open International University of Colombo, Sri Lanka.

Shri Mahabhashyam Chittaranjan was to receive the Sangeet Natak Akademi Amrit Award in person for his contribution to Sugam Sangeet. To our deep regret, he passed away on 21 July 2023. The Award is bestowed on him posthumously.

युमनाम जात्रा सिंह

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (नट संकीर्तन)

मणिपुर के तेंदोंग्यान अवांग लैकाई में 12 सितंबर 1923 को जन्मे, श्री युमनाम जात्रा सिंह नट संकीर्तन विशेषज्ञ हैं। आपने जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी (जेएनएमडीए) से नट ईशेई में पोस्ट डिप्लोमा और चोलोम में डिप्लोमा किया है।

आप जेएनएमडीए में विजिटिंग गुरु और श्री गोबिंदजी पाला नाहा के ईशेई हन्बा रहे हैं। आपने विभिन्न गोष्ठियों और कार्यशालाओं में भाग लिया है।

आपको महाराजा बुधचंद्र की पत्नी द्वारा शाही वस्त्र; और मणिपुर राज्य कला अकादमी द्वारा मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार (2013) से सम्मानित किया गया है।

मणिपुरी नट संकीर्तन में योगदान के लिए श्री युमनाम जात्रा सिंह को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

YUMNAM JATRA SINGH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Other Major Traditions of Music (Nata Sankirtana)

Born on 12 September 1923 in Tendongyan Awang Leikai in Manipur, Shri Yumnam Jatra Singh is a Nata Sankirtana specialist who received his Post Diploma in Nat Eshei from Jawaharlal Nehru Manipur Dance Academy (JNMDA) and received his diploma in Cholom from JNMDA.

He has been visiting guru of the JNMDA and has been an Eshei Hanba of Shree Gobindaji Pala Naha. He has participated in various seminars and workshops.

He has received several honours and recognition like the Royal Robe from the wife of Maharaja Budhachandra; and the Manipur State Kala Akademi award conferred by Manipur State Kala Akademi, Government of Manipur (2013).

Shri Yumnam Jatra Singh receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Nata Sankirtana of Manipur.

पंडितराध्युला सत्यनारायण

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
संगीत की अन्य प्रमुख परंपराएँ (हरिकथा)

आंध्र प्रदेश के मुम्मीदीवरम में 8 मई 1938 को जन्मे, श्री पंडितराध्युला सत्यनारायण ने शेख नजर के मार्गदर्शन में बुर्रकथा और आर. के. अर्जुनदासु के सानिध्य में हरिकथा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने अब तक सैकड़ों छात्रों को इन कला विधाओं में प्रशिक्षित किया है। आप अपने छात्रों से कोई फीस नहीं लेते।

कथाकार के रूप में, आपने देश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सैकड़ों कार्यक्रमों में हरिकथा और बुर्रकथा की प्रस्तुतियाँ दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित कई लोगों और संगठनों द्वारा आपको सम्मानित किया गया है।

हरिकथा के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री पंडितराध्युला सत्यनारायण को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

PANDITHARADHYULA SATYANARAYANA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Other Major Traditions of Music
(Harikatha)

Shri Panditharadhyula Satyanarayana was born on 8 May 1938, and hails from Mummidivaram, Andhra Pradesh. Shri Satyanarayana trained in Burrakatha under Sheik Nazar and Harikatha under RK Arjunadasu, and till date has passed on his learning to hundreds of students, many of them for free.

A *kathakar*, Shri Satyanarayana has performed Harikatha and Burrakatha at thousands of programmes across India and has been felicitated by many individuals and organizations including ex-chief ministers and other eminent persons.

Shri Panditharadhyula Satyanarayana receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the art of Harikatha.

ललिता श्रीनिवासन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
भरतनाट्यम

LALITHA SRINIVASAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Bharatanatyam

कर्नाटक के शिवसमुद्र में 24 अगस्त 1943 को जन्मी, श्रीमती ललिता श्रीनिवासन ने एचआर केशवमूर्ति के अधीन भरतनाट्यम का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया; बाद में आपने के. वेंकटलक्ष्मा और जेजम्मा के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखारा। इसके अतिरिक्त, आपने संगीत, वीणा, पेंटिंग और इंटीरियर डिजाइनिंग भी सीखी है। आपकी शैक्षणिक योग्यता इतिहास में स्नातकोत्तर और डी. लिट. है।

श्रीमती ललिता श्रीनिवासन को अभिनय में महारत है। आपने मैसूर स्कूल की कई दुर्लभ और प्रामाणिक रचनाओं को संचित किया है और उन्हें अपने छात्रों तक पहुँचाया है जो कभी मैसूर के दरबार में प्रस्तुत की गई थीं। आपने देश के विभिन्न हिस्सों में और विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों और अवसरों पर बहुत से व्याख्यान–प्रदर्शन दिए हैं। आप एक उत्कृष्ट कोटि की कोरियोग्राफर हैं और चित्रांगदा, श्री कृष्ण पारिजात, लास्योत्सव, प्रेम भक्ति मुक्ति, कौशिका सुकृतम, गौदारा मल्ली, देव कन्निका, निशा विभ्रम जैसी बहुत सी नृत्य–नाटिकाओं की कोरियोग्राफी की है जिनकी देश–विदेश में प्रस्तुतियाँ होती रही हैं। अंग भाव, काव्य नृत्य और सुललित नृत्य जैसे उनके अभिनव कार्यों के लिए उनकी विशेष रूप से सराहना की जाती है, जो कि 15वीं शताब्दी के नृत्य रूप–सुलाडी और निशा विभ्रम का पुनरुद्धार है। आपकी संस्था, नुपुर स्कूल ऑफ भरतनाट्यम, जिसकी स्थापना 1978 में हुई थी, भरतनाट्यम की मैसूर शैली की ध्वजवाहक रही है।

श्रीमती ललिता श्रीनिवासन को राष्ट्रीय स्तर पर शिरोमणि और प्रियदर्शनी पुरस्कार; तथा संगीत नृत्य अकादमी द्वारा कर्नाटक कलातिलक; कर्नाटक कन्नड़ राज्योत्सव पुरस्कार; और कर्नाटक सरकार द्वारा शांतला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

भरतनाट्यम में योगदान के लिए श्रीमती ललिता श्रीनिवासन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 24 August 1943 in Shivasamudra, Karnataka, Shrimati Lalitha Srinivasan took her initial training in Bharatanatyam under HR Keshavamurthy; later she received her advanced training under K. Venkatalakshamma and Jejamma. In addition, she has also learned Music, Veena, painting, and interior designing. She has MA and DLitt in History as her academic credentials.

Shrimati Lalitha Srinivasan is known for her mastery over abhinaya and has received and passed on to her students several rare and authentic compositions of the Mysore school that were performed in the erstwhile court of Mysore. Shrimati Lalitha has performed all over the country and has also given innumerable lecture-demonstrations at prestigious platforms and occasions. She is a choreographer par excellence and has to her credit numerous dance ballets like Chitrangadha, Sri Krishna Parijatha, Lasyotsava, Prem Bhakti Mukti, Koushika Sukritam, Gowdara Malli, Deva Kannika, Nisha Vibhrama, etc., which have been performed all over India and abroad. She is especially lauded for her innovative works like Anga Bhava, Kavya Nritya and Sulalitha Nritya which is a revival of a 15th-century dance form - the Suladi, and Nisha Vibhrama. Her organization, Nupura School of Bharatanatyam, founded in 1978, has been a flag bearer of the Mysore style of Bharatanatyam.

Shrimati Lalitha Srinivasan has received the Shiromani, and Priyadarshini awards at the national level; Karnataka Kalatilaka by the Sangeetha Nritya Academy, Karnataka; Kannada Rajyothsava award; and the Shantala Award from the Government of Karnataka.

Shrimati Lalitha Srinivasan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Bharatanatyam.

विलासिनी देवी कृष्णपिल्लै

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
भरतनाट्यम

केरल के तिरुवनंतपुरम में 25 अगस्त 1939 को जन्मी, श्रीमती विलासिनी देवी कृष्णपिल्लै ने टैगोर अकादमी के पझानिस्वामी, जगदामल, भरतम सुब्रमण्यम अय्यर, रुक्मिणी देवी, शारदा हॉफमैन, कमला रानी और एन. एस. जयलक्ष्मी जैसे गुरुओं के संरक्षण में भरतनाट्यम की कलाक्षेत्र बानी में प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने नृत्य कौशल को निखारने के लिए भरतनाट्यम की विविध संबद्ध कलाओं का प्रशिक्षण भी आपने लिया है। राजकीय महिला महाविद्यालय में विजयराघवन और लक्ष्मी नायर से कर्नाटक संगीत, कलाक्षेत्र में एम. डी. रामनाथन और थुरवुर राजगोपाल शर्मा से कर्नाटक संगीत और तीन वर्षों तक कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा से मोहिनीआट्टम भी आपने सीखा।

श्रीमती विलासिनी ने दूरदर्शन तिरुवनंतपुरम के लिए मिनी बैले की कोरियोग्राफी की है। 1960 से 1962 तक अपने सह–कलाकारों धनंजयन, जनार्दन, बालगोपाल, कृष्णवेनी और सविट्री कृष्णमूर्ति के साथ कलाक्षेत्र के कार्यक्रमों में भी अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपके जीवन और कार्यों पर दूरदर्शन, एशियानेट, सूर्या और वनिता (मनोरमा) द्वारा साक्षात्कार आयोजित किए गए हैं।

आपको केरल संगीत नाटक अकादमी द्वारा नृत्य के लिए पुरस्कार (1995) से सम्मानित किया गया है।

भरतनाट्यम में योगदान के लिए श्रीमती विलासिनी देवी कृष्णपिल्लै को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

VILASINI DEVI KRISHNAPILLAI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Bharatanatyam

Born on 25 August 1939 in Thiruvananthapuram in Kerala, Shrimati Vilasini Devi Krishnapillai received training in the Kalakshetra Bani of Bharatanatyam under the tutelage of Pazhaniswamy of Tagore Academy, Jagadamal, Bharatham Subramania Iyer, Rukmini Devi, Sarada Hoffman, Kamala Rani and N.S. Jayalakshmy. She has also trained in other aspects of Bharatanatyam. She trained in Carnatic music under Vijayaraghavan and Lakshmy Nair at Government Women's College. She also received training in Carnatic music at Kalakshetra under the stalwarts M.D. Ramanathan, and Thuravur Rajagopal Sharma. She also learnt Mohiniattam under Kalamandalam Kalyanikutty Amma for three years.

Shrimati Vilasini has choreographed mini ballets for Thiruvananthapuram Doordarshan. She has also performed in Kalakshetra programmes from 1960 to 1962 with co-artists Dhananjayans, Janardhanan, Balagopal, Krishnaveni and Savithry Krishnamoorthy. Interviews have been conducted by Doordarshan, Asianet, Soorya and Vanitha (Manorama) on the life and works of Vilasini Devi.

She has been conferred with the award for dance by the Kerala Sangeetha Nataka Akademi (1995).

Shrimati Vilasini Devi Krishnapillai receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Bharatanatyam.

थंकमणि कुट्टी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: भरतनाट्यम

केरल के मंजेरी में 4 सितंबर 1940 को जन्मी, श्रीमती थंकमणि कुट्टी ने राजरत्नम पिल्लई के संरक्षण में भरतनाट्यम (तंजावुर घराना) का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने अरुणाचलम पिल्लई से भी भरतनाट्यम सीखा है और चिन्नम्मू अम्मा से मोहिनीआट्टम का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप केरल कलामंडलम से जुड़ी रही हैं। आपने अन्य संबद्ध कलाओं और मृदंगम वादन का प्रशिक्षण भी लिया है।

श्रीमती कुट्टी राज्य संगीत अकादमी (पश्चिम बंगाल राज्य अकादमी); भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय; प्रसार भारती, भारत सरकार; और रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल की विशेषज्ञ सदस्य रही हैं। आपने मृत्तिका आर्ट्स, इंग्लैंड के सहयोग से शेफील्ड, हडर्सफील्ड, लीसेस्टर, बर्मिंघम, कोवेंट्री और लंदन में भरतनाट्यम के छह केन्द्र खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। आपने कोलकाता के गोल्फ गार्डन में कलामंडलम परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड रिसर्च सेंटर की भी स्थापना की है। आपने भरतनाट्यम पर एक किताब भाव, राग, ताल लिखी है जो छात्रों में बहुत लोकप्रिय है। आपके जीवन और कार्य को दूरदर्शन केंद्र, कोलकाता जैसे विभिन्न संस्थानों द्वारा वृत्तचित्रों के रूप में प्रलेखित किया गया है।

भरतनाट्यम में योगदान के लिए आपको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2006), पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बंगविभूषण पुरस्कार, केरल सरकार की ओर से नृत्य के लिए प्रवासी पुरस्कार, पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से उदय शंकर पुरस्कार, और संयुक्त राष्ट्र के गणमान्य व्यक्तियों का ग्लोबल ऑर्डर प्रमुख हैं।

भरतनाट्यम में योगदान के लिए श्रीमती थंकमणि कुट्टी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

THANKAMANI KUTTY

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Bharatanatyam

Born on 4 September 1940 in Manjeri, Kerala, Shrimati Thankamani Kutty has been trained in the Thanjavur Gharana of Bharatanatyam under the tutelage of Rajaratnam Pillai, and Arunachalam Pillai, and Chinnammu Amma for Mohiniattam. She has been associated with the Kerala Kalamandalam in Kerala. She has also received training in other allied forms and Mridangam.

Shrimati Kutty was expert member of the Rajya Sangeet Academy (West Bengal State Academy); expert member of the Ministry of Culture, and Ministry of Human Resource Development, Government of India; expert member of Prasar Bharti, Government of India; and has been an expert member of Rabindra Bharati University, West Bengal. She was instrumental in opening six centres of Bharatanatyam in collaboration with Mrittika Arts, UK, namely in Sheffield, Huddersfield, Leicester, Birmingham, Coventry and London. She has also founded the Kalamandalam Performing Arts and Research Centre at Golf Gardens, Kolkata. She has authored *Bhava, Raga, Tala*, a book on Bharatanatyam popular amongst students. Her life and work has been documented in several documentaries produced by various organisations such as Doordarshan Kendra, Kolkata.

She has been bestowed with several honours for her contribution to Bharatanatyam such as the Kerala Sangeeta Nataka Academy Award (2006), Bangabibhushan Award from the Government of West Bengal, the Pravasi Award for Dance by the Government of Kerala, Uday Shankar Puraskar from the Government of West Bengal, and the Global Order of Dignitaries from the United Nations.

Shrimati Thankamani Kutty receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Bharatanatyam.

पद्मा शर्मा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कथक

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 सितंबर 1938 को जन्मी, श्रीमती पद्मा शर्मा ने लच्छू महाराज, मोहन राव कल्लनपुरकर, शंभू महाराज, बिरजू महाराज और सुंदर प्रसाद जैसे गुरुओं के मार्गदर्शन में लखनऊ और जयपुर दोनों घरानों के कथक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने सन् 1959 में भातखंडे संगीत महाविद्यालय से कथक में नृत्य निपुण की उपाधि अर्जित की थी। आपने एस. एन. रतनजनकर के मार्गदर्शन में भातखंडे संगीत महाविद्यालय से गायन मध्यमा भी किया है। आप लखनऊ विश्वविद्यालय से कला स्नातक हैं।

मुंबई स्थित ललित कला एजुकेशन ट्रस्ट में आपने नृत्य गुरु और कोरियोग्राफर के रूप में काम किया है। आपने मुंबई के वल्लभ संगीत विद्यालय के नृत्य विभाग के प्रमुख के रूप में भी काम किया है और अमारा नृत्य कला हंस प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और संरक्षक भी आप हैं। आप सुर सिंगार संसद शासी निकाय की सदस्य, इंदिरा कथक केंद्र के निदेशक, और इंग्लैंड की इंपीरियल सोसाइटी ऑफ टीचर्स ऑफ डांसिंग के कथक पाठ्यक्रम की सलाहकार सदस्य रही हैं। आप कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के नृत्य अध्ययन बोर्ड की सदस्य भी हैं। आपने कथक वर्णमाला जैसी कई किताबें भी लिखी हैं। आप तीसरी कसम, पाकीजा जैसी फिल्मों में लच्छू महाराज की साहयक रहीं और श्याम बेनेगल निर्देशित भारत एक खोज श्रृंखला के लिए भी कोरियोग्राफी की है।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती पद्मा शर्मा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

PADMA SHARMA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Kathak

Born on 24 September 1938 in Lucknow (U.P.), Shrimati Padma Sharma trained in Kathak in both the Lucknow and Jaipur gharanas under the tutelage of Lacchu Maharaj, Mohan Rao Kallanpurkar, Shambhu Maharaj, Birju Maharaj and Sundar Prasad. She obtained her Nritya Nipun in Kathak from the Bhatkhande Sangeet Mahavidyalalya in 1959. She also did a Vocal Madhyama from Bhatkhande Sangeet Mahavidyalaya under the guidance of S.N. Ratanjankar. She has a Bachelor of Arts degree from Lucknow University.

Shrimati Sharma had been appointed as a teacher and choreographer at the Lalit Kala Education Trust in Mumbai. She has also served as the head of the Department of Dance in the Vallabh Sangeet Vidyalaya in Mumbai and is also the founder and mentor of the Amara Nritya Kala Hansa Pvt. Ltd. She has served as a member of the governing body of the Sur Singar Samsad. She has served as the Director of the Indira Kathak Kendra; and has been an advisory member for the Kathak syllabus of the Imperial Society of Teachers of Dancing, UK. She is also the member of the Board of Studies of Dance for the Kavi Kulaguru Kalidas Sanskrit University. She has authored several books such as *Kathak Varnmala*. She has also assisted Lacchu Maharaj in films like *Teesri Kasam*, *Pakeeza*, and also did choreography for the *Bharat Ek Khoj* series directed by Shyam Benegal.

Shrimati Padma Sharma receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Kathak dance.

पूर्णिमा पाण्डे

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: कथक

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में 23 जुलाई 1946 को जन्मी, श्रीमती पूर्णिमा पाण्डे ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से कथक में पीएचडी की है; भातखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ से कथक में नृत्य निपुण हैं; भातखंडे संगीत विद्यापीठ से गायन संगीत में संगीत विशारद, और इलाहाबाद स्थित प्रयाग संगीत समिति से तबला में संगीत प्रभाकर हैं। आपने लखनऊ विश्वविद्यालय से कला में स्नातक और उसी विश्वविद्यालय से बीएड भी किया है। आपने एम.एस. कल्याणपुरकर, जे. विक्रमसिंघे, लच्छू महाराज, और बिरजू महाराज जैसे गुरुओं की देखरेख में कथक के जयपुर और लखनऊ घराने में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आपने युगद्रष्टा–कथकाचार्य और ऑन पंडित मोहन राव कल्याणपुरकर जैसी पुस्तकों की रचना की है। आपने 'ए कम्पैरेटिव स्टडी–फ्लेमेंको ऑफ स्पेन एंड कथक ऑफ इंडिया' विषय पर पीएचडी की है। दूरदर्शन केंद्र, लखनऊ ने अपने आर्काईव के लिए आपके जीवन और कार्य पर केन्द्रित व्यापक प्रलेखन किया है। आप उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष; उत्तराखंड के संस्कृति विभाग की सलाहकार; इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति; और भातखंडे संगीत संस्थान की कुलपति रही हैं। आपने कई नृत्य–नाटकों का निर्देशन और निर्माण किया है और साथ ही संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए एक सोसाइटी 'अभिव्यक्ति – द एक्सप्रेशन' की स्थापना भी की है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार; और अमेरिकन बायोग्राफिकल इंस्टीट्यूट, अमेरिका द्वारा समाज में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यूनिवर्सल अवॉर्ड जैसे कई पुरस्कारों से आपको सम्मानित किया गया है।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती पूर्णिमा पाण्डे को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

PURNIMA PANDE

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kathak

Born on 23 July 1946 in Almora in Uttarakhand, Shrimati Purnima Pande has a PhD in Kathak from Indira Kala Sangit Vishwavidyalaya, Khairagarh; Nritya Nipun in Kathak from Bhatkhande Sangit Vidyapeeth, Lucknow; Sangit Visharad in vocal music from Bhatkhande Sangit Vidyapeeth; and Sangit Prabhakar in tabla from the Prayag Sangit Samiti in Allahabad. She also has a Bachelors in Arts from the University of Lucknow and BEd from the same university. She has trained in Jaipur and Lucknow gharana of Kathak under the mentorship of Gurus like M.S. Kallianpurkar, J. Vikramsinghe, Lachoo Maharaj, and Birju Maharaj.

Shrimati Pande has published books such as the *Yugadrashta - Kathakacharya* and *Pandit Mohan Rao Kallianpurkar*. For her PhD she submitted a thesis on 'A Comparative Study - Flamenco of Spain and Kathak of India'. Doordarshan Kendra, Lucknow has carried out an extensive feature and documented her life and work as a Kathak artist for their archive section. She has served as Chairman, U.P. Sangeet Natak Academy; Advisor, Department of Culture, Uttarakhand; Vice Chancellor, Indira Kala Sangeet Vishwavidyalaya, Khairagarh; Vice Chancellor of Bhatkhande Music Institute. Having directed and produced several dance-dramas she founded 'Abhivyakti- the Expression', a society for promotion and propagation of culture.

Shrimati Pande has been bestowed with the State Sangeet Natak Academy Award from the Government of Uttar Pradesh; and the Universal Award for Significant Contribution to Society by the American Biographical Institute, U.S.A.

Shrimati Purnima Pande receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Kathak dance.

सुष्मिता मिश्रा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: कथक

SUSMITA MISRA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kathak

बांग्लादेश के जेसोर में 1 जनवरी 1936 को जन्मी, श्रीमती सुष्मिता मिश्रा ने प्रह्लाद दास, राजेन बोस, मणिशंकर, ब्रजबासी सिंह और आर. एस. आनंदम जैसे प्रतिष्ठित गुरुओं से कथक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में, आपने जयलाल जी के संरक्षण में जयपुर घराने के कथक में विशेषज्ञता अर्जित की।

श्रीमती सुष्मिता मिश्रा ने 'तांडव' और 'लास्य' के अनूठे मिश्रण के साथ कथक नृत्य में प्रवीणता और सौंदर्य को मिलाकर एक अनूठी शैली निर्मित की है। आपकी कुछ महान रचनाएँ हैं, 'दिवाचंदा', 'कथक मोजैक', 'तत्कार', 'कथक परिक्रमा', 'वीरपुरुष', आदि। आप तानसेन संगीत महाविद्यालय, मलय गीतबिथि, बानी संगीतालय, बानी बिद्याबिथि, और गौरमल्लार जैसे विभिन्न संस्थानों में कथक प्रशिक्षक रही हैं। वर्तमान में, आप जयलाल संगीत अकादमी में कथक प्रशिक्षक हैं और लंदन में नियमित रूप से कथक कार्यशालाओं का आयोजन करती हैं। आप रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, दिल्ली कथक केंद्र और पश्चिम बंगाल राज्य संगीत अकादमी की परीक्षक भी रही हैं।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती सुष्मिता मिश्रा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1936 in Jessore, Bangladesh, Shrimati Susmita Misra received training in Kathak dance from various eminent teachers like Prahlad Das, Rajen Bose, Manishankar, Brajabasi Singh and R.S. Anandam. Later, she underwent vigorous training in Jaipur gharana under the tutelage of Jailal.

Shrimati Susmita Misra has created a unique style combining perfection and beauty in Kathak dance with a unique mixture of 'Tandav' and 'Lasya'. Some of her great compositions are, 'Divachanda', 'Kathak Mozaic', 'Tatkar', 'Kathak Parikrama', 'Veerpurush', etc. She has been a Kathak instructor in various institutes like the Tansen Music College, Malay Geetabithi, Bani Sangeetalaya, Bani Bidyabithi, and Gourmallar. Presently, she is a Kathak instructor at Jailal Academy of Music and also takes regular Kathak workshops in London. She has also been an examiner of Rabindra Bharati University, Delhi Kathak Kendra, and West Bengal Rajya Sangeet Academy.

Shrimati Susmita Misra receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Kathak dance.

चरण गिरधर चाँद

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कथक

CHARAN GIRDHAR CHAND

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Kathak

राजस्थान के जयपुर में 19 सितंबर 1947 को जन्मे, श्री चरण गिरधर चाँद ने अपने पिता नारायण प्रसाद से कथक नृत्य का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपके पिता जयपुर घराने से थे। बाद में आपने चिरंजी लाल और मोहन लाल से कथक का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने हारमोनियम, तबला, पखावज, नाल और अन्य वाद्यों का वादन और गायन भी सीखा है। आपने कथक में विशिष्ट योग्यता के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की थी और स्वर्ण पदक जीता था।

श्री गिरधर चाँद ने कई छात्रों को कथक में प्रशिक्षित किया है। आपने घुंघरू, रंगों भरी शाम की होली, आम्रपाली और भारत दर्शन सहित कई नृत्य–नाटकों की कोरियोग्राफी की है। आपने मॉरीशस नेशनल टीवी के लिए "लेट्स लर्न कथक" के 13 एपिसोड का निर्माण किया था और प्रस्तुतिकरण भी किया था। आपने कथक नृत्य के प्रचार–प्रसार के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बड़े पैमाने पर कार्यशालाओं और व्याख्यान–प्रदर्शनों का संचालन किया है। आप आईसीसी (गुयाना), आईजीसीआईसी (मॉरिशस), राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, कथक केंद्र (जयपुर) आदि से जुड़े रहे हैं।

आपको कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें सुर सिंगार द्वारा सिंगार मणि पुरस्कार (1970); राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा अकादमी पुरस्कार (1992); हार्मनी एंड हार्ट्स, सिंगापुर द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2017); बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार (2022); और नाट्यम मालिका, सिंगापुर (2022) द्वारा नाट्यम मालिका भारत कला आचार्य रत्नम प्रमुख हैं।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्री चरण गिरधर चाँद को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Charan Girdhar Chand was born on 19 September 1947 in Jaipur, Rajasthan, and received his initial training in Kathak under his father Narayan Prasad of Jaipur Gharana. Later he received his advanced training under Chiranji Lal and Mohan Lal. He also learnt to play the Harmonium, Tabla, Pakhawaj, Naal and other musical instruments, and also to sing. He obtained his Masters degree (Gold medalist) in Kathak with distinction.

Shri Girdhar Chand has imparted training to many students and has many choreographic works and dance-drama shows to his credit including Ghunghru, Rango Bhari Sham ki Holi, Amrapali, and Bharat Darshan. He has also produced and presented 13 episodes of "Let's Learn Kathak" on Mauritius National TV. He has conducted and attended workshops and lecture demonstrations extensively at national and international forums to propagate Kathak dance. He has served as an Executive Member of several boards to provide valuable advice on the promotion of dance including ICC (Guyana), IGCIC (Mauritius), Rajasthan Sangeet Natak Akademi, Kathak Kendra (Jaipur), etc.

He has been conferred with many titles and awards, some of the important ones being Singar Mani Award by Sur Singar Samsad (1970); Academy Award by Rajasthan Sangeet Natak Academy (1992); Lifetime Achievement Award by Harmony and Hearts, Singapore (2017); Biju Patnaik International Peace Award (2022); and Naatyam Maalika Bharata Kala Acharya Ratnam by Naatyam Maalika, Singapore (2022).

Shri Charan Girdhar Chand receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Kathak dance.

गिरधारी महाराज

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: कथक

श्री गिरधारी महाराज का जन्म 25 मार्च 1942 को हुआ था। आपने अपने पिता लक्ष्मी नारायण महाराज और चाचा कन्हैयालाल से कथक नृत्य का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में, गुरु–शिष्य परम्परा के अन्तर्गत आपने ब्रह्मानंद गोस्वामी के सानिध्य में अपने नृत्य कौशल को निखारा।

श्री गिरधारी महाराज ने 16 वर्षों तक जयपुर स्थित राजस्थान संगीत संस्थान में और तीन वर्षों तक जयपुर कथक केंद्र में वरिष्ठ नृत्य गुरु के रूप में कार्य किया है। अभी आप जयपुर स्थित यूनिवर्सिटी महारानी कॉलेज में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। आप दो दशक से भी अधिक समय से श्री लक्ष्मी नारायण नृत्याश्रम नाम की संस्था का संचालन कर रहे हैं जो छात्रों को कथक के क्षेत्र में विशेष अध्ययन की सुविधा प्रदान करता है। आपने राजीव सेठी के साथ उनके नृत्य–नाटक 'आगरा बाजार रीविजिटेड' और 'जलसाघर: रीविजिटिंग द नॉच' में भी काम किया है। आपने जयपुर कथक केंद्र के लिए नृत्य–नाटकों की कोरियोग्राफी की है। आपने भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत फ्रांस में 45 दिनों तक प्रदर्शन किया था। 1993 में थिएटर डू सोलेइल के एरियन म्नौचकिन ने उनसे जयपुर में मुलाकात की थी और उन्हें 'इंडिया, फ्रॉम फादर टू सन एंड फ्रॉम मदर टू डॉटर' नामक अपने शो में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। इस प्रस्तुति के माध्यम से आपने उस कठोरता और आनंद को प्रदर्शित किया जिसके माध्यम से भारत में पारंपरिक कलाएँ सिखाई जाती हैं। आपके नृत्य समूह ने जापान में आयोजित भारत महोत्सव में भी भाग लिया था।

श्री गिरधारी महाराज को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्री गिरधारी महाराज को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

GIRDHARI MAHARAJ

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kathak

Born on 25 March 1942, Shri Girdhari Maharaj has received his initial training from his father Laxmi Narayan Maharaj and his uncle Kanhiyalal. He then further refined the practice of his art under the Guru Shishya Parampara of Brahmanand Goswami.

Shri Girdhari Maharaj served as the Varishtha Nritya Guru at the Rajasthan Sangeet Sansthan in Jaipur for 16 years, and at the Jaipur Kathak Kendra for three years, and he still offers his services to the University Maharani College in Jaipur. He has also been running his own institute, Shri Laxmi Narayan Nrityashram for over two decades facilitating students to pursue specialized study in the field of Kathak. He has worked with Rajeev Sethi for his dance-drama 'Agra Bazaar revisited' and 'Jalsaghar: Revisiting the Nautch'. He has choreographed dance-dramas for Jaipur Kathak Kendra. He had performed in France for 45 days under the Bharat Darshan Programme. In 1993 Ariane Mnouchkine of Theatre du Soleil met him in Jaipur, and invited him to take part in her show called 'India, from father to son and from mother to daughter'. Through the production he showcased the rigour and joy through which the traditional arts are taught in India. His group had participated in the Bharat Mahotsav in Japan.

Shri Girdhari Maharaj has received the Excellency Award of the Rajasthan Sangeet Natak Akademi.

Shri Girdhari Maharaj receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Kathak dance.

महंकालि श्रीमन्नारायण मूर्ति

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कूचिपूड़ी



MAHAMKALI SRIMANNARAYANA MURTHY

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Kuchipudi

आंध्र प्रदेश के कूचिपूड़ी में 1 जनवरी 1941 को जन्मे, श्री महंकालि श्रीमन्नारायण मूर्ति ने बाल्यकाल में ही वेदांतम पार्वतीशम, चिंता कृष्णमूर्ति और वेम्पति चिन्ना सत्यम जैसे गुरुओं के संरक्षण में कूचिपूड़ी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रारम्भ कर दिया था। आपने यक्षगान भी सीखा है।

आप श्री सत्यनारायण नाट्य निकेतन कूचिपूड़ी नृत्य संस्था से जुड़े रहे हैं। आपने नृत्य में कई महत्वपूर्ण चरित्रों का निर्वहन किया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें स्वर दिया है।

कूचिपूड़ी नृत्य में योगदान के लिए श्री महंकालि श्रीमन्नारायण मूर्ति को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1941 in Kuchipudi town of Andhra Pradesh, Shri Mahamkali Srimannarayana Murthy started training in Kuchipudi from a young age under the tutelage of Vedantham Parvathisham, Chintha Krishna Murthy and Vempati Chinna Sathyam. He has also learnt the Yakshagana form.

He has been associated with the institution Sri Sathyanarayana Natya Nikethan Kuchipudi Dance. He has enacted some significant characters and lent voice to them through his performance.

Shri Mahamkali Srimannarayana Murthy receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Kuchipudi dance.

स्मिता शास्त्री

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: कूचिपूड़ी

SMITA SHASTRI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kuchipudi

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 1 जनवरी 1946 को जन्मी, श्रीमती स्मिता शास्त्री ने चटुनी पणिकर, किटप्पा पिल्लई, सी. आर. आचार्यलु और के. कल्याणसुंदरम के संरक्षण में कूचिपूड़ी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आप भरतनाट्यम की तंजौर बानी और कूचिपूड़ी की आचार्यलु बानी में प्रशिक्षित कलाकार हैं। आपने कुछ समय तक दर्पण अकादमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स से कथकलि और डॉ. प्रदीप्ता गांगुली से शास्त्रीय संगीत भी सीखा है।

श्रीमती स्मिता शास्त्री अर्थशास्त्र और सांख्यिकी में स्नातक तथा समाजशास्त्र और मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। आपने गुजरात और दक्षिण भारतीय राज्यों के मंदिरों पर तुलनात्मक अध्ययन किया है। आपने गुजरात के लोक नृत्यों पर शोध किया है और अपने स्तर पर इनमें से कई को पुनर्जीवित किया है। आपको गुजरात सरकार के सूचना एवं प्रसारण विभाग द्वारा प्रलेखित किया गया है। ब्रिस्टल रेडियो और बी.बी.सी. लंदन ने आपका साक्षात्कार लिया था और आपकी प्रस्तुतियों का प्रसारण भी किया था। आपने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क में भी अपनी प्रस्तुति दी है। आप दूरदर्शन के सेंट्रल डांस ऑडिशन बोर्ड की सदस्य रही हैं और गुजरात राज्य संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष भी। गुजरात संगीत नाटक अकादमी की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष होने का श्रेय भी आपको ही जाता है।

श्रीमती शास्त्री को गुजरात प्रोग्रेसिव काउंसिल ऑफ कनाडा और गुजराती समाज, अमेरिका द्वारा गुजरात रत्न गौरव पुरस्कार; और सुर सिंगार संसद, मुंबई द्वारा सिंगारमणि से सम्मानित किया गया है।

कूचिपूड़ी नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती स्मिता शास्त्री को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1946 in Kolkata in West Bengal, Shrimati Smita Shastri has trained in Kuchipudi under the tutelage of Chatuni Panikar, Kitappa Pillai, C.R. Acharyalu and K. Kalyanasundaram. She has been training under the Tanjore *bani* of Bharatanatyam and the Acharyalu *bani* in Kuchipudi. She has also taken training in Kathakali for a brief period at the Darpana Academy of Performing Arts and in classical music from Pradipta Ganguli.

Shrimati Smita Shastri has a B.A. in Economics and Statistics and a M.A. in Sociology and Psychology. She has brought her faculties of practice and research to bear on a comparative study that she based on the temple walls of Gujarat and South Indian States. She has conducted research on the folk dances of Gujarat and to her credit has revived many. She has also been documented by the Information and Broadcasting Department of the Government of Gujarat. She has been interviewed and her performances have been showcased by Bristol Radio and the B.B.C., London. She has also performed at Columbia University, New York. She has served as the board member of the Central Dance Audition Board of Doordarshan, and was elected as the youngest Chairperson of the Gujarat State Sangeet Natak Academy.

Shrimati Shastri has been conferred with the Gujarat Ratna Gaurav Award from Gujarat Progressive Council of Canada, and Gujarati Samaj, U.S.A; and the Singarmani by the Sur Singar Samsad, Mumbai.

Shrimati Smita Shastri receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Kuchipudi dance.

कुमकुम लाल

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: ओडिसी

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 3 मार्च 1948 को जन्मी, श्रीमती कुमकुम लाल ने हरि उप्पल, कृष्ण चंद्र नायक, हरेकृष्ण बेहरा और केलुचरण महापात्र जैसे गुरुओं से ओडिसी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने नरेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में समसामयिक नृत्यों में भी काम किया है। आपने मयूरभंज छऊ का प्रशिक्षण भी लिया है।

आप 1970–75 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय में व्याख्याता और 2000–2002 तक संगीत नाटक अकादेमी में उप सचिव (नृत्य) रही हैं। महेश्वर महापात्र की अभिनय चंद्रिका का अनुवाद करने के लिए आपको संस्कृति मंत्रालय से वरिष्ठ फेलोशिप मिली थी। आपने हबीब तनवीर, सई परांजपे, अमोल पालेकर, एम. के. रैना और दीना नाथ द्वारा निर्देशित नाटकों में अभिनय किया है। आपने नृत्य विषय पर लेखन के साथ ही नृत्य प्रस्तुतियों की समीक्षाएँ भी की हैं। आपने वर्ष 1983–87 के दौरान जापान में ओडिसी नृत्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। ओडिसी नृत्य के क्षेत्र में आपके योगदान को रेखांकित करते हुए साहापेडिया और आर्काइव पोर्टल Pad-ma द्वारा आपको प्रलेखित भी किया गया है। आप भूमिका क्रिएटिव डांस सेंटर, दिल्ली शिल्प परिषद और जन माध्यम जैसी संस्थाओं से जुड़ी रही हैं।

ओडिसी नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती कुमकुम लाल को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

KUMKUM LAL

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Odissi

Born on 3 March 1948 in Prayagraj in Uttar Pradesh, Shrimati Kumkum Lal has trained in Odissi under Hari Uppal, Krishna Chandra Nayak, Harekrishna Behera and Kelucharan Mohapatra. She also worked in the contemporary genre under Narendra Sharma. She has also learnt Mayurbhanj Chhau.

She worked as a Lecturer in Delhi University between 1970-75 and as a Deputy Secretary (Dance) of Sangeet Natak Akademi between 2000-2002. She received the Senior Fellowship from the Ministry of Culture for translating Maheshwar Mohapatra's *Abhinay Chandrika*. She has also essayed roles in theatre plays directed by Habib Tanvir, Sai Paranjpe, Amol Palekar, M.K. Raina and Dina Nath. She has written on dance, and extensively reviewed performances. She also played an instrumental role in introducing Odissi in Japan between the years 1983-87. Her life and work in the field of Odissi has been documented in an Odissi series by Sahapaedia and the archive portal Pad.ma. She has been associated with the Bhoomika Creative Dance Centre, the Delhi Crafts Council, and Jan Madhyam.

Shrimati Kumkum Lal receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Odissi dance.



गोबिंद चंद्र पाल

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
ओडिसी नृत्य (गोटीपुआ)

GOBINDA CHANDRA PAL

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Odissi Dance (Gotipua)

ओडिशा के पालासाही खुर्दा गाँव में 3 मई 1945 को जन्मे, श्री गोबिंद चंद्र पाल का सात वर्ष की आयु में ही गोटीपुआ सीखने के लिए पुरी स्थित दरदा गोटीपुआ नृत्य शिक्षा केंद्र में नामांकन करा दिया गया था। केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्ति के साथ ही आपने ओडिशा संगीत नाटक अकादमी की छात्रवृत्ति पर कई प्रतिष्ठित गुरुओं के मार्गदर्शन में भी ओडिसी नृत्य सीखा। 1972 में श्री गोबिंद चंद्र पाल को संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। 1975 में आपने मर्दला (एक पारंपरिक ताल वाद्य) वादन सीखने के लिए उत्कल संगीत महाविद्यालय (भुवनेश्वर) में नामांकन कराया और वहाँ से 1979 में "संगीत भारती" पाठ्यक्रम में पारंगत हुए।

श्री गोबिंद चंद्र पाल ने 1969–1988, करीब दो दशकों तक श्रीराम भारतीय कला केंद्र (नई दिल्ली) और भारतीय नृत्य कला मंदिर (पटना) में अध्यापन कार्य किया और फिर ओडिशा लौट गए। तब से लेकर आज तक आप ओडिशा के विभिन्न संस्थानों में अध्यापन कार्य करते रहे हैं। श्री पाल ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित उत्सवों और कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। सन् 1990 से आप आकाशवाणी, संबलपुर से मान्यता प्राप्त मर्दला वादक के रूप में जुड़े हुए हैं और पंजाब, महाराष्ट्र और ओडिशा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आपने परीक्षक का दायित्व भी निर्वहित किया है। आप ओडिशा संगीत नाटक अकादमी की सामान्य परिषद् के सदस्य भी रहे हैं।

ओडिसी नृत्य (गोटीपुआ) में योगदान के लिए श्री गोबिंद चंद्र पाल को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1944, Shri Gobinda Chandra Pal comes from village Palasahi Khurda in Odisha. He was barely seven years old when he enrolled in Darada Gotipua Nrutya Sikshya Kendra in Puri to learn Gotipua. While still there he received scholarship from the Odisha Sangeet Natak Akademi to learn Odissi dance under several eminent teachers. In 1972 Shri Gobinda Chandra Pal received a national scholarship from Sangeet Natak Akademi, New Delhi. At the completion of that in 1975, he joined the Utkal Sangeet Mahavidyalaya (Bhubaneswar) to learn Mardala (a traditional percussion instrument) and passed the 'Sangeet Bharati' course in 1979.

Shri Gobinda Chandra Pal taught at Sriram Bharatiya Kala Kendra (New Delhi), and Bharatiya Nrutya Kala Mandir (Patna) for two decades from 1969-1988, and thereafter till date at several institutions in Odisha. Shri Pal has performed at different festivals and programmes across the country. Since 1990, he has been a recognized Mardala player at AIR, Sambalpur, and has been an examiner at different universities in Punjab, Maharashtra and Odisha. He has been a General Council Member at Odisha Sangeet Natak Akademi.

Shri Gobinda Chandra Pal receives the Sangeet Natak Akademi Amrit award for his contribution to Odissi dance as a Gotipua dancer.



श्री हरि बोरा बोरबायन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: सत्रिय

असम के उत्तरी लखीमपुर में 23 अप्रैल 1931 को जन्मे, श्री हरि बोरा बोरबायन ने मणिराम बोरबायन, परमानंद बोरबायन, देबानंद बोरबायन और बोरग्राम बोरबायन जैसे गुरुओं से सत्रिय नृत्य और संबद्ध कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्री हरि बोरा बोरबायन आज सत्रिय नृत्य के वरिष्ठ कलाकारों और शिक्षकों में शुमार किए जाते हैं। आपने देश भर के कई प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में बड़े पैमाने पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी है, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का संचालन किया है। आपने भाओना में अभिनय किया है और रूक्माबीर, परशुराम और दशरथ जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ की हैं। एक प्रसिद्ध गुरु होने के नाते, आपने पिछले छह दशकों में "गुरु–शिष्य परम्परा" के तहत पूरे असम में 2000 से अधिक शिष्यों को सिखाया है। श्री हरि बोरा बोरबायन ने संगीत विद्यालय, गुवाहाटी और सांस्कृतिक केन्द्र, बारपेटा सहित विभिन्न संस्थानों में कला का प्रशिक्षण भी दिया है। आपको कमलाबाड़ी सत्र द्वारा बोरबायन की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

सत्रिय नृत्य में योगदान के लिए श्री हरि बोरा बोरबायन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

HARI BORA BORBAYAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Sattriya

Born on 23 April 1931 in North Lakhimpur, Assam, Shri Hari Bora Borbayan received his training in Sattriya dance and its allied forms under Gurus Moniram Borbayan, Poramananda Borbayan, Debananda Borbayan and Borgram Borbayan.

Shri Hari Bora Borbayan is today among the senior performers and teachers of Sattriya dance. He has performed and conducted seminars and workshops extensively at several prestigious festivals across the country. He has acted in important roles such as Rookmabir, Parasuram and Dasharatha in Bhaonas. Being one of the well-known gurus, he has taught more than 2000 disciples all over Assam under "Guru-Shishya Pramapara" in the last six decades. Shri Hari Bora Borbayan has also imparted training in the art form at various institutions including Sangeet Vidyalaya, Guwahati, and Cultural Centre, Barpeta. Shri Hari Bora Borbayan has been conferred the Borbayan title by the Kamalabari Sattra.

Shri Hari Bora Borbayan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Sattriya dance.

गुरु प्रसाद ओझा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
सत्रिय ओजापाली (ब्यास कीर्तन)

असम के बारपेटा जिले में 1 फरवरी 1939 को जन्मे, श्री गुरु प्रसाद ओझा का सम्बंध बारपेटा सत्र के ओजाह घराने से है। आपने शंकरी कला प्रसार समिति, बारपेटा में 15 वर्षों तक नरनाथ ओजाह के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने महानंद दास बायन, महानंद सूत्रधार और घनश्याम ओजाह से बोरगीत, नामप्रसंग, कीर्तनघोष पाठ और खोल वाद्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आप आकाशवाणी के गुवाहाटी केन्द्र से जुड़े रहे हैं। आपको आकाशवाणी से ही सत्रिय ओजापाली, बोरगीत और नामघोष पाठ के कलाकार के रूप में पहचान मिली। आप नियमित रूप से आकाशवाणी के लिए अपनी प्रस्तुतियाँ रिकॉर्ड करवाया करते थे। सन् 1957 में सिलचर में असम संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बोरगीत प्रतियोगिता में आपने विशिष्टता अर्जित की थी। आपने सत्रिय ओजापाली, धार्मिक और अनुष्ठान संबंधी विषयों पर कई लेख लिखे हैं। आप 'मुख्य ओजा' हैं और बारपेटा सत्र में सत्रिय ओजापाली के गुरु हैं। आपके कई शिष्यों को संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

आपको असम सरकार द्वारा वर्ष 2003 में कलाकार पेंशन दिया गया है। शंकरदेव कला क्षेत्र, शंकरदेव समाज, असम साहित्य सभा और शंकरी कला कृति समारोह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने भी आपको सम्मानित किया है और मान्यता प्रदान की है।

असम के सत्रिय ओजापाली में योगदान के लिए श्री गुरु प्रसाद ओझा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

GURU PRASAD OJAH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Sattriya Ojapali (Byas Kirtan)

Born on 1 February 1939 in Barpeta district of Assam, Shri Guru Prasad Ojah belongs to the Ojah clan of Barpeta sattra, and has been trained under Naranath Ojah for 15 years at the Sankari Kala Prashar Samiti, Barpeta. He has received training in Borgeet, Namprasanga, Kirtanghosha Path and Khol Badya from Mahananda Das Bayan, Mahananda Sutradhar, and Ghanashyam Ojah.

He has been involved with the All India Radio, Guwahati Kendra which gave recognition to him as an artist of Sattriya Ojapali, Borgeet and Naamghoshapath recording his renditions of the same. He had secured distinction in State level Borgeet competition organised by Assam Sangeet Natak Academy in Silchar in 1957. He has also lent his pen to several articles published in books on Sattriya Ojapali and on religious and ritual matters. He is the 'Chief Oja' and is also working as Guru of Sattriya Ojapali in Barpeta Sattra. His students are many and some of them have attained prominence with one of them receiving the Sangeet Natak Akademi Award.

He has been honoured with an Artist Pension in the year 2003 by the Government of Assam. Reputed institutions such as the Sankaradeva Kala Kshetra, Sankaradeva Samaj, Assam Sahitya Sabha and Sankari Kala Kristi Samaroh have also bestowed him with several honours and recognition.

Shri Guru Prasad Ojah receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Sattriya Ojapali of Assam.

हिजाम टोम्बी सिंह

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
मणिपुरी नृत्य

HIJAM TOMBI SINGH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Manipuri Dance

मणिपुर में इम्फाल के टेरा कैथेल में 2 फरवरी 1945 को जन्मे, श्री हिजाम टोम्बी सिंह ने अमुबी सिंह, ठा. तरूण कुमार सिंह, ठा. बाबू सिंह और अमुदोन शर्मा से मणिपुरी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप गुरु अमुबी सिंह नृत्य विद्यालय से संबद्ध रहे हैं।

आपने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से प्राणीशास्त्र में बीएससी और एमएससी तथा ब्रिटेन के एबरडीन विश्वविद्यालय से पीएचडी की है। पीएचडी के लिए आपको राष्ट्रमंडल छात्रवृत्ति मिली थी। आपको जापान सरकार से पोस्टडॉक्टोरल रिसर्च और शिक्षण के लिए फेलोशिप और भारत–सोवियत सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम के तहत मॉस्को विश्वविद्यालय की रिसर्च फेलोशिप भी मिल चुकी है। आपने प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट लेबोरेटरी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है जो कि मणिपुरी नृत्य के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है। आप मणिपुर राज्य कला अकादमी की सामान्य परिषद के सदस्य रहे हैं। आप मणिपुर सरकार की सांस्कृतिक नीति निर्माण के लिए गठित सलाहकार समिति में विशेषज्ञ सदस्य और भारत सरकार द्वारा हिमालय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के विकास के लिए वित्तीय सहायता हेतु गठित सलाहकार समिति के विशेषज्ञ सदस्य हैं। आप डीडी–अरुणप्रभा, प्रसार भारती की मूल्यांकन समिति के सदस्य रहे हैं। 1998–2003 तक आप मणिपुर विश्वविद्यालय के कुलपति रहे हैं। आपने जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी के मानद उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। वर्तमान में आप भगवद संस्कृति विश्वविद्यालय, इस्कॉन, मणिपुर के मानद कुलपति हैं।

मणिपुरी नृत्य में योगदान के लिए श्री हिजाम टोम्बी सिंह को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 2 February 1945 in Tera Keithel, Imphal in Manipur, Shri Hijam Tombi Singh has trained under Amubi Singh, Th. Tarun Kumar Singh, Th. Babu Singh, and Amudon Sharma. He has been associated with the Guru Amubi Singh Nritya Vidyalaya.

He is a postgraduate in Zoology from the Gauhati University and a PhD from Aberdeen University, UK which he got through the Commonwealth Scholarship. He has also been the recipient of research fellowships for postdoctoral research and teaching from the Japanese government; and under an Indo-Soviet Cultural Exchange programme in the Moscow University. He has served as President of the Progressive Artist Laboratory, a leading Manipuri Dance Institute. He has served as the General Council member of the State Kala Academy in Manipur. He has also been appointed as an expert member of the advisory committee for cultural policy of the Manipur Government, and as an expert member of advisory committee for financial assistance for the development of cultural heritage of the Himalayan region, Government of India. He has been the member of the Evaluation Committee of DD-Arunprabha, Prasar Bharati, Government of India. Between 1998-2003 he served as the Vice-Chancellor of Manipur University. He has also served as the honorary Vice-Chairman of the Jawaharlal Nehru Manipur Dance Academy. He is presently working as the Honorary Vice-Chancellor of the University of Bhagavad Culture, ISKCON, Manipur.

Shri Hijam Tombi Singh receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Manipuri dance.

सिद्धेश्वर दास

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
मयूरभंज छऊ

ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपदा में 9 मार्च 1928 को जन्मे, श्री सिद्धेश्वर दास ने रघुनंदन कुंअरबाबू और श्यामसुंदर दास के संरक्षण में मयूरभंज छऊ का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपका संबंध मयूरभंज छऊ के उत्तरशाही घराने से है। आप मयूरभंज स्थित उत्तरशाही छऊनृत्य प्रतिष्ठान से जुड़े रहे हैं।

आपने छऊ नृत्य की प्रस्तुतियाँ देना सन 1942 में प्रारम्भ किया था। आपने अपनी पहली प्रस्तुति मयूरभंज पैलेस में दी थी। आपने न केवल पुरुष बल्कि स्त्री चरित्रों का भी निर्वाह किया है। 'कैलाश लीला' में जया, 'तमुडिया कृष्ण' में सखी और 'गरुड़ वाहन' में पद्मा का किरदार आपने निभाया था। आप भारत के कई प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में मयूरभंज छऊ की प्रस्तुति दे चुके हैं।

ओडिशा के मयूरभंज छऊ नृत्य में योगदान के लिए श्री सिद्धेश्वर दास को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SIDHESWAR DAS

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Chhau

Born on 9 March 1928 in Baripada in Mayurbhanj district of Odisha, Shri Sidheswar Das has trained in the Uttarshahi Gharana of Mayurbhanj Chhau under the tutelage of Raghunandan Kuanrbabu and Shyamsundar Das. He has been associated with the Uttarshahi Chhaunrutya Pratishthan in Mayurbhanj.

He started performing in 1942 and has performed in the Mayurbhanj Palace. He has essayed several female roles such as Jaya in dance items like 'Kailash leela', Sakhi in 'Tamudia Krushna' and Padma in 'Garuda Vahan'. He has also given demonstrations of Mayurbhanj Chhau in several prestigious dance festivals in India.

Shri Sidheswar Das receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the Chhau dance of Mayurbhanj.

भगवान कुमार दास

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: पुरुलिया छऊ

BHAGWANDAS KUMAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Chhau

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में 1 जनवरी 1945 को जन्मे, श्री भगवान कुमार दास का संबंध कलाकार परिवार से है। आपने छऊ नृत्य का प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने दादा से प्राप्त किया। तदोपरांत गुरु रामनाथ कुमार के संरक्षण में अपने नृत्य कौशल को निखारा और उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आप पुरुलिया छऊ के वरिष्ठ कलाकार और गुरु हैं। आपने पुणे में आयोजित परंपरा उत्सव और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित उत्सवों सहित बहुत से नृत्य उत्सवों में छऊ नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी है। आपने मटकुमा शिव दुर्गा छऊ नृत्य एकेडमी में बहुत से छात्रों को प्रशिक्षित भी किया है। नृत्य प्रस्तुति के सिलसिले में आपने फ्रांस की यात्रा भी की है।

छऊ नृत्य की पुरुलिया शैली में योगदान के लिए श्री भगवान कुमार दास को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1945 in Purulia in West Bengal, Shri Bhagwandas Kumar hails from a family of artists. He received his initial training in Chhau dance under his grandfather and later he received his advanced training under the tutelage of Guru Ramnath Kumar.

Shri Bhagwandas Kumar is today among the senior performers and teachers of Chhau dance. He has performed Purulia Chhau extensively in several festivals within the region and outside including the Parampara festival in Pune and the prestigious festivals organized by the Government of West Bengal. He has imparted training in the art form to several students at the Matkuma Shiva Durga Chhau Nritya Academy. Shri Bhagwandas Kumar has also travelled to France for performances.

Shri Bhagwandas Kumar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the Chhau dance of Purulia.

कलामंडलम प्रभाकरन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
नृत्य एवं नृत्य–नाटक की अन्य प्रमुख परंम्पराएँ
(ओट्टनथुल्लल)

KALAMANDALAM PRABHAKARAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Other Major Traditions of Dance and
Dance Theatre (Ottanthullal)

केरल के कासरगोड में 2 अक्टूबर 1945 को जन्मे, श्री कलामंडलम प्रभाकरन ने वडक्कन कन्नन नायर, कलामंडलम दिवाकरन नायर, थंकमणि पिल्लै और नट शिवपाल के संरक्षण में ओट्टनथुल्लल का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ओट्टनथुल्लल के साथ–साथ आपने नटनम शिवापाल के सानिध्य में पारायण थुल्लल, सीतांगन थुल्लल और भरतनाट्यम का भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप मालाबार रमन नायर परिवार से हैं, जिन्होंने थुल्लल को प्रदर्शन कला के रूप में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आपने केरल राज्य पथ परिवहन निगम में अपनी सेवाएँ दी है। आप उन कुछ थुल्लल गुरुओं में से एक हैं जो तीन प्रकार के थुल्लल: ओट्टन, पारायण और सीतांगन के समन्वयन और एकीकरण में सक्षम हैं। आपने ट्यूबिन्जेन यूनिवर्सिटी (जर्मनी) और कोचीन विश्वविद्यालय में कार्यशालाओं का संचालन किया है। आपने कई मलयाली लघु फिल्मों और विज्ञापनों में अभिनय किया है। आपने कई नाट्य दलों के लिए नृत्य दृश्यों की कोरियोग्राफी की है और नृत्य नाटकों में मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं।

श्री प्रभाकरन को केरल राज्य संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार; केरल कलामंडलम, चेरुथुरुथी द्वारा कलामंडलम पुरस्कार; और गुरुवायूर क्षेत्र कला पुरस्कार द्वारा श्री गुरुवायूरप्पन पुरस्कार जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

केरल की ओट्टनथुल्लल कला में योगदान के लिए श्री कलामंडलम प्रभाकरन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 2 October 1945 in Kasaragod, Kerala, Kalamandalam Prabhakaran has trained in Ottanthullal under the tutelage of Vadakkan Kannan Nair, Kalamandalam Divakaran Nair, Thankamani Pillai, and Nata Sivapal. Along with Ottanthullal, he has also trained in Parayan Thullal, Seethangan Thullal and Bharatanatyam under Natanam Shivapal. He hails from the family of Malabar Raman Nair, who contributed significantly towards the enhancement of Thullal as a performing art.

Shri Prabhakaran had been employed with the Kerala State Road Transport Corporation. He is one of the few Thullal teachers who have been able to blend and integrate the three types of Thullals: Ottan, Parayan and Sheethangan into one. He held workshops in Tubingen University (Germany), and Cochin University. He has acted in many Malayalam television short films and advertisements. He has choreographed dance sequences for several theatre groups and played lead roles in dance dramas.

Shri Prabhakaran has been conferred with several honours and awards like the Kerala State Sangeetha Nataka Academy Award; the Kalamandalam Award by the Kerala Kalamandalam, Cheruthuruthy; and Sree Guruvayoorappan Award by the Guruvayoor Kshetra Kala Puruskaram.

Shri Kalamandalam Prabhakaran receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the art of Ottanthullal of Kerala.

सुशील कुमार सिंह

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
नाट्य लेखन

SUSHIL KUMAR SINGH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Playwriting

उत्तर प्रदेश के कानपुर में 3 नवंबर 1946 को जन्मे, श्री सुशील कुमार सिंह ने कानपुर विश्वविद्यालय से बीएससी की उपाधि प्राप्त की। तदुपरांत, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से नाट्य निर्देशन में डिप्लोमा (1974–77) किया। आपने एफटीआईआई, पुणे से फिल्म निर्माण और निर्देशन में विशेष प्रशिक्षण (1977–78, 1980) भी प्राप्त किया है।

आप वर्ष 1999 से 2004 तक भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ के निदेशक रहे हैं। आप उप निदेशक (कार्यक्रम), दूरदर्शन के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। आपने 12 नाटकों की रचना की है जिनमें से सात बाल नाटक हैं। आपके दो नाटकों को कई विश्वविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित ग्रंथों की सूची में जगह दी गई है। आपके लेखन पर तीन पीएचडी और तीन एमफिल सहित कम से कम सात शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। आप अभिनय के साथ–साथ नाटकों के निर्देशन में भी समान रूप से सक्रिय रहे हैं। आपने कई पारसी नाटकों में अभिनय किया और सन् 1965 में अपनी नाट्य मंडली प्रतिध्वनि बनाई। अपनी मंडली के लिए आपने कई नाटकों का निर्देशन किया, जिनका प्रदर्शन देश के विभिन्न नाट्य उत्सवों में हुआ है। आपने कई नाट्य कार्यशालाओं में भाग लिया है और उनका संचालन किया है। आपने विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में लेख लिखे हैं, टेलीफिल्मों का निर्देशन किया है और वृत्तचित्रों का निर्माण किया है। आप कई प्रतिष्ठित संगठनों और संस्थानों के सदस्य रहे हैं।

श्री सिंह को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (1991), और उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ (2018) सहित कई संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है।

भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन) में योगदान के लिए श्री सुशील कुमार सिंह को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 3 November 1946 in Kanpur, Shri Sushil Kumar Singh has earned his BSc from Kanpur University, and a Diploma in Theatre Direction from the National School of Drama between 1974-77. He went on to receive special training in film making and direction from FTII, Pune (1977-78, 1980).

He served the Bhartendu Natya Academy, Lucknow as its Director from 1999 to 2004. He retired as Deputy Director (Programme) from Doordarshan. Shri Sushil Kumar Singh has written 12 full-length plays and seven plays for children. Two of his plays have been included as prescribed texts by many universities. At least seven research papers have been presented on his writings including three PhDs and three MPhils. Shri Singh has been equally active in acting in and direction of plays. From 1956-57 onwards he acted in a number of Parsi plays and went on to establish his theatre group Pratidhwani in 1965. He directed many plays for his troupe which participated in theatre festivals across the country. He has participated and conducted a number of theatre workshops, contributed articles to a number of journals and has directed telefilms and made documentaries. Shri Sushil Kumar Singh has been a member of several organizations and institutions of repute.

Shri Singh has been awarded by a number of institutions including Uttar Pradesh Sangeet Natak Akademi (1991), and Uttar Pradesh Hindi Sansthan, Lucknow (2018).

Shri Sushil Kumar Singh receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Indian theatre as a playwright.



प्रताप सहगल

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: नाट्य लेखन

PARTAP SEHGAL

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Playwriting

अविभाजित भारत के पंजाब के झंग गाँव में 10 मई 1945 को जन्मे, श्री प्रताप सहगल स्थापित कवि और नाटककार हैं। आपने रंगमंचीय नवाचारों के साथ कई नाटकों का निर्देशन किया है, जिनका साहित्य कला परिषद के रंगमंडल और संगीत नाटक अकादेमी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में मंचन हुआ है।

आपने वर्ष 1970 में दिल्ली विश्वविद्यालय से हिन्दी में स्नातकोत्तर किया और उसके बाद करीब चार दशकों तक जाकिर हुसैन पोस्ट ग्रेजुएट इवनिंग कॉलेज में अध्यापन किया। आप 20 वर्षों तक यूनिवर्सिटी टुडे के एसोसिएट एडिटर रहे। आपने नाट्यलेखन में प्रभूत मात्रा में योगदान दिया है। आपके आठ कविता संग्रह, कहानी संग्रह और आलोचना पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। आप मासिक साहित्यिक पत्रिका साहित्य मेघ के सलाहकार रहे हैं; और साहित्य कला परिषद, दिल्ली की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी। आप ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, इंडियन सोसाइटी ऑफ ऑथर्स और दिल्ली विश्वविद्यालय अनुसंधान परिषद के सदस्य भी रहे हैं।

आपको भारत सरकार द्वारा राजभाषा सम्मान (2001) से सम्मानित किया गया था। मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार (1970) भी आपको मिल चुका है।

भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन) में योगदान के लिए श्री प्रताप सहगल को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 10 May 1945 in Jhhang village of the Punjab of undivided India, Shri Partap Sehgal has established himself as a prominent poet and a playwright. He has directed plays with theatrical innovations which have been staged by prestigious institutions such as the Rangmandal of Sahitya Kala Parishad and also Sangeet Natak Akademi.

He obtained his Masters degree in Hindi from Delhi University in 1970 and thereafter taught in the Zakir Husain Post Graduate Evening College for close to four decades. He served as an Associate Editor of *University Today* for 20 years. He has contributed to playwriting and also published eight poetry anthologies, short story collections, and books on criticism. He has been an advisor to *Sahitya Megh*, a monthly literary magazine; and a Member of the Governing Council of Sahitya Kala Parishad, Delhi. He has also been a member of the Authors Guild of India, Indian Society of Authors, and Anusandhan Parishad of Delhi University.

Shri Sehgal has been bestowed with several honours, prominent among them being the Rajbhasha Samman by the Government of India (2001).

Shri Partap Sehgal receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to theatre as a playwright.



जॉन क्लारो फर्नांडिस

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: नाट्य लेखन

गोवा के कोटोम्बी क्यूपेम में 5 दिसंबर 1930 को जन्मे, जॉन क्लारो फर्नांडिस ने एसएससीई तक की शिक्षा अर्जित की है। रंगमंच के क्षेत्र में उनका पदार्पण सन् 1948 में ए. आर. सूजा फेराओ के मार्गदर्शन में हुआ था। इन्हीं के निर्देशन में 25 दिसंबर 1953 को मुंबई में आपका पहला कोंकणी नाटक कैमिल बोनियर मंचित हुआ था।

अब तक आपने 15 से अधिक नाटक लिखे और मंचित किए हैं। आपके कुछ नाटकों की सौ से अधिक प्रस्तुतियाँ हो चुकी हैं। आपके प्रमुख नाटकों में निर्मिलोली सन, गुपित करन्न, घोराबीची डर्डोक्सिया, उतराची मुडी, पुर्तुगेज कोलोवोंट (प्रकाशित), ट्रेविस वोरसम (प्रकाशित), कोंकणी एडवोगाड, इंगलेज मैडम, तमबिड्डी माटी, रोस्तादक ओस्ताद, विंग्ली नवपिन्न, सिविल काजार और अमेरिकन डॉलर हैं। श्री फर्नांडिस ने नाटकों के साथ ही उपन्यास भी लिखे हैं और कोंकणी कलाकारों के इतिहास पर भी काम किया है। टियाट्र पर उनके विभिन्न लेख गोवा टाइम्स, सोत उलोई, गोअन एक्सप्रेस, न्यू गोवा, गोयचो अवाज, गुलाब, द गोअन रिव्यू, नवहिंद टाइम्स, हेराल्ड और गोमंतक टाइम्स जैसी पत्र–पत्रिकाओं में छपते रहे हैं। श्री फर्नांडिस ने कला अकादमी, गोवा में आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं में भी भाग लिया है।

आपको गोवा सरकार द्वारा गोवा राज्य सांस्कृतिक पुरस्कार (1993–94) से सम्मानित किया गया है।

भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन) में योगदान के लिए श्री जॉन क्लारो फर्नांडीस को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

JOHN CLARO FERNANDES

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Playwriting

Born on 5 December 1930 in Cotombi Quepem, Goa, John Claro Fernandes has had his education up to SSCE. His initiation in theatre began in 1948 under the guidance of A.R. Souza Ferrao who staged Shri Fernandes' first Konkani play *Camil Bonier* in Mumbai on 25 December 1953.

So far he has written and staged more than 15 plays, some of which have been staged more than a hundred times. His other prominent plays include - *Nirmiloli Sun, Gupit Karann, Ghorabeachi Durdoxea, Utrachi Mudi, Purtugez Kolavont* (published), *Trevis Vorsam* (published), *Konkani Advogad, Inglez Madam, Tmbiddi Mati, Rostadak Ostad, Vinglli Nachpinn, Civil Kazar,* and *American Dollar.* Apart from writing plays, Shri Fernandes has also written novels and has worked on the history of Konkani artists. His various articles on Tiatr have appeared in many publications such as *Goa Times, Sot Uloi, Goan Express, New Goa, Goycho Avaz, Gulab, The Goan Review, Navhind Times, Herald* and *Gomantak Times.* He has been mentioned in the series of stalwarts of the Tiatr stage, and in various researches on the first Tiatr. Shri Fernandes has attended various workshops at Kala Academy, Goa.

Shri Fernandes has been felicitated by the Government of Goa with the Goa State Cultural Award (1993-94).

Shri John Claro Fernandes receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Indian theatre as a playwright.

सी. एल. जोस

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: नाट्य लेखन

केरल के त्रिचूर में 4 अप्रैल 1932 को जन्मे, श्री सी. एल. जोस ने अपना पहला नाटक सन् 1956 में लिखा था। इसके बाद, आपने एक–के–बाद–एक कुल 38 नाटकों की रचना की। इस प्रकार, अपनी नाट्य रचनाओं के माध्यम से आपने मलयाली साहित्य में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और केरल साहित्य अकादमी से आपके नाटकों का बड़ी संख्या में हिन्दी और अँग्रेजी में अनुवाद और प्रकाशन हुआ है। मनलकाड और अग्निवलयम जैसे नाटकों का आकाशवाणी द्वारा प्रसारण किया गया है। इन नाटकों को आकाशवाणी ने न केवल अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम में जगह दी बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं में भी इन्हें प्रसारित किया। आप आकाशवाणी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले रेडियो नाटक सप्ताह से भी जुड़े रहे हैं और एक–एक घंटे के 15 नाटकों में भाग लिया है। आकाशवाणी के बी–उच्च श्रेणी के कलाकार के रूप में आपने कई रेडियो नाटकों में अभिनय किया है। आपके नाटकों को केरल और कालीकट विश्वविद्यालयों के डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया गया है। आप केरल संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष रहे हैं। आपने कालीकट विश्वविद्यालय में ललित कला संकाय के सदस्य के रूप में काम किया है। आप साहित्य अकादेमी और आकाशवाणी सलाहकार बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।

आपको केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार, केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, मलयाली रंगमंच में योगदान के लिए राज्य पुरस्कार, रोम के पोप से शेवेलियर की मानद उपाधि, केरल संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप और अबू धाबी शक्ति पुरस्कार जैसी अन्यान्य उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

भारतीय रंगमंच (नाट्य लेखन) में योगदान के लिए श्री सी. एल. जोस को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

C.L. JOS

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Playwriting

Born on 4 April 1932 in Trichur, Kerala, Shri C.L. Jos wrote his first play in 1956 and subsequently has produced 38 full length plays. He has mostly contributed to Malayalam literature by his playwriting.

A good number of his plays have been translated into Hindi and English by the National Book Trust of India and Kerala Sahitya Akademi. His plays like *Manalkad* and *Agnivalayam* were broadcast by Akashwani in all the regional languages in their national programme. He has been part of the 15 one-hour plays in the Radio Drama Week organized by Akashvani every year. As a B-High Grade Artist of Akashvani, he has acted in many of the radio plays as a voice-over artist. His plays have been prescribed in Kerala and Calicut Universities as textbook for degree courses. He has served as the Chairman of the Kerala Sangeetha Nataka Akademi; Fine Arts Faculty Member of Calicut University; and has been a member of both the Sahitya Akademi and the All India Radio Advisory Board.

He has been bestowed with several honours and awards such as the Kerala Sahitya Akademi Award, Kerala Sangeetha Nataka Akademi Award, State Award for contribution to Malayalam Theatre, Hon'ble Title of Chevalier from His Holiness the Pope of Rome, Kerala Sangeetha Nataka Akademi Fellowship, and the Abu Dhabi Sakthi Award.

Shri C.L. Jos receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Indian theatre as a playwright.

बासानी मररेड्डी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: नाट्य निर्देशन

तेलंगाना के वारंगल में 31 जनवरी 1939 को जन्मे, श्री बासानी मररेड्डी को बी.एम. नाम से भी जाना जाता है। आप जब उच्च विद्यालय के छात्र थे, तभी से आपने नाटकों में अभिनय और नाटकों का निर्देशन करना प्रारंभ कर दिया था। रंगमंच के साथ आपका जुड़ाव महाविद्यालय में भी बना रहा और यहाँ भी आपने कई नाटकों में अभिनय किया।

आपने अपने पैतृक जिले में कई नाट्य दलों का गठन किया और इनके माध्यम से विभिन्न नाटकों का न केवल निर्देशन किया बल्कि नाटकों में अभिनय भी किया। हैदराबाद आने के बाद आप यहाँ की प्रसिद्ध नाट्य संस्था रसरंजनी से जुड़ गए। इसी के बैनर तले आपने एम्पेरर जोन्स के तेलुगु रूपांतरण में प्रमुख भूमिका अदा की। इस नाटक का मंचन मुंबई और दिल्ली में भी हुआ था। हैदराबाद में आपने अपना अलग नाट्य दल बनाया और कई नाटकों का निर्माण किया। आपके नाटकों की प्रस्तुति हैदराबाद के नंदी महोत्सव समेत प्रमुख उत्सवों में होती रही है। आपको मूडोपदम नाटक के लिए गोल्डन नंदी से सम्मानित किया गया था। आपके तीन अन्य नाटकों को सिल्वर नंदी का पुरस्कार भी मिला था। आपके नाटक श्रीनाथुडु की प्रस्तुति संयुक्त राज्य अमेरिका के 10 शहरों में हुई थी। आपके अन्य प्रमुख नाटक मदर टेरेसा के जीवन पर आधारित द मदर और सुरवरम हैं जो तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित बाल नाटक प्रतियोगिता के लिए तैयार किए गए थे। श्री रेड्डी ने लगभग सौ नाटकों का निर्देशन किया है और कई युवा कलाकारों को रंगकर्म में दीक्षित भी किया है।

भारतीय रंगमंच (नाट्य निर्देशन) में योगदान के लिए श्री बासानी मररेड्डी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

BASANI MARREDDY

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Direction

Born on 31 January 1939 at Warangal in Telangana, Shri Basani Marreddy, popularly known as B.M. Reddy, started acting and directing dramas in 1956 as a high school student, and his association with theatre continued in college as well where he participated in many plays.

Afterwards he formed many theatre groups in his native district and acted in and directed many plays. After moving to Hyderabad, he came to be associated with Rasaranjani - a famous institution of Hyderabad where he performed in major roles in plays such as the Telugu adaptation of *Emperor Jones* which was staged in Mumbai and Delhi. Shri Reddy started his own theatre group and started to produce plays some of which also participated in major festivals such as Nandi Festival in Hyderabad where his play *Moodopadam* received the Golden Nandi. Three of his other plays won Silver Nandies. His play *Sreenadhudu* toured 10 cities of the United States of America. His other major plays are *The Mother* based on Mother Teresa's life, and *Suravaram* which was prepared for a children's drama competition organized by Telangana Sangeeta Nataka Academy. Shri Reddy has directed overall nearly a hundred plays and has trained many young artists in theatre.

Shri B.M. Reddy receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Indian theatre as a director.

राममूर्ति सुंदरेसन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
नाट्य अभिनय

तमिलनाडु के कुंभकोणम में 30 अप्रैल 1938 को जन्मे, श्री राममूर्ति सुंदरेसन स्टेज क्राफ्ट के क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं। आप 'सांबू' नटराजन और 'चो' रामास्वामी के अधीन प्रशिक्षित कलाकार हैं। आप स्टेज क्रिएशन्स और विवेका फाइन आर्ट्स से जुड़े रहे हैं। आपने 40 से अधिक फिल्मों और 70 टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया है।

आपको तमिलनाडु सरकार द्वारा कलई मामणि और भारती कलई संगम, कुवैत द्वारा नडगा कला सागर जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

भारतीय रंगमंच (अभिनय) में योगदान के लिए श्री राममूर्ति सुंदरेसन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

RAMAMURTHY SUNDARESAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Acting

Born on 30 April 1938 in Kumbakonam, Tamil Nadu, Shri Ramamurthy Sundaresan has been prominent in the field of stagecraft and has trained under 'Sambu' Natarajan and 'Cho' Ramaswamy and has been associated with Stage Creations and Viveka Fine Arts. He has acted in more than 40 films and 70 television serials.

He has been conferred with several honours and awards such as the Kalaimamani by the Tamil Nadu Government;and the Nadaga Kala Sagar by the Bharathi Kalai Sangam, Kuwait.

Shri Ramamurthy Sundaresan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Indian theatre as an actor.

सुमन कुमार

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: नाट्य अभिनय

SUMAN KUMAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Acting

बिहार के पटना में 15 नवंबर 1947 को जन्मे, श्री सुमन कुमार ने विज्ञान विषय से स्नातक और फिर इसके बाद एलएलबी की उपाधि अर्जित की है। आपने सन् 1974 से 2007 तक आकाशवाणी पटना में उद्घोषक के रूप में अपनी सेवाएँ दी है। आप आकाशवाणी पटना के 'ए' श्रेणी के नाट्य कलाकार हैं और पटना दूरदर्शन में समाचार वाचक भी रहे हैं। आपने बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रामेटिक्स, पटना में रंग शिक्षक के रूप में भी काम किया है।

आपने बहुत से रेडियो नाटकों के निर्माण में बतौर कलाकार और निर्देशक अपना योगदान दिया है। आकाशवाणी के बहुप्रशंसित कार्यक्रम 'हवा महल' के निर्माण में आपकी खास भूमिका रही है। आपने न सिर्फ इसमें कलाकार के रूप में काम किया है बल्कि इस कार्यक्रम की अवधारणा में भी आपका योगदान रहा है। आपने बच्चों के लिए भी नाटकों का निर्माण किया है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के बैनर तले विकसित कार्यक्रम जश्न–ए–बचपन में आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आप अखिल भारतीय ऐतिहासिक नाट्य महोत्सव, हास्य नाट्य महोत्सव और आदिशक्ति नाट्य महोत्सव जैसे नाट्य उत्सवों के आयोजन से भी जुड़े रहे हैं। आपने श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित डिस्कवरी ऑफ इंडिया, गुलजार द्वारा निर्देशित मिर्जा गालिब, प्रकाश झा द्वारा निर्देशित विद्रोह और बसु चटर्जी द्वारा निर्देशित भीम भवानी जैसे टेलीविजन धारावाहिकों में अभिनय किया है; साथ ही आपने प्रकाश झा द्वारा निर्देशित दामुल और रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित गांधी फिल्म में भी काम किया है।

आपको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें बिहार सरकार द्वारा दिया गया भिखारी ठाकुर पुरस्कार और बीबीसी द्वारा दिया गया सर्वश्रेष्ठ स्पॉट प्रेजेंटर पुरस्कार शामिल है।

भारतीय रंगमंच (अभिनय) में योगदान के लिए श्री सुमन कुमार को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 15 November 1947 at Patna in Bihar, Shri Suman Kumar has a BSc and an LLB as academic credentials. He was an announcer with AIR Patna from 1974 to 2007. He is an 'A' grade drama artist from AIR Patna and has also been a newsreader with Doordarshan, Patna. He has also served as a Drama teacher at the Bihar Institute of Dramatics, Patna.

He has produced radio plays in which he has contributed both as a performer and a director. In the well-received Akashvani produced programme 'Hawa Mahal', he has contributed several plays both as a performer and conceptualizer. He has been deeply involved in producing plays for children and has been a key contributor to the Programme Jashn-e-bachpan evolved under the banner of the National School of Drama. He has been contributing seminally to the organizing of theatre festivals like Akhil Bharatiya Aitihasik Natya Mahotsav, Hasya Natya Mahotsav, and Aadi Shakti Natya Mahotsav. He has acted in television serials such as *Discovery of India* directed by Shyam Benegal, *Mirza Ghalib* directed by Gulzar, *Vidroh* by Prakash Jha, and *Bheem Bhavani* series directed by Basu Chatterjee; as well as films such as *Damul* directed by Prakash Jha, and *Gandhi* by Richard Attenborough.

He has been bestowed with several honours, including the Bhikari Thakur Award by the Bihar Government, and the best Spot Presenter Award by BBC.

Shri Suman Kumar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Indian theatre as an actor.

अप्पुन्नी तारकन नाम्बियारथ

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
संबद्ध नाट्य कलाएँ–रूप विन्यास (कथकलि)

केरल के पलक्कड़ जिले में 3 अगस्त 1928 को जन्मे, 95 वर्षीय श्री अप्पुन्नी तारकन नाम्बियारथ पिछले 75 वर्षों से कथकलि के मेकअप कलाकार हैं। जब आप मात्र 18 वर्ष के थे, तभी आप रूप विन्यास कलाकार के रूप में एक स्थानीय कथकलि मंडली से जुड़ गए थे। केरल में विभिन्न कथकलि मंडलियों और प्रमुख नाट्य कलाकारों के साथ काम करना और सीखना ही आपकी रुचि और पेशा बन गया।

आप 10 वर्षों तक केरल कलामंडलम के साथ संबद्ध रहे और उस अवधि में आपने भारत के विभिन्न राज्यों के साथ–साथ सिंगापुर और जर्मनी की यात्राएँ भी की। आपको केरल कलामंडलम और केरल संगीत नाटक अकादमी सहित राज्य के कई सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया गया है।

कथकलि (रूप विन्यास) में योगदान के लिए श्री अप्पुन्नी तारकन नाम्बियारथ को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

APPUNNI THARAKAN NAMBIARATH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Allied Theatre Arts (Kathakali Make-up)

Born on 3 August 1928, 95-year-old Shri Appunni Tharakan Nambiarath from Palakkad district in Kerala has been a Kathakali Green Room Artist for the last 75 years. He joined a local Kathakali group as a green room artist when he was barely 18 years old. That became his lifelong interest and career, working with and learning from various troupes and under various leading theatre artists in Kerala.

In the course of his life, Shri Tharakan has been with the Kerala Kalamandalam for 10 years and has travelled extensively all over India and also visited Singapore and Germany.

Shri Tharakan has been felicitated and awarded by several cultural organizations in the State including the Kerala Kalamandalam and Kerala Sangeetha Nataka Academy.

Shri Appunni Tharakan Nambiarath receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award as an eminent Kathakali make-up artist.

हरि कृष्ण लँगू

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
संबद्ध नाट्य कलाएँ (रंग संगीत)

जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर के बडयार बाला गाँव में 7 अप्रैल 1940 को जन्मे, श्री हरि कृष्ण लँगू की शिक्षा–दीक्षा दसवीं कक्षा तक ही हुई है। आपका सम्बंध संगीत के दिल्ली घराने से है। आपने भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तत्कालीन गीत और नाटक प्रभाग में अपनी सेवाएँ दी है। आप सन् 1966 में गीत और नाटक प्रभाग से जुड़े और शिमला केन्द्र के सहायक निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए।

आप बतौर संगीतकार जम्मू–कश्मीर कला, संस्कृति और भाषा अकादमी, जम्मू से जुड़े रहे हैं और आपने संगीत रचना से लेकर अभिनय तक, विभिन्न रूपों में अपनी सेवाएँ दी है। देश के विभिन्न हिस्सों में अकादमी की तरफ से संगीत प्रस्तुतियाँ दी है। आकाशवाणी श्रीनगर के ए श्रेणी के संगीतकार होने के साथ ही आपने कई टेलीविजन धारावाहिकों के लिए भी संगीत तैयार किया है। अपनी संगीत रचनाओं की प्रस्तुति के सिलसिले में आप हांगकांग भी जा चुके हैं जहाँ आपने एशियाई कला महोत्सव में भाग लिया था। गुयाना में भारतीयों के आगमन की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आप गुयाना गए थे और वहाँ भी अपनी प्रस्तुति दी थी।

रंग संगीत में योगदान के लिए श्री हरि कृष्ण लँगू को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

HARI KRISHEN LANGOO

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Theatre Music

Born on 7 April 1940 in village Badyar Bala of Srinagar, Jammu and Kashmir, Hari Krishen Langoo has received education up to Matriculation. Associated with Delhi Gharana of music, Shri Langoo has served the then Song and Drama Division, Ministry of Information and Broadcasting, Government of India, starting as a staff artist in 1966, and retiring as Assistant Director, Shimla.

Shri Langoo has been associated with the J&K Academy of Art, Culture and Languages, Jammu as a music composer and has also participated as actor, choreographer in musicals and has travelled with cultural troupes of the Academy across the country. An A Grade composer of AIR - Srinagar, he has composed music for a number of television serials. In connection with presentation of his musical compositions, he had travelled to Hong Kong for the Festival of Asian Arts; and Guyana on the occasion of the 150th Anniversary of Indians in Guyana.

Shri Hari Krishen Langoo receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to theatre music.

सुब्बय्या मुथैया कराई

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: संबद्ध नाट्य कलाएँ (रंग संगीत)

पुडुचेरी के कराईकल में 9 मार्च 1943 को जन्मे, श्री सुब्बय्या मुथैया कराई बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार हैं। आप शास्त्रीय संगीत, नादस्वरम, सैक्सोफोन और नाट्य लेखन में भी पारंगत हैं। आप आकाशवाणी, पुडुचेरी में 'ए' श्रेणी के पटकथा लेखक हैं और आपने सामाजिक बदलाव और विकास से जुड़े विषयों पर कई प्रचारात्मक नाटक किए हैं। अब तक, आपने संगीतकार, नाटककार और लेखक के रूप में लगभग 10,000 से अधिक प्रस्तुतियाँ दी हैं। आपने लगभग 10 फिल्मों में अभिनय किया है और आप द्वारा रिकॉर्ड कराए गए कई भक्ति ऑडियो कैसेट और सीडी आज भी उपलब्ध हैं।

श्री सुब्बय्या मुथैया कराई को पुडुचेरी सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।

भारतीय रंगमंच (रंग संगीत) में योगदान के लिए श्री के. एम. सुब्बय्या को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

SUBBAYYA MUTHAIYA KARAI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Theatre Music

Born on 9 March 1943 in Karaikal, Puducherry, Shri Karai Subbayya (K.M. Subbayya) is a multi-talented artist trained in classical music, Nadaswaram, Saxophone and also in theatre script writing. He is an 'A' Grade script writer with the AIR, Puducherry and has done many propaganda related dramas on social and development themes. Till date, he has given almost 10,000 stage performances as a musician, dramatist and writer. He has also acted in about 10 films and published several devotional audio cassettes and CDs.

Shri Karai Subbayya has been honoured by the State Government of Puducherry.

Shri K.M. Subbayya receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to theatre music.

सरताज नारायण माथुर

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: रंगमंच

SARTAJ NARAIN MATHUR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Theatre

राजस्थान के जयपुर में 14 जून 1935 को जन्मे, श्री सरताज नारायण माथुर वरिष्ठ रंगकर्मी हैं। आपने न केवल अभिनेता बल्कि निर्देशक और नाटककार के रूप में भी रंगमंच में अपना योगदान दिया है। आपने स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा निर्देशन विषय पर आयोजित कार्यशाला के दौरान आपने मोहन महर्षि से रंगमंच की बारीकियाँ सीखीं। आप राजस्थान के नाट्यशास्त्र विभाग में विजिटिंग फैकल्टी के अलावा जवाहर कला केंद्र के निदेशक भी रहे हैं।

हरिकृष्ण प्रेमी द्वारा लिखित और डी. पी. जोशी द्वारा निर्देशित नाटक रक्षा बंधन से आपने रंगजगत में प्रवेश किया था। तब से लेकर अब तक अभिनेता, निर्देशक, डिजाइनर, मंच प्रबंधक और लेखक के रूप में आप सैकड़ों नाट्य प्रस्तुतियों से जुड़े रहे हैं। आप पिछले 15 वर्षों से जवाहर कला केंद्र के बाल रंगमंच शिविर का संचालन कर रहे हैं। आप राजस्थान विश्वविद्यालय के नाट्यशास्त्र विभाग में नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन भी करते रहे हैं। आपकी कुछ महत्वपूर्ण नाट्य प्रस्तुतियाँ हैं—कोणार्क, नेफा लद्दाख हमारा है, दरिंदे, उत्तर उर्वशी और अंतरकथा। इन नाटकों की प्रस्तुति अहमदाबाद, दिल्ली, भोपाल, कोलकाता और जयपुर जैसे शहरों में हुई है। आप दूरदर्शन और आकाशवाणी के ए–श्रेणी के रंगकर्मी हैं। आप द्वारा लिखित आठ नाटक—उजली दस्तक, सिसकते पाषाण, अभिशप्त, जज्बा, अब...?, फुनगी, हंसती कोख के आँसू, और जेठवा उजाली प्रकाशित हो चुके हैं। आपने कुछ नाटकों का अनुवाद और रूपांतरण कार्य भी किया है।

श्री माथुर को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी सहित कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है।

रंगमंच में योगदान के लिए श्री सरताज नारायण माथुर को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 14 June 1935 in Jaipur, Rajasthan, Shri Sartaj Narain Mathur is a senior theatre artist, actor, director, and a writer. He has received his education up to graduation. He learnt the nuances of theatre from Mohan Maharshi when he attended a workshop under his direction organized by the National School of Drama. A visiting faculty at Department of Dramatics, Rajasthan, he has been a director of Jawahar Kala Kendra.

He had been initiated into theatre through performance in a Harikrishna Premi's play *Raksha Bandhan* directed by D.P. Joshi. Since then he has been associated with hundreds of play presentations as an actor, director, designer, stage manager, and writer. He has been conducting Jawahar Kala Kendra Children's Theatre Camps for the past 15 years. He has also been organizing theatre workshops at the Department of Dramatics, University of Rajasthan. Some of the plays he has been associated with include *Konark*, *Nefa Ladakh Hamara Hai*, *Darinde*, *Uttar Urvashi*, and *Antarkatha*, presented in different cities, such as in Ahmedabad, Delhi, Bhopal, Kolkata, and Jaipur. He has also been empanelled by Doordarshan and Akashvani as an A-grade theatre artist. Eight of his plays have been published including - *Ujali Dastak*, *Siskate Pashan*, *Abhishapt*, *Jazba*, *Ab...?*, *Phunagi*, *Hansti Kokh ke Ansu*, and *Jethwa Ujali*. He has done some translations and adaptations also.

Shri Mathur has been felicitated by a number of institutions including Rajasthan Sangeet Natak Akademi.

Shri Sartaj Narain Mathur receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution in the field of theatre.



जनक हरिलाल दवे

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार
रंगमंच, गुजरात

JANAK HARILAL DAVE

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Theatre, Gujarat

गुजरात के भावनगर में 14 जून 1930 को जन्में श्री जनक हरिलाल दवे अभी अहमदाबाद में रहते हैं। आपने बड़ौदा एम. एस. विश्वविद्यालय से ड्रामाटिक्स में स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की है। उसके बाद आपने संगीत नाट्य भारती, राजकोट में प्रशिक्षण लिया, और यहीं 1963–1967 तक नाटक विभाग के अध्यक्ष भी रहे।

श्री जनक हरिलाल ने पटियाला स्थित पंजाबी विश्वविद्यालय में 1967–1971 तक नाट्यशास्त्र पढ़ाया। 1971 में आप गुजरात कॉलेज, अहमदाबाद से जुड़े और यहीं से नाट्य विभाग के अध्यक्ष पद पर रहते हुए 1988 में सेवानिवृत्त हुए। आप भवई शैली (पश्चिमी भारत की लोकप्रिय लोक नाट्य शैली) के विद्वान हैं। आपने आखरी कसाब्नो उघड़ (1997) और अभिनय प्रशिक्षण (2002) जैसी पुस्तकों की रचना की, जो कॉन्स्टेंटिन स्टैनिस्लावस्की की प्रणाली पर आधारित हैं। हेतुलाक्षी एकांकियो (2001) में आपके कुछ मौलिक नाटक हैं, जबकि शेष अनूदित नाटक हैं। आपकी भवई–वेश (भवई के रूप में रचित अलग–अलग कथाएँ) का प्रकाशन लोकरंजन भवई (1988), देहनो दुश्मन और वेशवंश (1998) के नाम से हुआ है। आप स्वभाव से सुधारोन्मुख रहे हैं। श्री दवे ने गुजराती में बाल रंगमंच के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस क्षेत्र में कई पुस्तकें: रंगालो चाल्यो फरवा (1989), नाटक खेले बाल गोपाला (1997) और बालनाट्य दिग्दर्शन कला (1997) का प्रकाशन किया है। आप बच्चों के बीच 'जनक दादा' के नाम से मशहूर हैं। श्री दवे को नाटक शिक्षण में योगदान के लिए 1993 में गुजरात सरकार से गौरव पुरस्कार मिल चुका है।

गुजराती रंगमंच में योगदान के लिए श्री जनक हरिलाल दवे को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 14 June 1930 in Bhavnagar, Shri Janak Harilal Dave lives in Ahmedabad, Gujarat. He completed his postgraduation in Dramatics from the Baroda M.S. University. He further trained at the Sangeet Natya Bharati, Rajkot, where he later (1963-1967) headed its Drama department.

Thereafter from 1967-1971, Shri Janak Harilal taught Dramatics at the Punjabi University in Patiala. In 1971, he joined Gujarat College, Ahmedabad and retired from there in 1988 as head of the Drama department. Shri Dave is a scholar of the Bhavai form (a folk theatre form popular mostly in western India). He wrote *Aakhri Kasabno Ughad (1997)* and *Abhinay Prashikshan* (2002), which are based on the system of Konstantin Stanislavski. His *Hetulakshi Ekankio* (2001) contains some original plays, while some are translated plays. His Bhavai-Vesha (literally different narratives composed in the form of Bhavai) are published as *Lokranjan Bhavai (1988)*, *Dehno Dushman* and *Veshavansh* (1998). They are mostly reform-oriented in nature. Shri Dave has also played a significant role in the development of children theatre in Gujarati, and has published several books in the field: *Rangalo Chalyo Farva (1989)*, *Natak Khele Bal Gopala (1997)* and *Balnatya Digdarshan Kala* (1997). He was popularly known as 'Janak Dada' among children.

Shri Dave received the Gaurav Puraskar from the Government of Gujarat in 1993 for his contribution in drama teaching.

Shri Janak Harilal Dave receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to theatre in Gujarat.

अब्बुरु जयतीर्थ

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
संबद्ध नाट्य कलाएँ

ABBURU JAYATHIRTHA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Allied Theatre Arts

कर्नाटक के अब्बुरु में 29 नवंबर 1939 को जन्मे, श्री अब्बुरु जयतीर्थ ने नाट्यदर्पण (कन्नड़ साहित्य कलासंघ) की स्थापना की। संगठन की औपचारिक शुरुआत गुब्बी वीरन्ना रंगमंदिर में दैवलीले नाटक के मंचन से हुई थी। नाट्यदर्पण आज भी सक्रिय है।

श्री जयतीर्थ को रंगजगत में जो पहचान मिली है, वह ध्वनि प्रभाव डिजाइन और संगीत रचना करने वाले कलाकार की है। उन दिनों ध्वनि प्रभाव आसानी से उपलब्ध नहीं थे, ऐसे में आपने ऐसे ध्वनि प्रभावों का निर्माण करना सीखा जिनका उपयोग नाट्य मंचन में किया जा सकता था। आप अपने नाटकों के माध्यम से समाज में मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने और सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने का प्रयास करते रहे हैं। आपका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच स्थापित करना रहा है।

रंगमंच की संबद्ध नाट्य कलाओं में योगदान के लिए श्री अब्बुरु जयतीर्थ को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 29 November 1939 at Abburu in Karnataka, Shri Abburu Jayathirtha started Natyadarpana (Kannada Sahitya Kalasangha). This organization was formally started by enacting a play *Daivaleele*, a play at the Gubbi Veeranna Rangamandira. Natyadarpana is active till today.

Shri Jayathirtha has received recognition in the field of theatre for designing sound effects and music compositions. In those days sound effects were not easily available, but he learnt to make sound effects that could be used in theatre. Through his theatre he has been trying to develop human values and spread social awareness in the society. The aim has been to reach out to more and more people.

Shri Abburu Jayathirtha receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution in the field of allied theatre arts.

मिक्कोंग ईको

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
जनजातीय संगीत, अरुणाचल प्रदेश

MIKKONG EKO

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Tribal Music, Arunachal Pradesh

अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले के सितांग गांव में 12 जुलाई 1943 को जन्मे, श्री मिक्कोंग ईको ने श्री डुकेक पाडुंग से लोक और जनजातीय संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री मिक्कोंग ईको अरुणाचल प्रदेश के एक मान्यता प्राप्त सोलुंग मिरी हैं जो आदि जनजातियों के पोनुंग, बारी और अबांग की पौराणिक कथाओं और गाथाओं का गान करते हैं। श्री मिक्कोंग ईको ने लगभग पांच दशकों तक लगातार राज्य के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और आकाशवाणी, पूर्वी सियांग के लिए भी प्रस्तुतियाँ की है। आप डोनयी पोलो येलम केबांग (डीपीवाईके), कारपुंग कार्डुक केन्द्र के सदस्य हैं, और आपने डीपीवाईके द्वारा आयोजित अबांग ओरिएंटेशन शिविर में भाग लिया है। आप द्वारा प्रशिक्षित कुछ कलाकारों ने पर्याप्त प्रसिद्धि अर्जित की है।

अरुणाचल प्रदेश के जनजातीय संगीत में योगदान के लिए श्री मिक्कोंग ईको को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 12 July 1943 in Sitang Village of East Siang District of Arunachal Pradesh, Shri Mikkong Eko received training in folk and tribal music from Shri Dukek Padung.

Shri Mikkong Eko has been a recognized Solung Miri of Arunachal Pradesh chanting the mythology and rhapsodies of Ponung, Bari, and Abang of the Adi tribes. Shri Mikkong Eko has consistently presented his art in prestigious festivals within the State for nearly five decades and has also performed for All India Radio, East Siang. He is a member of Donyi Polo Yelam Kebang (DPYK), Karpung Karduk Centre, and has attended Abang orientation camp by DPYK. A few of his students have attained prominence in their field.

Shri Mikkong Eko receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the tribal music of Arunachal Pradesh.

कोनपू ली कादू

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: जनजातीय संगीत, अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश के बिनी गाँव में 20 अक्टूबर 1945 को जन्मी, श्रीमती कोनपू ली कादू की स्कूली शिक्षा पाँचवीं कक्षा तक ही हुई है। भारत पर चीन के आक्रमण और परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण, आपको अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। लेकिन आपने अपने परिवार और अपने बड़ों से बहुत कुछ सीखा। आपका अधिकांश जीवन अपनी लोक आस्था, परम्परा और संस्कृति के संरक्षण और बढ़ावा देने में बीता है। समाजसेवी तालोम रुक्बो को आप अपना गुरु मानती हैं। आपने स्थानीय पारम्परिक गीत और मंत्र भी सीखे हैं।

लोक प्रार्थनाओं और मंत्रों का गान करने वाली पुजारन के रूप में आपको खूब ख्याति मिली है। आपके कार्यों को लोगों ने सराहा भी है।

अरुणाचल प्रदेश के जनजातीय संगीत में योगदान के लिए श्रीमती कोनपू ली कादू को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

KONPU LEE KADU

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Tribal Music, Arunachal Pradesh

Born on 20 October 1945, Shrimati Konpu Lee Kadu was born in Bini village of Arunachal Pradesh.

Konpu Lee Kadu had studied upto Class V but had to give up her formal studies due to the Chinese aggression and her family's financial problems. However, without any formal institutional learning, she imbibed much from her family and elders and has spent her life preserving and promoting the indigenous faith, traditions and culture of her State. She considers Talom Rukbo, a philanthropist, to be her Guru. She has also learnt local traditional songs and mantras.

She has received several commendations as a priest, chanting the indigenous prayers and incantations.

Shrimati Konpu Lee Kadu receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to the tribal music of Arunachal Pradesh.

धर्मेश्वर नाथ

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक नृत्य (ब्यास ओजापाली), असम

असम के सतघरिया में 31 दिसंबर 1935 को जन्मे, श्री धर्मेश्वर नाथ ने ब्यास ओजापाली का प्रशिक्षण गुरु शांतिराम नाथ के संरक्षण में प्राप्त किया। आपने असम और भारत के अन्य राज्यों में सार्वजनिक रूप से ब्यास ओजापाली की प्रस्तुतियाँ दी है और कई कलाकारों को इस कला का प्रशिक्षण भी दिया है।

असम के ब्यास ओजापाली लोक नृत्य में योगदान के लिए श्री धर्मेश्वर नाथ को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

DHARMESWAR NATH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Dance (Byas Ojapali), Assam

Born on 31 December 1935 in Satgharia, Assam, Shri Dharmeswar Nath received his training in Byas Ojapali under the tutelage of Santiram Nath. Shri Dharmeswar Nath has performed Byas Ojapali widely in Assam and other States of India and has also imparted training in the art form to numerous artists.

Shri Dharmeswar Nath receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Byas Ojapali folk dance of Assam.

माखन चन्द्र बोरा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
लोक संगीत और नृत्य, असम

असम के शिवसागर में 1 मार्च 1946 को जन्मे, श्री माखन चन्द्र बोरा ने बापूराम बोरा, पंकज बोरा और पराग चलीहा के संरक्षण में असम के पारंपरिक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आपने उत्तर–पूर्व में विभिन्न चरणों में श्री कृष्ण रासलीला का आयोजन और निर्देशन किया है। आप असम बिहू सुरक्षा समिति और ऑल असम बिहु कृति परिषद जैसे प्रमुख संस्थानों का हिस्सा रहे हैं। आपने 1969 में चित्रलेखा कला परिषद नामक एक सांस्कृतिक संगठन–सह–संस्थान की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जहाँ बहुत से छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है। संगीत निर्देशक के रूप में एक टीवी धारावाहिक और एक लघु फिल्म के निर्देशन का श्रेय भी आपको जाता है।

असम के लोक संगीत और नृत्य में योगदान के लिए श्री माखन चन्द्र बोरा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

MAKHAN CHANDRA BORAH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music and Dance, Assam

Born on 1 March 1946 in Sivasagar in Assam, Shri Makhan Chandra Borah learnt the traditional dances of Assam under the tutelage of Bapuram Bora, Pankaj Bora and Parag Chaliha.

He has organized and directed Shri Krishna Raslila in different stages in the North-east. He has been part of prominent institutions such as the Assam Bihu Suraksha Samittee and the All Assam Bihu Kristi Parishad. He has been instrumental in establishing a cultural organisation-cum-institution named Çhitralekha Kala Parishad in 1969 where several students have been trained. He is also credited with having directed a T.V. serial and a short film as a music director.

Shri Makhan Chandra Borah receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music and dance of Assam.

भरत सिंह भारती

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
लोक संगीत, बिहार

BHARAT SINGH BHARTI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Bihar

बिहार के भोजपुर जिले में 20 नवंबर 1936 को जन्मे, श्री भरत सिंह भारती ने लोक संगीत का प्रशिक्षण, गुरु शत्रुंजय प्रसाद (ललन जी) से प्राप्त किया है।

आप बिहार के बहुत ही लोकप्रिय कलाकार हैं। आपको बिहार के लोक संगीत की प्रस्तुति, प्रसार, शिक्षण और प्रचार का व्यापक अनुभव है। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के पटना केन्द्र के 'ए' श्रेणी के कलाकार हैं। आपने बिहार की विभिन्न लोक संगीत शैलियों पर आधारित एक संगीत कार्यक्रम का निर्माण किया है जो कि बहुत ही प्रशंसित रहा है। आपने देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित उत्सवों में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज की गुरु–शिष्य परम्परा योजना के तहत आपने कई युवाओं को प्रशिक्षित भी किया है। आपके लोक संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

बिहार के लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको 2015–16 में बिहार कला पुरस्कार और 2021 में भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

बिहार के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री भरत सिंह भारती को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 20 November 1936 in Bhojpur district of Bihar, Shri Bharat Singh Bharti received training in folk music from Satrunjay Prasad (Lalan Ji).

An exceedingly popular performer, Shri Bharat Singh Bharti has extensive experience of performing, disseminating, teaching, and promoting the folk music of Bihar. He is an 'A' grade artist of All India Radio and Doordarshan, Patna and had created and produced an acclaimed musical programme based on various folk music genres of Bihar. He has represented his State in many prestigious festivals in the country and abroad. Under the scheme of Guru Sishya Parampara of North Central Zone Cultural Centre, Prayagraj, he has trained many young students. He has many recordings of the folk music of Bihar to his credit.

For his contribution in the field of folk music of Bihar, Shri Bharat Singh Bharti has been honoured with several awards including the Bihar Kala Puraskar in 2015-16, and the Bhikhari Thakur Smriti Samman in 2021.

Shri Bharat Singh Bharti receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Bihar.

दयाभाई नथाभाई नकुम

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत और नृत्य, गुजरात

DAYABHAI NATHABHAI NAKUM

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music and Dance, Gujarat

गुजरात के द्वारका जिले के धरमपुर गांव में 20 दिसंबर 1944 को जन्मे, श्री दयाभाई नकुम ने छुटपन में ही गुजरात के सतवाड़ा समुदाय की समृद्ध कलात्मक विरासत को आत्मसात कर लिया था। आपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है।

श्री दयाभाई नकुम को गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के लोकप्रिय लोकनृत्य भवन बेड़ा के कलाकार के रूप में प्रसिद्धि मिली है। आपने देश–विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में प्रस्तुतियाँ दी है और कई कार्यशालाओं का संचालन किया है। आपने आकाशवाणी, राजकोट; और दूरदर्शन, राजकोट, अहमदाबाद, मुंबई और गोरखपुर के लिए भी प्रदर्शन किया है। श्री दयाभाई नकुम ने क्षेत्र के कई युवा किसानों को नृत्य में प्रशिक्षित किया है और भवन बेड़ा रास समूह की स्थापना की है, जिसे अंबावाड़ी कला वृंद के नाम से जाना जाता है। अंबावाड़ी कला वृंद को राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली है। समूह ने अपना उत्सव, दिल्ली; राष्ट्रीय खादी सम्मेलन; और मेगा नवरात्रि महोत्सव सहित देश के कई प्रतिष्ठित समारोहों में प्रस्तुतियाँ दी है। 1987 में सोवियत रूस में आयोजित भारत महोत्सव में भी अंबावाड़ी कला वृंद ने अपनी प्रस्तुति दी थी। तब से यह सांस्कृतिक समूह राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बहुत से महोत्सवों में भवन बेड़ा रास की प्रस्तुतियाँ देता आ रहा है।

गुजराती लोक संगीत और नृत्य में योगदान के लिए श्री दयाभाई नकुम को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 20 December 1944 in Dharampur village of Dwarka district of Gujarat, Shri Dayabhai Nathabhai Nakum imbibed the rich artistic heritage of the Satwara community of Gujarat at an early age. He has obtained a diploma in Mechanical Engineering.

Shri Dayabhai Nakum soon achieved prominence as a performer of Bavan Beda - a popular folk dance of the Saurashtra region of Gujarat, performing in many prestigious music festivals in India and abroad, and conducting many workshops around the world. He has performed for All India Radio, Rajkot; and Doordarshan, Rajkot, Ahmedabad, Mumbai and Gorakhpur. Shri Dayabhai Nakum has trained many young farmers of the region and created the Bavan Beda Raas group known as Ambawadi Kala Vrund. After years of successful performances in Gujarat, Ambawadi Kala Vrund got prominence at the national level. The group performed in many prestigious festivals in the country including the Apna Utsav, Delhi; National Khadi Convention; and the Mega Navaratri Festival. In 1987 the Ambawadi Kala Vrund participated in the Festival of India held in the USSR, and since then this cultural group has presented Bavan Beda Raas at the State, National and International level festivals.

Shri Dayabhai Nakum receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution in the field of folk music and dance of Gujarat.

महाबीर नायक

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक संगीत, झारखंड

झारखंड के रांची जिले के उरुगुट्टू गांव में 24 सितंबर 1942 को जन्में, श्री महाबीर नायक ने बाल्यकाल में ही झारखंड के लोक संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी। श्री महाबीर नायक ने लोक संगीत का प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने पिता श्री फुदु नायक से प्राप्त किया और बाद में श्री बलिराम नायक के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखारा।

अपनी प्रदर्शन मंजूषा को समृद्ध करने के लिए, श्री महाबीर नायक ने झारखंड के कई जनजातीय संगीत वाद्यों का वादन सीखने के अतिरिक्त कई लोक नृत्य भी सीखे। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन, रांची में नागपुरी लोक गीतों और नृत्यों के सूचीबद्ध कलाकार हैं। आपने देश–विदेश में आयोजित कई महोत्सवों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आप छोटानागपुर संस्कृति संघ के सचिव; झारखंड राज्य गाशी समाज संघ के अध्यक्षय और वर्तमान में नागपुरी साहित्य संस्कृति मंच, रांची के अध्यक्ष हैं। आपने धार पत्रिका और कला संगम पत्रिका सहित कई पत्रिकाओं के लिए सह–संपादक के रूप में काम किया है। आपने बिरसा मुंडा फिल्म में बिरसा मुंडा के गुरु का किरदार निभाया है।

झारखंड लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2021 में झारखंड रत्न पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से आपको सम्मानित किया गया है।

झारखंड के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री महाबीर नायक को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

MAHABIR NAYAK

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Music, Jharkhand

Born on 24 September 1942 in Uruguttu village of Ranchi district of Jharkhand, Shri Mahabir Nayak was initiated in the field of folk music of Jharkhand at an early age. Shri Mahabir Nayak received his initial training in folk music from his father, Shri Fudu Nayak and later was groomed under the guidance of Shri Baliram Nayak.

In order to enrich his repertoire, Shri Mahabir Nayak learnt various folk dances, besides many tribal musical instruments of Jharkhand. He is an empanelled artist of Nagpuri folk songs and dances in All India Radio and Doordarshan, Ranchi. Shri Mahabir Nayak has performed in many regional and national festivals of the country and abroad. He has served in many prestigious organizations of Jharkhand including Chottanagpur Sanskriti Sangh as Secretary; Jharkhand Rajya Gashi Samaj Sangh as President; and is at present working as President of Nagpuri Sahitya Sanskriti Manch, Ranchi. He has also worked as co-editor for many magazines including *Dhar* magazine, and *Kala Sangam* magazine. He has also acted in a Birsa Munda film as a Guru of Birsa Munda.

For his contribution in the field of folk music of Jharkhand, Shri Mahabir Nayak has been bestowed with several awards including the Jharkhand Ratna Award in 2021.

Shri Mahabir Nayak receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Jharkhand.

मारेप्पा चन्नादासर

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक कला, कर्नाटक

MAREPPA CHANNADASAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Arts, Karnataka

कर्नाटक के कोप्पल जिला स्थित येलबुर्गा में 16 जनवरी 1939 को जन्मे, श्री मारेप्पा चन्नादासर ने 45 वर्षों तक रमन्ना चन्नादासर से लोक कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपकी प्रस्तुतियों का एक कैसेट भी उपलब्ध है।

कर्नाटक की लोक कलाओं में योगदान के लिए श्री मारेप्पा चन्नादासर को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 16 January 1939, Shri Mareppa Channadasar comes from Yelburga, district Koppal, Karnataka. He has trained under Ramanna Channadasar for 45 years.

Shri Channadasar has a cassette to his credit.

Shri Mareppa Channadasar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk arts of Karnataka.

छीरींग स्तंजिन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत, लद्दाख

लद्दाख के स्कर्बुचन में 1944 में जन्मे, श्री छीरींग स्तंजिन मुख्य रूप से लोक गायक हैं। आपने शहनाई, बांसुरी तथा कोपांगी वादन का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।

आपने आकाशवाणी लेह में अंशकालिक गायक के रूप में सन् 1973 से वर्षों तक काम किया है। आप लेह में रिकॉर्ड किए गए गीतों की एआईआर लाइब्रेरी के संरक्षण कार्य में भी शामिल रहे हैं। डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए कला, संस्कृति और भाषा अकादमी में 800 से अधिक पारंपरिक पुराने गीतों को रिकॉर्ड किया गया था जिसमें आपने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। आपने लद्दाखी विवाह गीतों पर दो महत्वपूर्ण पुस्तकों और पुराने पारंपरिक गीतों पर तीन खंडों में पुस्तकों की रचना की है जो कला, संस्कृति और भाषा अकादमी द्वारा प्रकाशित की गई हैं। आप आकाशवाणी, लेह; कला, संस्कृति और भाषा अकादमी, केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख; और लद्दाख की सांगीतिक विरासत जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सदस्य रहे हैं।

लद्दाखी लोक संगीत में योगदान के लिए श्री छीरींग स्तंजिन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

TSERING STANZIN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Ladakh

Born in 1944 in Skurbuchan in Ladakh, Shri Tsering Stanzin trained primarily as a vocalist and in Shehnai, Bansuri and Kopangi strings.

Shri Stanzin also worked as a part time singer at the All India Radio in Leh since 1973. He has also been involved in preserving the AIR Library of recorded songs at Leh. He has been at the forefront for getting more than 800 traditional old songs recorded at the Academy of Art, Culture and Languages for creating a digital library. He has published two important books on the marriage songs of Ladakh, and a set of three volumes of old traditional songs, both published by the Academy of Art, Culture and Languages. He has been a member of reputed institutions such as the All India Radio, Leh; Academy of Art, Culture and Languages, Union Territory of Ladakh; and Musical Heritage of Ladakh.

Shri Tsering Stanzin receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Ladakh.

अबूसाला मयमपोक्काडा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक संगीत और नृत्य, लक्षद्वीप

लक्षद्वीप के एंड्रोट द्वीप में 1 जून 1934 को जन्में, श्री अबूसाला मयमपोक्काडा ने पहले खालिद नेलाल और फिर एंड्रोट द्वीप के परिचक्कली कलारी कीचेरी संस्थान से परिचकली का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आपने लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा आयोजित सभी समारोहों में भाग लिया है। आपने क्षेत्र के कई छात्रों को परिचकली का प्रशिक्षण भी दिया है। आप एंड्रोट आइलैंड के टीनएजर्स आर्ट्स एंड स्पोर्ट्स क्लब और करक्कड़ यंग चैलेंजर्स क्लब से जुड़े रहे हैं।

लक्षद्वीप के लोक संगीत और नृत्य में योगदान के लिए श्री अबूसाला मयमपोक्काडा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

ABOOSALA MAYAMPOKKADA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Music and Dance, Lakshadweep

Born on 1 June 1934 in Andrott island of Lakshadweep, Shri Aboosala Mayampokkada started learning Parichakali under Khalid Nellal and later from Parichakkali Kalari Keecheri institution of Andrott Island.

He has participated in all the functions organized by the Lakshadweep administration. He has given training of Parichakali to many students of the region. He has been associated with the Teenagers Arts and Sports Club and Karakkad Young Challengers Club, Andrott Island.

Shri Aboosala Mayampokkada receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music and dance of Lakshadweep.

हीरा सिंह बोरलिया

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक संगीत, मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश के उज्जैन में 12 जून 1934 को जन्मे, श्री हीरा सिंह बोरलिया ने रंभा बाई, श्याम परमार, हरलाल जी मकवाना, रवींद्र जैन और देवीलाल समर जैसे गुरुओं से मालवी लोक संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आपने उज्जैन के माधव संगीत महाविद्यालय में संगीत शिक्षक के रूप में काम किया है। मालवी लोक संगीत में आपके योगदान का दस्तावेजीकरण करते हुए डॉ. सरिता मैकेंजी – मैकहार्ग ने एक पुस्तक की रचना की थी, जिसका नाम है–हीरा सिंह बोरलिया: मालवा का पारंपरिक लोक गीत। श्री बोरलिया ने स्वयं भी सन् 1978 में मालवा के भजन नामक पुस्तक की रचना की थी। सन मंदिर (आनंद, गुजरात) द्वारा गोरखवाणी और ठठरी छोड़ चला बंजारा नाम से आपके गीतों के दो कैसेट जारी किए थे। आप द्वारा संकलित मालवा लोक संगीत को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। वर्ष 1982 में, फ्रांस के हाउस ऑफ कल्चर द्वारा आपको 40 दिवसीय दौरे: लेस चैंट्स डिवोशनल्स उज्जैन एट डान्सेस डु राजस्थान के लिए आमंत्रित किया गया था। आपने समस्त उत्तर भारत में मालवा लोक संगीत पर कार्यशालाओं और शोज का आयोजन किया है। आप सन् 1955 से आकाशवाणी के कलाकार रहे हैं। बाद में, आप ऑडिशन समिति के सदस्य बन गए। आपने दूरदर्शन के लिए भी कई प्रस्तुतियाँ दी है।

मध्य प्रदेश के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री हीरा सिंह बोरलिया को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

HEERA SINGH BORLIYA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Music, Madhya Pradesh

Born on 12 June 1934 at Ujjain in Madhya Pradesh, Shri Heera Singh Borliya has trained in the Malwi Lok Sangeet form under teachers like Rambha Bai, Shyam Parmar, Harlal Ji Makwana, Ravindra Jain and finally under Devilal Samar.

He has worked as a music teacher at the Madhav Sangeet Mahavidyalaya in Ujjain. A publication documenting his contribution and renown in the field came out as *Hira Singh Borliya: Traditional Folk Songs of Malwa* by Dr Sarita McKenzie - McHarg. Shri Borliya also authored a book *Malwa ke Bhajan* in 1978. Sun Mandir (Anand, Gujarat) has released two cassettes of his titled Gorakhwani, and Thathri Chhod Chala Banjara. His compilation of the Malwa Lok Sangeet has been incorporated in the academic curriculum of Indira Kala Sangeet Maha Vishwa Vidyalaya. In the year 1982, the House of Culture in France invited him for a 40-day tour: Les chants devotionnels dUjjain et danses du Rajasthan. He has also conducted Malwa folk workshops and shows across northern India. He has been an artist with the All India Radio since 1955. Later, he became a part of the audition committee. He has appeared in several performances which were aired on Doordarshan.

Shri Heera Singh Borliya receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Madhya Pradesh.

चुन्नीलाल रैकवार

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत, मध्य प्रदेश

CHUNNILAL RAIKWAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Madhya Pradesh

मध्य प्रदेश के सागर जिले के करांपुर गाँव में 1 जनवरी 1940 को जन्मे, श्री चुन्नीलाल रैकवार ने कम उम्र में ही अपने क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को आत्मसात कर लिया था। आपने कुड्डे रैकवार से लोक संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर आपने जमीनी स्तर पर सामाजिक कार्यों में सहयोग किया है। आपने गायक और संगीतकार के रूप में अपने रचनात्मक प्रयास से बुंदेलखंड क्षेत्र की ढिमरयाई परंपरा को आगे बढ़ाया है।

बुंदेली लोक संगीत के पेशेवर गायक के रूप में आपने दर्शकों में खूब लोकप्रियता अर्जित की है। आपको मध्य प्रदेश के लोक संगीत के कुशल कलाकारों में से एक माना जाता है। आपने राज्य के साथ–साथ देश के अन्य क्षेत्रों में आयोजित प्रतिष्ठित समारोहों में भी ढिमरयाई गायन प्रस्तुत किया है।

मध्य प्रदेश के लोक संगीत में योगदान के लिए आपको 1995 में आकाशवाणी, छतरपुर द्वारा दिए गए राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

मध्य प्रदेश के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री चुन्नीलाल रैकवार को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1940 in Karrapur village of Sagar district of Madhya Pradesh, Shri Chunnilal Raikwar imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. He has received training in folk music from Kuddey Raikwar. Working close to his roots in the social sector with the local administration, he has carried forward the Dhimaryayi tradition of the Bundelkhand region by his creative endeavour as an artist, singer, and composer.

Taking up Bundeli folk music as a profession, Shri Chunnilal Raikwar soon won an audience as a singer, and is today considered to be one of the most accomplished performers of the folk music of Madhya Pradesh. He has presented Dhimaryayi singing in many prestigious festivals within the State as well as other parts of the country.

For his contribution in the field of folk music of Madhya Pradesh he has been honoured with several awards including the National Award from All India Radio, Chhatarpur, Madhya Pradesh in 1995.

Shri Chunnilal Raikwar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Madhya Pradesh.

भिकल्या लाडक्या धिंडा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार रू लोक एवं जनजातीय संगीत, महाराष्ट्र

BHIKLYA LADAKYA DHINDA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk and Tribal Music, Maharashtra

महाराष्ट्र के वालवांडा गांव में 1 जनवरी 1942 को जन्मे, श्री भिकल्या लाडक्या धिंडा महाराष्ट्र के ग्रामीण जगत में किंवदंती बन चुके हैं। आप चौथी पीढ़ी के तारपा वादक हैं और आज भी इस पवित्र परंपरा का पालन करते हैं। भिकल्या लाडक्या धिंडा ने तारपा वादन का प्रशिक्षण अपने दादा श्री ढाकल्या नवश्या धिंडा से प्राप्त किया और बाद में अपने पिता श्री लाडक्या ढाकल्या धिंडा के मार्गदर्शन में अपने कौशल को निखारा।

आप तारपा वादक के रूप में प्रसिद्ध हैं और आपने महाराष्ट्र तथा देश के अन्य हिस्सों में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने अपने गाँव और आसपास के इलाकों में कार्यशालाओं का आयोजन किया है। आप तारपा को जिन्दगी जीने का तरीका मानते हैं। आपके अनुसार, तारपा ऊर्जा का भँवर निर्मित करता है, यह उर्वरता और कल्याण का प्रतीक है जो प्रकृति का पोषण और संरक्षण करता है। यह मिट्टी, पेड़–पौधे, पशु–पक्षी, कीड़े–मकोड़े और मनुष्य–सभी की समान रूप से फलने–फूलने में सहायता करता है।

महाराष्ट्र के लोक और जनजातीय संगीत में योगदान के लिए श्री भिकल्या लाडक्या धिंडा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1942 in Waalwanda village of Maharashtra, Shri Bhiklya Ladakya Dhinda is one of the living legends of rural Maharashtra. He is the fourth generation Tarpa player and follows this sacred tradition to this day. Bhiklya Ladakya Dhinda received training in Tarpa playing from his grandfather Shri Dhaklya Navshya Dhinda and was later groomed under the guidance of his father Shri Ladkya Dhaklya Dhinda.

Shri Bhiklya Ladakya Dhinda has achieved prominence as a player of Tarpa, performing in many prestigious music festivals in Maharashtra and other parts of the country, and conducting many workshops around his village. He speaks of the Tarpa as a way of life and how it works as an instrument that creates a vortex of energy, creating fertility and well-being, thus worshipping and sustaining Mother Nature and aiding all her children - plants, the soil, trees, birds, animals, insects and human beings alike: to thrive, grow and blossom.

Shri Bhiklya Ladakya Dhinda receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk and tribal music of Maharashtra.

हरिश्चंद्र प्रभाकर बोरकर

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
मराठी लोकनाट्य (खड़ी गम्मत)

HARISHCHANDRA PRABHAKAR BORKAR

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Theatre (Khadi Gammat)

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में 11 अक्टूबर 1944 को जन्मे, श्री हरिश्चंद्र प्रभाकर बोरकर ने विदर्भ के खड़ी गम्मत, डंडार और दहाका जैसे पुराने पारंपरिक लोक नाटकों को पुनर्जीवित किया है। आपने नागपुर विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की है और नागपुर विश्वविद्यालय से भाषा विज्ञान में बीएड, एमएड और पीएचडी भी की है। आप खड़ी गम्मत जैसी लोकनाट्य परम्परा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में सफल रहे हैं। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर आपने खड़ी गम्मत महा महोत्सव का आयोजन किया था, जिसमें 65 लोक नाट्य समूहों ने भागीदारी की थी। आपने दूरदर्शन के नागपुर और मुम्बई केन्द्रों के लिए भी खड़ी गम्मत की प्रस्तुति दी है।

खड़ी गम्मत के लोक स्वरूप के अनुरक्षण में योगदान के लिए दूरदर्शन के नागपुर और मुंबई केन्द्रों तथा पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आपको प्रलेखित किया गया है। आपने भारतीय लोक कला महासंघ के उपाध्यक्ष और महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के विभाग में खड़ी गम्मत अनुदान चयन समिति के सदस्य के रूप में भी काम किया है। आप 2012 में महाराष्ट्र लोक कला संघ, नागपुर के अध्यक्ष भी रहे हैं। आपको संस्कृति मंत्रालय की तरफ से वरिष्ठ अध्येतावृत्ति भी मिल चुकी है।

महाराष्ट्र के लोक नाट्य (खड़ी गम्मत) में योगदान के लिए श्री हरिश्चंद्र प्रभाकर बोरकर को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 11 October 1944 in Bhandara district of Maharashtra, Shri Harishchandra Prabhakar Borkar has revived the old traditional folk dramas in Vidarbha like Khadi Gammat, Dandar, and Dahaka. He has obtained an MA from Nagpur University and has also got a BEd, MEd, and also a PhD in linguistics from the Nagpur University. He has managed to disseminate the folk art of Khadi Gammat to a whole new generation. On the occasion of the Maharashtra Day he arranged for Khadi Gammat Maha Mahotsav which saw the participation of 65 groups. He has also presented Khadi Gammat on the screen of Nagpur Doordarshan and Mumbai Doordarshan.

His life and works and his contribution to the folk form of Khadi Gammat has been documented by the Doordarshan Kendra, Nagpur and Mumbai, and by the West Zone Cultural Centre, Udaipur. He has served as the Vice President of the Bharatiya Lok Kala Mahasangh, and as a member of the Khadi Gammat Grant Selection Committee in Cultural Affairs Department of the State of Maharashtra. He has also been the President of the Maharashtra Lok Kala Sangh, Nagpur from 2012. He has received a Senior Fellowship from the Ministry of Culture.

Shri Harishchandra Prabhakar Borkar receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk theatre (Khadi Gammat) of Maharashtra.

हाओरोंबम बिश्वरूप सिंह

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
थांग–टा, मणिपुर

HAORONGBAM BISHWAROOP SINGH

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Thang-ta, Manipur

मणिपुर के नामबोल अवांग लैकाई में 1 नवंबर 1943 को जन्मे, श्री हाओरोंबम बिश्वरूप सिंह ने सनासम रुद्र सिंह के मार्गदर्शन में थांग–टा का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने आर. के. मधुरजाजीत सिंह, पौनम जुगिन्द्रो सिंह, लैरेन्मायुम दामू सिंह के मार्गदर्शन में हकचांग शागेल और शरित सारक का प्रशिक्षण भी लिया है। आपने गुरुमायुम गौराकिशोर शर्मा के अधीन थांग–टा में डिग्री प्राप्त की है। आप जिम्नास्टिक के मुकना, कांगेई, युबी लाक्पी सरित सारक जैसे संबद्ध रूपों में भी प्रशिक्षित हैं।

श्री हाओरोंबम बिश्वरूप सिंह ने थांग–टा मणिपुर विश्वविद्यालय में अतिथि संकाय और सना लेइबक मणिपुर हकचांग शाजेल थांग–टा शिंदम शांग्लेन, नांबोल, मणिपुर के प्रिंसिपल–सह–उपाध्यक्ष के रूप में काम किया है। आप हुइयेल लालोंग मणिपुर थांग–टा एसोसिएशन और चेइराप लोइसांग गोबिंदजी मंदिर बोर्ड, इंफाल के सदस्य; और थांग–टा लोइशांग सना कोनुंग, इंफाल के सलाहकार हैं। आप संगीत नाटक मंदिर, नांबोल के उपाध्यक्ष और बिष्णुपुर जिला थांग–टा इंडिजिनस गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं।

आपको थांग–टा के क्षेत्र में योगदान के लिए मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार और हुईयेन लालोंग थांग–टा सांस्कृतिक संघ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मणिपुर की थांग–टा कला में योगदान के लिए श्री हाओरोंबम बिश्वरूप सिंह को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 November 1943 in Nambol Awang Leikai in Manipur, Shri Haorongbam Bishwaroop Singh trained in Thang-ta under the guidance of Sanasam Rudra Singh. He trained in Hakchang Shagel and Sharit Sarak under R.K. Madhurjajit Singh, Paonam Jugindro Singh, Lairenmayum Damu Singh and also obtained a degree in Thang-ta under Gurumayum Gourakishwor Sharma. He has also received training in allied forms of gymnastics such as Mukna, Kangei, Yubi Lakpi Sarit Sarak.

Shri Haorongbam Bishwaroop Singh has held teaching positions as Guest Faculty of Thang-ta Manipur University and as the Principal-cum-Vice President, Sana Leibak Manipur Hakchang Shajel Thang-ta Shindam Shanglen, Nambol, Manipur. He is also a member of the Huiyel Lalong Manipur Thang-ta Association; a member of the Cheirap Loisang Gobindajee Temple Board, Imphal; and also an Advisor to the Thang-ta Loishang Sana Konung, Imphal. He has also been the Vice-President of Sangeet Natak Mandir, Nambol. He has been the President of the Bishnupur District Thang-ta Indigenous Games Association, Bishnupur.

He has received the Manipur State Kala Academy Award in Thang-ta, and the Huiyen Lalong Thang-ta Cultural Association Award.

Shri Haorongbam Bishwaroop Singh receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the art of Thang-ta of Manipur.



ग्लूसेस्टर नोंगबेट

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक संगीत, मेघालय

GLOUCESTER NONGBET

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Music, Meghalaya

मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स के शिलांग में 8 जुलाई 1938 को जन्मे, श्री ग्लूसेस्टर नोंगबेट ने बचपन में ही लोक संगीत की दुनिया में कदम रख दिया था। आप एक पूर्व आईआरएस अधिकारी हैं। मेघालय सरकार के सीमा शुल्क विभाग में कार्यरत थे, वहीं से आप सेवानिवृत्त हुए हैं।

श्री ग्लूसेस्टर नोंगबेट एक जोशीले और निपुण लोक गायक हैं। आप खासी समुदाय के विशिष्ट वाद्य दुईतारा के वादन में सिद्धहस्त हैं। इसके अतिरिक्त आप दुईतारा बनाने में भी माहिर हैं। इतना ही नहीं, आप क्सिंग, बांसुरी, गिटार और इलेक्ट्रॉनिक पियानो भी निपुणता के साथ बजा सकते हैं। आपने प्रकृति, देशभक्ति और भक्ति से संबंधित सौ से अधिक लोकगीतों की रचना की है और उन्हें संगीतबद्ध भी किया है। आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के 'ए' श्रेणी के कलाकार हैं। आपने न केवल मेघालय बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में अनगिनत प्रस्तुतियाँ दी है। आपने नाटकों और क्षेत्रीय फिल्मों के लिए भी कई स्क्रिप्ट लिखे हैं। आपने खासी फिल्म शा बा सेप का स्न्गी समेत कई क्षेत्रीय फिल्मों में अभिनय भी किया है।

मेघालय के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री ग्लूसेस्टर नोंगबेट को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 8 July 1938 in Shillong of East Khasi Hills district of Meghalaya, Shri Gloucester Nongbet was initiated in the field of folk music of Meghalaya at an early age. He is a retired IRS officer of the Department of Customs, Government of Meghalaya.

Shri Gloucester Nongbet is a passionate and accomplished folk singer, composer, and a musician with specialization in Duitara - a string musical instrument of the Khasi community. He is also specialized in Duitara-making and can play folk music instruments like the Ksing - a traditional percussion instrument, Flute, Guitar and the electronic Piano with dexterity. Shri Gloucester Nongbet has written and composed more than a hundred folk songs on nature, patriotism and devotional themes. He is an 'A' grade artist of All India Radio and Doordarshan. He has given innumerable performances within the State and other parts of the country. He has written many scripts for theatre and regional films and acted in the Khasi movie *Sha Ba Sep Ka Sngi* and a few others.

Shri Gloucester Nongbet receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Meghalaya.

आनन्द बाग

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक संगीत, ओडिशा

ओडिशा के बारगढ़ जिले के बिसीपाली गांव में 19 मई 1940 को जन्मे, श्री आनन्द बाग का कम उम्र में ही लोक संगीत की दुनिया में पदार्पण हो गया था। आप ब्रह्मवीणा के कलाकार हैं। यह ओडिशा का तंत्रीवाद्य है। आपने प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने पिता लछमन बाग से प्राप्त किया और बाद में सुंदर बाग के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखारा।

आप जोशीले और निपुण लोक गायक और संगीतकार हैं। आपने आदि धुन (ओडिशा का लोक और जनजातीय संगीत बैंड) के प्रमुख कलाकार के रूप में ओडिशा सरकार, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों तथा संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने कई छात्रों को लोक संगीत में प्रशिक्षित भी किया है। ओडिशा के लोक और जनजातीय संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री आनन्द बाग को जुहार सम्मान (2020) और कलाग्राम सम्मान (2021) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

ओडिशा के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री आनन्द बाग को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

ANANDA BAG

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Music, Odisha

Born on 19 May 1940 in Bisipali village of Bargarh district of Odisha, Shri Ananda Bag was initiated in the field of folk music of Odisha at an early age. Shri Ananda Bag is an exponent of Brahmaveena - a stringed musical instrument of Odisha, and received his initial training from his father Lachman Bag, and later was groomed under the guidance of Sundar Bag.

Shri Ananda Bag is a passionate and accomplished folk singer and musician. As a lead performer of Aadi Dhun (Folk and Tribal Musical Band of Odisha), he has performed in many prestigious festivals organized by the State Government of Odisha, various zonal centres, and Sangeet Natak Akademi, New Delhi. He has trained many students. For his contribution in the field of folk and tribal music of Odisha, Shri Ananda Bag has been felicitated by many organizations and received several awards including the Juhar Samman in 2020, and the Kalagram Samman in 2021.

Shri Ananda Bag receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Odisha.

वीरासामी श्रीनिवासन

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
पुतुल, पुडुचेरी

पुडुचेरी के विझिथियुर में 7 अप्रैल 1946 को जन्मे, श्री वीरासामी श्रीनिवासन ने सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्सेज एंड ट्रेनिंग से पुतुल कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। संस्था द्वारा आपको शिक्षा में पुतुल जैसे विषय पर प्रशिक्षण सहायता भी उपलब्ध कराई गई थी।

अगस्त 1990 में दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित उत्सव के साथ ही आपने 1995 में केरल में आयोजित भारतोत्सवम–94 और 1998 में अंडमान निकोबार में आयोजित द्वीप पर्यटन महोत्सव समेत कई उत्सवों में प्रस्तुतियाँ दी है। आपने पुडुचेरी के स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, चुनाव और शिक्षा विभागों के विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों के लिए पुतुल शो किए हैं।

पुतुल कला में योगदान के लिए श्री वीरासामी श्रीनिवासन को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

VEERASAMY SRINIVASAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Puppetry, Puducherry

Born on 7 April 1946 in Vizhidhiyur, Puducherry, Veerasamy Srinivasan learnt the art of Puppetry from the Centre for Cultural Resources and Training from which he has received training support in Puppetry for education.

Shri Srinivasan has participated in many programmes organized by the South Zone Cultural Centre in August 1990; Bharathotsavam - 94 organized in Kerala in 1995; and in Island Tourism Festival in Andaman Nicobar in 1998. He has participated in many public awareness programmes through puppetry shows organized by the departments of health, social welfare, election and education of Puducherry.

Shri Veerasamy Srinivasan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the art of Puppetry.

घोघे खान

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत, राजस्थान

श्री घोघे खान राजस्थान के प्रसिद्ध अल्गोजा वादक हैं। आपका जन्म 1 जनवरी 1932 को हुआ था। जब आप केवल 10 वर्ष के थे, तभी आपके पिता मीर खान का हैदराबाद (अब पाकिस्तान में) के खैरपुर गाँव में निधन हो गया। ऐसे में अल्गोजा वादन सीखने के लिए आपको कमरा शरीफ (अब पाकिस्तान में) गाँव के भीतघानी स्कूल जाना पड़ा जहाँ पीर मिशरी जमाल के मार्गदर्शन में आपने छह वर्षों तक अल्गोजा वादन सीखा।

अल्गोजा बजाने का फन सीखने के बाद आप राजस्थान के बाड़मेर जिले के डूडिया गाँव आ गए और अपने नाना–नानी के साथ रहने लगे। बाड़मेर आने के बाद से आप लगातार अल्गोजा वादन कर रहे हैं और इसी कला के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे हैं। आपने 1982 में आयोजित एशियाड गेम्स के उद्घाटन समारोह सहित कई महत्वपूर्ण अवसरों पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। आपने देश–विदेश में कई जगहों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। आप आकाशवाणी के सूचीबद्ध कलाकार हैं और रेडियो पर अल्गोजा वादन अधिकतर आप ही करते हैं। यह आपकी निरंतर साधना का ही परिणाम है कि बिंजराड़, कुंदनपुर, बुरहान का तला, भूनिया, भलीसर, झाड़पा और डेरासर जैसे अल्गोजा वादकों के गाँवों में आपकी अलग ही प्रतिष्ठा है।

राजस्थान के लोक संगीत में अल्गोजा वादक के रूप में योगदान के लिए श्री घोघे खान को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

DHODHE KHAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Rajasthan

Born on 1 January 1932, Shri Dhodhe Khan is a famous Algoja player of Rajasthan. He lost his father Mir Khan when he was only 10 years old in Khairpur village of Hyderabad (now in Pakistan). So he visited Pir Mishri Jamal of Bheetghani school in the village Kamara Sharif (now in Pakistan) to learn the art of Algoja playing for six years.

After learning the art, Shri Dhodhe Khan came back to his maternal grandparents' home in Doodiya village in Barmer, Rajasthan and since then he has been carrying on his practice there presenting his performances of Algoja playing continuously and is making a living out of his art. Shri Dhodhe Khan has performed on important occasions including the opening ceremony of the Asiad in 1982. He has performed in many countries too. He is an empanelled artist on All India Radio and the recordings of Algoja that is heard occasionally on Radio are mostly played by him. It is because of his continuous *sadhana* (practice) that his village has a distinct name among the other villages known for their Algoja players such as Binjrad, Kundanpur, Burhan ka Tala, Bhooniya, Bhalisar, Jhadpa, and Derasar.

Shri Dhodhe Khan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Rajasthan as an Algoja player.

हकीम खान

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
लोक संगीत, राजस्थान

HAKIM KHAN

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Rajasthan

राजस्थान के बाड़मेर जिले के हाड़वा गाँव में 1 जनवरी 1940 को जन्मे, श्री हकीम खान ने राजस्थानी लोक संगीत की मांगणियार परंपरा की समृद्ध कलात्मक विरासत को आत्मसात किया है। आपने कमाइचा वादन का प्रशिक्षण अपने पिता उस्मान खान से प्राप्त किया है।

राजस्थानी तंत्री वाद्य कमाइचा के वादक के रूप में आपने खूब प्रसिद्धि प्राप्त की है। आपने देश–विदेश में आयोजित होने वाले कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और बहुत सी कार्यशालाओं का संचालन किया है। आपके पास लोकगीतों, जांगड़ा शैली गीत, मीराबाई, तुलसीदास, कालिदास और सूरदास के भजनों की समृद्ध मंजूषा है। आप रूपायन संस्थान, जोधपुर के प्रख्यात लोकगीतकार श्री कोमल कोठारी के साथ कमाइचा शिक्षक के रूप में भी बहुत समय तक काम किया है।

राजस्थान के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री हकीम खान को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1940 in Hadwa village of Barmer district of Rajasthan, Shri Hakim Khan imbibed the rich artistic heritage of the Manganiyar tradition of folk music of Rajasthan. He received his training in Kamaicha from his father Usman Khan.

Shri Hakim Khan soon achieved prominence as a performer of Kamaicha - a string instrument of Rajasthan, performing in many prestigious music festivals in India and abroad, and conducting many workshops around the world. He also has a rich repertoire of folk songs, jangra style songs, Meerabai, Tulsidas, Kalidas and Surdas bhajans. He has given innumerable performances within the country, and has worked with the eminent folklorist Shri Komal Kothari of Rupayan Sansthan, Jodhpur for quite some time as a Kamaicha teacher.

Shri Hakim Khan receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Rajasthan.

यापचुंग काज़ी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार: लोक कला, सिक्किम

सिक्किम के पश्चिमी जिले के ताशीडिंग गांव में 11 जुलाई 1937 को जन्मे, श्री यापचुंग काज़ी ने सिक्किम भूटिया परंपरा की समृद्ध कलात्मक विरासत को आत्मसात किया है।

श्री यापचुंग काजी, सिक्किम की लोक प्रदर्शनकला के अग्रणी लोगों में शुमार किए जाते हैं। आपने कुर्सियांग और गंगटोक में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। आप लंबे समय से सिक्किम की जातीय भूटिया संस्कृति और परंपरा के संरक्षण से संबद्ध हैं। इसके साथ ही सिक्किमी भूटिया भाषा और साहित्य के संरक्षण को लेकर युवाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में भी आपको बहुधा आमंत्रित किया जाता है। आप सिक्किम भूटिया समुदाय की परंपरा और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली कई स्थानीय फिल्मों और वृत्तचित्रों का हिस्सा रहे हैं।

सिक्किम की लोक कला में योगदान के लिए श्री यापचुंग काज़ी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

YAPCHUNG KAZI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Folk Arts, Sikkim

Born on 11 July 1937 in Tashiding village of West District of Sikkim, Shri Yapchung Kazi imbibed the rich artistic heritage of the Sikkimese Bhutiya tradition.

Shri Yapchung Kazi has been one of the pioneers in the field of folk performing arts of the State of Sikkim. He has been instrumental in setting up of All India Radio Station in Kurseong and later in Gangtok, Sikkim as well. He has been long associated with preserving the ethnic Sikkimese Bhutia culture and tradition. He has been often invited to workshops and seminars for generating awareness among the youth about Sikkimese Bhutia culture and traditions as well as preservation of Sikkimese Bhutia Language and Literature. He has been a part of many local movies and documentaries showcasing the tradition and culture of the Sikkimese Bhutia community.

Shri Yapchung Kazi receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk arts of Sikkim.

एलैया ईरैया ओग्गरी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत (ओग्गु कथा, तेलंगाना)

तेलंगाना के नलगोंडा जिले के कुर्मापल्ली गाँव में 1 जनवरी 1946 को जन्में, श्री ऐलैया ईरैया ओग्गरी ने कम उम्र में ही इस क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को आत्मसात कर लिया था। आपने अपने पिता श्री ओग्गरी ईरैया से ओग्गु कथा का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आप तेलंगना की विशिष्ट कथात्मक शैली ओग्गु कथा के प्रसिद्ध कलाकार हैं। आपने न केवल तेलंगाना बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित उत्सवों में ओग्गु कथा की प्रस्तुतियाँ दी है और बहुत सी कार्यशालाओं का आयोजन किया है। आपने इस कला विधा में बहुत से कलाकारों को प्रशिक्षित किया है। आपने आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए भी ओग्गू कथा की प्रस्तुतियाँ दी है। ओग्गु कथा की आप द्वारा की गई प्रस्तुतियों की कई रिकॉर्डिंग्स उपलब्ध हैं।

तेलंगाना के ओग्गू कथा में योगदान के लिए श्री एलैया ईरैया ओग्गरी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

AILAIAH EERAIAH OGGARI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music (Oggu Katha, Telangana)

Born on 1 January 1946 in Kurmapally village of Nalgonda district of Telangana, Shri Ailaiah Eeraiah Oggari imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. He has received training of Oggu Katha from his father Shri Oggari Eeraiah.

Shri Ailaiah Eeraiah Oggari soon achieved prominence as a performer of Oggu Katha - a narrative art form of Telangana, performing in many prestigious festivals in the State and across India, and conducting many workshops around the State. He has trained many students of the region. He has performed Oggu Katha for All India Radio and Doordarshan. He has many recordings of Oggu Katha to his credit.

Shri Ailaiah Eeraiah Oggari receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the art of Oggu Katha of Telangana.

भैरव दत्त तिवारी

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
लोक संगीत और नृत्य, उत्तराखंड

BHAIRAB DATT TEWARI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music and Dance (Uttarakhand)

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के बमनस्वाल में 5 जनवरी 1943 को जन्मे, श्री भैरव दत्त तिवारी का नाम संगीत और नृत्य की कुमाऊंनी लोक परंपरा का पर्याय रहा है। आप विशेष रूप से रामलीला परंपरा से संबद्ध हैं। आपने मोहन उप्रेती, भोला दत्त तिवारी, बंसी लाल और बलराम ठाकुर से कुमाऊंनी लोक नृत्य, संगीत, वाद्य और लोक नाट्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपको राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशकों—बृज मोहन शाह, प्रेम मटियानी, चमन बग्गा और राष्ट्रीय लोक नृत्यवृंद की निदेशक जोहरा सहगल के साथ काम करने का अवसर मिला है। इस प्रक्रिया में आपकी कोरियोग्राफी, अभिनय, प्रकाश और ध्वनि विन्यास के कौशल में और निखार आया।

आपने दूरदर्शन के लिए रसिक रामोल और हारु हीत जैसे उत्तराखंड के लोक नाटकों की प्रस्तुतियाँ तैयार की। स्मृतियों में मोहन उप्रेती जैसी पुस्तक के प्रकाशन का श्रेय भी आप ही को जाता है। इस पुस्तक में 'स्वरलिपि' संगीत संकेतन आपने किया है, जबकि कुमाऊंनी शैली की रामलीला और कलाकारों का योगदान नामक लेख हेमंत जोशी का है। इसकी स्वरलिपि भी भैरव दत्त तिवारी ने ही तैयार की है। आपने भारत और जॉर्डन, ट्यूनीशिया और कोरिया जैसे कई देशों में आयोजित संगोष्ठियों में भाग लिया है और अंतर्राष्ट्रीय कला और लोक उत्सवों में भी भागीदारी की है। आप पर्वतीय कला केंद्र के सदस्य हैं। आपने राष्ट्रपति भवन के श्रीधरनी गैलरी में अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के सम्मान में उत्तराखंड के लोक नृत्य की जो प्रस्तुति हुई थी, उसमें भी भाग लिया था।

उत्तराखंड के लोक संगीत और नृत्य में योगदान के लिए श्री भैरव दत्त तिवारी को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 5 January 1943 in Bamanswal in Almora District of Uttarakhand, Shri Bhairab Datt Tewari's name has been synonymous with the Kumaoni folk tradition of music and dance and he has particularly worked in the Ramleela tradition. He has had training in folk dance, music, instruments and theatre of Kumaon, Uttarakhand from Mohan Upreti, Bhola Datt Tewari, Bansi Lal and Balram Thakur. He has also had the opportunity of working with renowned theatre directors of NSD, Brij Mohan Shah, Prem Matyani, Chaman Bagga and also the National Folk Dance Ensemble Director Zohra Sehgal, and in the process he has honed his choreography, stage acting, light and sound design sensibility.

Shri Tewari has broadcast programmes like the Uttarakhand folk operas *Rasik Ramol* and *Haru Heet* on Doordarshan. He has also published a book titled *Smritiyon me Mohan Upreti* in which the 'Swarlipi' on music notation is by Bhairab Tewari, and also *Kumaoni Shaili ki Ramleela aur Kalakaron ka Yogdaan* by Hemant Joshi in which the Swarlipi is by Bhairab Datt Tewari. He has also attended several seminars and international art and folk festivals in India and several other countries like Jordan, Tunisia and Korea. He is a member of the Parvatiya Kala Kendra. He has participated in the Uttarakhand Folk Dance performance in honour of the American President Jimmy Carter, at Shridharani Gallery, Rashtrapati Bhawan.

Shri Bhairab Datt Tewari receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music and dance of Uttarakhand.

जगदीश ढौंडियाल

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत, उत्तराखंड

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के डिबोली गाँव में 20 अगस्त 1944 को जन्मे, श्री जगदीश ढौंडियाल ने कम उम्र में ही क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को आत्मसात कर लिया था। आपने 18 वर्षों तक जयपुर घराने के श्री हजारी लाल से कथक नृत्य का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।

आपने गीत और नाटक प्रभाग में नृत्य निर्देशक के रूप में काम किया है और पूरे देश में नृत्य नाटिका कामायनी की लगभग 2500 से अधिक प्रस्तुतियाँ दी है। आपने आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए प्रदर्शन किया है। सन् 1984 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आपने गांधी दर्शन पर आधारित एक नृत्य संरचना की प्रस्तुति की थी।

उत्तराखंड के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री जगदीश ढौंडियाल को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

JAGDISH DHAUNDIYAL

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Uttarakhand

Born on 20 August 1944 in Diboli village of Pauri Garhwal district of Uttarakhand, Shri Jagdish Dhaundiyal imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. He has received training in Kathak dance from Shri Hazari Lal of Jaipur Gharana for 18 years.

He has worked as a Dance Director in Song and Drama Division and presented approximately 2500 shows of Kamayani - a dance-drama, all over the country. He has performed for All India Radio and Doordarshan. In 1984 on the occasion of Republic Day, he presented a dance choreography based on Gandhi Darshan.

Shri Jagdish Dhaundiyal receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Uttarakhand.

नारायण सिंह बिष्ट

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत, उत्तराखंड

उत्तराखंड के चमोली जिले के ग्वालदम गाँव में 1 जनवरी 1947 को जन्मे, श्री नारायण सिंह बिष्ट ने कम उम्र में ही क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को आत्मसात कर लिया था। आपने लोक संगीत की शिक्षा अपने पिता गोविंद सिंह से प्राप्त की है।

स्थानीय प्रशासन के साथ सामाजिक क्षेत्र में अपनी जड़ों के करीब रहते और काम करते हुए, आपने कलाकार और गायक के रूप में अपने रचनात्मक प्रयासों से उत्तराखंड की जागर परंपरा को आगे बढ़ाया है। आपके पास लोक कथाओं, जागर के साथ-साथ उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के भगनोल, न्योली का भी समृद्ध भंडार है। आप हुड़का और थाल जैसे लोक वाद्यों के वादन में भी निपुण हैं। आपने कई स्थानीय मेलों और उत्सवों में अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

उत्तराखंड के लोक संगीत में योगदान के लिए श्री नारायण सिंह बिष्ट को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

NARAYAN SINGH BISHT

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Uttarakhand

Born on 1 January 1947 in Gwaldam village of Chamoli District of Uttarakhand, Shri Narayan Singh Bisht imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. He has received training in folk music from his father Govind Singh.

Working close to his roots in the social sector with the local administration, he has carried forward the Jagar tradition of Uttarakhand by his creative endeavour as an artist and singer. He also has a rich repertoire of folk narratives, Jagar, as well as Bhagnol, Nyoli of Kumaon region of Uttarakhand, and can play folk musical instruments like the Hudka and Thaal, with dexterity. He has represented his art in many local fairs and festivals.

Shri Narayan Singh Bisht receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Uttarakhand.

सालमोन एन. जी.

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
लोक संगीत, मणिपुर

SALMON N.G.

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Folk Music, Manipur

मणिपुर के उखरूल जिले के रिंगुई गांव में 1 दिसंबर 1938 को जन्मे, श्री सालमोन एन. जी. ने कम उम्र में ही इस क्षेत्र की समृद्ध संगीत परंपरा को आत्मसात कर लिया था। आपने लोक संगीत का प्रारंभिक प्रशिक्षण एन. जी. खुसो से प्राप्त किया और बाद में एन. जी. सीसिंग के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखारा।

आपने मणिपुर के साथ–साथ देश के अन्य राज्यों में भी बड़े पैमाने पर लोक गीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी है। आपने रिंगुई गांव के कई छात्रों को इस विधा में प्रशिक्षित किया है। आपने वर्ष 2018 में एन.जी. सालमोन शॉर्ट लाइफ स्टोरी और रिंगुई न्गालेई राम नाम से अपनी जीवनी प्रकाशित की है और साथ ही कई लोक गीतों की रचना भी की है।

मणिपुरी लोक संगीत में योगदान के लिए श्री सालमोन एन. जी. को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 December 1938 in Ringui village of Ukhrul district of Manipur, Shri Salmon N.G. imbibed the rich musical tradition of the region at an early age. Shri Salmon N.G. received his initial training in folk music from NG Khuso and later was groomed under the guidance of N.G. Seising.

Shri Salmon N.G. has performed folk songs and dance extensively in Manipur as well as in other States of the country. He has trained many students of Ringui village. He has published his biography in the year 2018 titled *N.G. Salmon Short Life Story* and *Ringui Ngalei Ram* and composed many folk songs.

Shri Salmon N.G. receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to the folk music of Manipur.

गणेश प्रसाद सिन्हा

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
प्रदर्शन कला में समग्र योगदान

GANESH PRASAD SINHA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Overall Contribution in the Performing Arts

बिहार के नवादा में 1 जनवरी 1932 को जन्मे, श्री गणेश प्रसाद सिन्हा ने पटना विश्वविद्यालय से स्नातक किया है।

आपने विभिन्न संस्थानों के लिए लगभग पचास नाटकों का निर्देशन किया है। आप द्वारा निर्देशित प्रमुख नाटकों में कोणार्क, मणि गोस्वामी, ध्रुवस्वामिनी, दीवार और दरारें, सूरदास, सम्राट चन्द्रगुप्त, बगल का किरायेदार, नये–नये रास्ते, विजय की बेला आदि शामिल हैं। आपने 2008 में यूनिसेफ और कला जागरण द्वारा आयोजित प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में भागीदारी की थी।

आपके योगदान को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा आपको बिहार रत्न के रूप में सम्मानित किया गया है। उक्त अवसर पर आपके सम्मान में एक मोनोग्राफ भी प्रकाशित किया गया था। आपको दूरदर्शन और आकाशवाणी ने विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने आपको एक टेबलो में शामिल होने के लिए सम्मानित किया है; साथ ही संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा भी आपको सम्मानित किया गया है।

प्रदर्शन कला के क्षेत्र में समग्र योगदान के लिए श्री गणेश प्रसाद सिन्हा को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1932 in Nawadah, Bihar, Shri Ganesh Prasad Sinha has done his graduation from Patna University.

He has directed around fifty plays for various institutions. Prominent plays among the ones directed by him include *Konark, Mani Goswami, Dhruvswamini, Deevar Aur Dararen, Soordas, Samrat Chandragupta, Bagal ka Kirayedar, Naye Naye Raste, Vijay ki Bela*, among others. He had attended as an expert a theatre production-oriented workshop organized by UNICEF and Kala Jagran in 2008.

Shri Sinha has been felicitated by the State Government of Bihar as Bihar Ratna for his contribution, on the occasion of which a monograph was also published in his honour. He has been invited by Doordarshan and Akashwani as a special guest. The Ministry of Defence, Government of India has honoured him for his participation in a tableau; as also the Department of Culture and Youth Welfare, Government of Bihar.

Shri Ganesh Prasad Sinha receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his overall contribution in the performing arts.



अनंत महापात्र

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
प्रदर्शन कला में समग्र योगदान

ओडिशा के कटक में 15 जून 1936 को जन्मे, श्री अनंत महापात्र बहुमुखी रंग व्यक्तित्व रहे हैं। सन् 1964 में सृजनी की स्थापना के साथ प्रदर्शन कला के क्षेत्र में आपका पदार्पण हुआ। आपने रंगमंच को लोकप्रिय बनाने और नाट्य प्रस्तुतियों के लिए दो अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों—1997 में उत्कल रंगमंच ट्रस्ट और 2013 में थिएटरइन मोशन की स्थापना की। आपने ओडिशा के रेवेनशॉ विश्वविद्यालय से डी. लिट. की उपाधि अर्जित की है।

सन् 1947 में आकाशवाणी, कटक की स्थापना हुई और तभी से आप आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले नाटकों में भूमिका करते रहे हैं। आप संगीत नाटक अकादेमी में नाट्य विशेषज्ञ भी रहे हैं। सन् 1971 में 14वीं वर्ल्ड थिएटर कांग्रेस, लंदन में आयोजित किया गया था, जिसमें आप भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में सम्मिलित हुए थे। आप 1982 में कलकत्ता के प्रारम्भिक थिएटर अनुसंधान संस्थानों में से एक, नाट्य शोध संस्थान के संस्थापक सदस्य रहे हैं। आप 2015 में आईआईटी, भुवनेश्वर के लिए रचनात्मक कला और डिजाइन संकाय की कोर कमेटी के सदस्य रहे हैं। श्री अनंत महापात्र ने न केवल रंगमंच और रेडियो नाटकों में काम किया है, बल्कि फिल्मों से भी जुड़े रहे हैं। आपको भारत में टेलीविजन के लिए पहली फीचर फिल्म बनाने का श्रेय भी जाता है। सन् 1983 में आपने दूरदर्शन के लिए 'मामू' का रूपांतरण उड़िया और हिंदी में किया था।

श्री महापात्र को 2019 में ओडिशा संगीत नाटक अकादमी द्वारा कवि सम्राट उपेन्द्र भंज 'सम्मान' से सम्मानित किया गया था।

रंगमंच में समग्र योगदान के लिए श्री अनंत महापात्र को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

ANANT MAHAPATRA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Overall Contribution in the Performing Arts

Born on 15 June 1936 in Cuttack, Odisha, Shri Anant Mahapatra has been a versatile theatre personality. Beginning his foray into the performing arts with the founding of Srujani in 1964, he went on to establish two other iconic institutions - Utkal Rangamancha Trust in 1997, and Theatre in Motion in 2013 to popularise theatre and to showcase it both as an art and an entertainment across the country. He has a D.litt from Ravenshaw University in Odisha.

Shri Mahapatra has participated in plays since the inception of AIR, Cuttack in 1947. He has also been a theatre expert of Sangeet Natak Akademi, New Delhi. He was part of the Indian Delegation to the 14th World Theatre Congress, London, 1971. He has been a founder member of the Natya Shodh Sansthan, one of the first Theatre Research Institutes in Calcutta, 1982. He has been a Core Committee member for the Faculty of Creative Arts and Design for IIT, Bhubaneswar, 2015. Shri Anant Mahapatra has not only explored theatre and radio formats but has contributed significantly to the medium of Film. He is credited to have made the first feature length film for television in India when he adapted 'Mamu' for Doordarshan in 1983, both in Odia and Hindi.

Shri Mahapatra has been conferred with the Kabi Samrat Upendra Bhanja 'Samman' by Odisha Sangeet Natak Akademi in 2019.

Shri Anant Mahapatra receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his overall contribution in the field of theatre.



भारतरत्न भार्गव

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
प्रदर्शन कला में समग्र योगदान

BHARATRATNA BHARGAVA

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Overall Contribution in the Performing Arts

राजस्थान के जयपुर में 25 जनवरी 1938 को जन्मे, श्री भारतरत्न भार्गव ने राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। आपने इब्राहिम अल्काज़ी और रिचर्ड ओसबोर्न जैसी रंग प्रतिभाओं से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

आप जयपुर स्थित नाट्यकुलम संस्थान के कुलगुरु रहे हैं, और आपने संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली के नाटक अनुभाग में उप सचिव के पद पर भी काम किया है। बी.बी.सी. लंदन के विदेश प्रसारण सेवा के लिए हिंदी कार्यक्रम तैयार करने के अतिरिक्त आप आकाशवाणी दिल्ली और इंदौर के कार्यक्रम कार्यकारी भी रहे हैं; साथ ही, एल.बी.एस. कॉलेज, राजस्थान विश्वविद्यालय में हिंदी के व्याख्याता पद पर भी काम किया है। आपने आकाशवाणी के लिए 100 से अधिक रेडियो नाटकों का लेखन, अनुवाद और रूपांतरण कार्य किया है। आप राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी); भारतीय नाटक विभाग, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय; नाटक विभाग, एम. एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा, आदि में विजिटिंग फैकल्टी रहे हैं। आप रॉयल एकेडमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स, लंदन से भी जुड़े रहे हैं। आपने रंग हबीब और भारतीय रंग मनीषी सहित कई पुस्तकों का लेखन किया है। छंद, मात्रा और काव्यात्मक आस्वाद को बरकरार रखते हुए, आपने महाकवि भास के सभी 13 संस्कृत नाटकों का हिंदी में अनुवाद किया है।

श्री भार्गव को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर द्वारा कला पुरोधा सम्मान से सम्मानित किया गया है। 'नाट्यशास्त्रीय परंपरा और प्रयोग' परियोजना पर सांस्कृतिक अनुसंधान के लिए आपको हाल ही में टैगोर नेशनल फैलोशिप मिली है।

रंगमंच में समग्र योगदान के लिए श्री भारतरत्न भार्गव को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 25 January 1938 in Jaipur in Rajasthan, Shri Bharatratna Bhargava has a Masters degree from Rajasthan University with a First Division. He has trained with theatre personalities like Ebrahim Alkazi and Richard Osborne.

Shri Bhargava has been the Kulaguru of the Natyakulam Sansthan in Jaipur, and has also served as Deputy Secretary in the Drama Section of Sangeet Natak Akademi, New Delhi. Having produced Hindi programmes for the B.B.C. External Services in London; he has also been the programme executive for All India Radio with Delhi and Indore; and lecturer in Hindi, L.B.S. College, Rajasthan University. He has written, translated, and adapted more than 100 plays for All India Radio. He has been a visiting faculty at the National School of Drama (NSD); Department of Indian Theatre, Chandigarh University; Department of Theatre, M.S. University, Baroda, etc. He has been associated with the Royal Academy of Dramatic Arts, London. Shri Bhargava has also several publications to his credit including *Rang Habib*, and *Bhartiya Rang Maneeshi*. He is credited to have translated all the 13 Sanskrit plays of Mahakavi Bhasa into Hindi, keeping intact the poetic flavour with verse and meter.

Shri Bhargava has been conferred with the Kala Purodha Samman by the Rajasthan Sangeet Natak Akademi, Jodhpur. He has recently been awarded the Tagore National Fellowship for Cultural Research to work on a project 'Natyashastriya Parampara aur Prayog'.

Shri Bharatratna Bhargava receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his overall contribution in the field of theatre.

जुगल किशोर पेटशाली

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
प्रदर्शन कला में समग्र योगदान

JUGAL KISHORE PETSALI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Overall Contribution in the Performing Arts

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के चितई गाँव में 7 सितंबर 1946 को जन्मे, श्री जुगल किशोर पेटशाली ने उत्तराखंड के प्रख्यात लोक कलाकार और विद्वान श्री मोहन सिंह रीठागरी से लोक संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्री जुगल किशोर पेटशाली उत्तराखंड के प्रसिद्ध लेखक, निर्देशक और विद्वान हैं। आपने कई किताबें लिखी हैं जिनमें राजुला–मालुसाही मध्य हिमालय की अमर प्रेम गाथा और जय बाला गोरिया प्रमुख हैं। इन दोनों पुस्तकों में उत्तराखंड की लोक कथाओं को शामिल किया गया है। आपने दूरदर्शन दिल्ली के लिए राजुला–मालूसाही पर एक वृत्तचित्र का निर्देशन और प्रलेखन किया है। आपने नौलखा दीवान, जय माँ नंदा और धरती सरग बरन्ली सहित कई नाटकों का निर्देशन किया है, जिन्हें राष्ट्रीय रंग महोत्सव में प्रथम पुरस्कार भी मिला था। आपने कुमाउंनी भाषा में बहुत सारी कविताएँ लिखी हैं और हिंदी तथा कुमाउंनी भाषाओं में कई लोक साहित्य का प्रकाशन किया है। आपने भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लिए एक लाइट एंड साउंड नाटक युग पुरुष गांधी की भी रचना की थी। आप भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, आकाशवाणी, और उत्तराखंड के संस्कृति विभाग की काउंसिल के सदस्य भी रहे हैं।

प्रदर्शन कला और साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए आपको कुमाऊंनी गौरव सम्मान सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

उत्तराखंड की प्रदर्शन कला में समग्र योगदान के लिए श्री जुगल किशोर पेटशाली को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 7 September 1946 in Chitai village, Almora district of Uttarakhand, Shri Jugal Kishore Petsali received training in folk music from Shri Mohan Singh Rithagari, eminent folk artist and scholar of Uttarakhand.

Shri Jugal Kishore Petsali is a well-known writer, director and scholar of Uttarakhand. He has authored many books including the *Rajula-Malusai Madhya Himalaya Ki Amar Prem Gatha* and *Jai Bala Goriya*, being folk tales of Uttarakhand. He has directed and documented a documentary on Rajula-Malusahi for Doordarshan, Delhi. He has directed many plays including *Naulakha Diwan*, *Jai Maa Nanda*, and *Dharati Sarag Baranli* which won first prize in national theatre festival. He has written poetry extensively in Kumauni language and published voluminous folk literature in Hindi and Kumauni languages. He has also written a light and sound play *Yug Purush Gandhi* for the Information and Broadcasting Ministry of the Government of India. He has also served as a Council Member of the Information and Broadcasting Ministry of the Government of India, All India Radio, and the Culture Department, Uttarakhand.

For his contribution in the field of performing arts and literature he has been bestowed with the Kumauni Gaurav Samman.

Shri Jugal Kishore Petsali receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his overall contribution to the performing arts of Uttarakhand.



वेंकट आनंदकुमारा रंगाराव

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
प्रदर्शन कला में समग्र योगदान

तमिलनाडु के मद्रास में 11 मई 1939 को जन्मे, श्री वेंकट आनंदकुमारा रंगाराव भरतनाट्यम के सिद्धहस्त नर्तक हैं। आपने भरतनाट्यम की वजुवुर बानी का प्रशिक्षण गुरु वजुवुर रमैया पिल्लई के संरक्षण में प्राप्त किया है।

आपने तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में एलपीएस के रूप में फिल्मी गीतों के संकलन में योगदान दिया है। एक पत्रकार के रूप में आपने तेलुगु और अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रों में काम किया है। तेलुगु भाषा में अलपना, मारो अलपना और रागमालिका जैसी पुस्तकों में भी आपके लेख प्रकाशित हुए हैं। आपको सन् 1978 में भारत सरकार की तरफ से प्रतिनिधि के रूप में सोवियत रूस भेजा गया था।

प्रदर्शन कला में समग्र योगदान के लिए श्री वेंकट आनंदकुमारा रंगाराव को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

VENKATA ANANDA KUMARA RANGARAO

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Overall Contribution in the Performing Arts

Born on 11 May 1939 in Madras in Tamil Nadu, Shri Rangarao Venkata Ananda Kumara Rangarao is a Bharatanatyam dancer who has been trained under the tutelage of Guru Vazhuvur Ramaiah Pillai in the Vazhuvur *Bani* or style.

He has contributed to collections of film songs as LPS in Telugu, Hindi, Tamil, Kannada and Malayalam languages. As a journalist he contributed to Telugu and English dailies and published in Telugu the books *Alapana*, *maro Alapana* and *Ragamalika*. He was sent by the Government of India as a delegate to USSR in 1978.

Shri Venkata Ananda Kumara Rangarao receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his overall contribution in the performing arts.



प्रभाकर भानुदास मांडे

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार:
प्रदर्शन कला में विद्वत्ता

महाराष्ट्र में 16 दिसंबर 1933 को जन्मे, डॉ. प्रभाकर भानुदास मांडे लोकगीत, लोक संस्कृति और साहित्य के वरिष्ठ शोध विद्वान हैं। आपने उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से सन् 1959 में मराठी भाषा में स्नातकोत्तर और सन् 1967 में तत्कालीन मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद से लोकगीत का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर पीएचडी की उपाधि अर्जित की।

डॉ. प्रभाकर मांडे सन् 1955 में औरंगाबाद के पिशोर स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षक नियुक्त हुए थे। इसके बाद शिवाजी कॉलेज में व्याख्याता के पद पर कार्य किया, 17 वर्षों तक मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में रीडर रहे और 1993 में वरिष्ठ प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए। आपने मराठी में कई पुस्तकों की रचना की है, जिसमें गावगड्या बाहेर, रामकथेची मौखिक परम्परा, लोक रंगभूमि, मंगनी थैंचे मागटे शामिल हैं। आपने अपने लेखन के माध्यम से लोक संस्कृति, ज्ञान और कला के अज्ञात पक्षों को शहरी लोगों तक पहुँचाया। आपकी पुस्तकों को डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में जगह मिली है। आपने लोकसाहित्य अनुसंधान केंद्र की स्थापना की और इसके माध्यम से युवा पीढ़ी को लोककथाओं के अध्ययन और शोध के लिए मंच उपलब्ध कराया। महाराष्ट्र में आदिवासी उत्थान की विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं पर डॉ. मांडे के शोध का प्रभाव स्पष्ट है।

आपको महाराष्ट्र सरकार द्वारा लोक शहीर अन्नाभाऊ साठे जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मराठी लोक कला में विद्वत्ता के लिए श्री प्रभाकर भानुदास मांडे को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

PRABHAKAR BHANUDAS MANDE

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Scholarship in the Performing Arts

Born on 16 December 1933 in Maharashtra, Shri Prabhakar Bhanudas Mande is a senior research scholar in folklore, folk culture and literature. He received his B.A. and M.A. degrees in Marathi Language in the year 1959 from Osmania University, Hyderabad. In 1967 he was awarded a PhD in the field of Analytical Studies of Folklore by the then Marathwada University, Aurangabad, Maharashtra.

Shri Prabhakar Mande started his career in 1955 as a teacher in the Government School in Pishor, Aurangabad. He then joined as a lecturer in Shivaji College, became a Reader in Marathwada University for 17 years and retired as a senior Professor in 1993. He has several Marathi books to his credit including *Gawgadya Baher, Ramkathechi Maukhik Paramapara, Lok Rangbhoomi, Mangani Thaynche Magte*. Through his various publications he has brought the hidden aspects of folk culture, knowledge and art to the urban people and through Dr Babasaheb Ambedkar Marathwada University included these studies in the postgraduation level in 1973. He established the Loksahitya Research Centre and has through it offered a platform to the young generation to study folklore and conduct research on it. Various social projects of tribal uplift in Maharashtra have taken inspiration from the well documented narratives set by Dr Mande's research.

He has been bestowed with awards such as the Lok Shahir Annabhau Sathe Jeevan Gaurav by the Government of Maharashtra.

Shri Prabhakar Bhanudas Mande receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to scholarship in the folk arts of Maharashtra.

भगवतीलाल राजपुरोहित

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
प्रदर्शन कला में विद्वत्ता

BHAGWATILAL RAJPUROHIT

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Scholarship in the Performing Arts

मध्य प्रदेश के धार जिले के चंदोड़िया में 2 नवंबर 1943 को जन्मे, भगवतीलाल राजपुरोहित का पालन–पोषण पारंपरिक माहौल में हुआ। संस्कृत, हिंदी, प्राचीन इतिहास, लोक साहित्य के साथ–साथ कविता, नाटक, उपन्यास सहित विभिन्न विधाओं में निरंतर रचनात्मक लेखन और शोध से आपकी दिशाएँ व्यापक होती गईं। आपकी रचनाओं में नवीन और प्राचीन का संगम साफ नजर आता है। इस तरह आपने अलग–अलग विधाओं में अपनी पहचान बनाई है।

श्री भगवतीलाल राजपुरोहित अपने शोधपरक लेखन के लिए जाने जाते हैं। आप संस्कृत, हिन्दी एवं मालवी में साहित्य एवं संस्कृति से संबंधित विषयों पर निरंतर लेखन कार्य करते रहे हैं। आप नवीन एवं प्राचीन सांस्कृतिक धाराओं के प्रखर प्रवक्ता माने जाते हैं। आप 10 वर्षों तक विक्रमादित्य शोध पीठ, उज्जैन के निदेशक और 38 वर्षों तक संदीपनी आश्रम, उज्जैन में हिंदी, संस्कृत और प्राचीन इतिहास के प्रोफेसर रहे हैं। आपने मालवी संस्कृति और साहित्य पर सौ से अधिक पुस्तकों की रचना की है, 50 से अधिक नाटक लिखे हैं जिनमें कुछ अप्रकाशित भी हैं। किन्तु उनके द्वारा लिखित सभी नाटकों का मंचन हुआ है। आपने एक संस्कृत नाटक समर्थ विक्रमादित्य की रचना भी की है। आपके नाटक कालिदास चरितम् का संस्कृत, हिंदी और मालवी में मंचन हुआ है।

भारतीय रंगमंच में विद्वत्ता के लिए श्री भगवतीलाल राजपुरोहित को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 2 November 1943 in village Chandodiya, district Dhar, Madhya Pradesh, Bhagwatilal Rajpurohit was brought up in a traditional environment. With continuous creative writing and research in various genres including Sanskrit, Hindi, ancient history, folk literature as well as poetry, dramas, novels, his directions kept getting wider. The confluence of new and ancient can be seen and tested in his creations. In this way he has made his mark in different fields.

Shri Bhagwatilal Rajpurohit is known for his well-researched writings. Shri Rajpurohit, who has been continuously writing on subjects related to literature and culture in Sanskrit, Hindi and Malvi, is a strong spokesperson of the new and ancient cultural streams. He has worked as a Director, Vikramaditya Shodh Peeth, Ujjain for 10 years, and a Professor at Sandipani Ashram, Ujjain on Hindi, Sanskrit, and Ancient History for 38 years. He has published more than a hundred books including *Malwi Sanskriti Aur Sahitya*, more than 50 dramas - some unpublished but almost all staged. He has also written a Sanskrit drama titled *Samarth Vikramaditya. His play Kalidas Charitam* has been staged in Sanskrit, Hindi and Malwi.

Shri Bhagwatilal Rajpurohit receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to scholarship in Indian theatre.

Note: The biographical particulars and other factual information contained in these citations are based on information made available by the awardees.

Sangeet Natak Akademi

National Academy of Music, Dance and Drama, New Delhi

Sangeet Natak Akademi, the apex body in the field of performing arts in the country, was set up in 1953 for the preservation and promotion of the vast intangible heritage of India's diverse culture expressed in forms of music, dance and drama. The management of the Akademi vests in its General Council. The Chairman of the Akademi is appointed by the President of India for a term of five years. The functions of the Akademi are set down in the Akademi's Memorandum of Association, adopted at its registration as a society on 11 September 1961. The registered office of the Akademi is at Rabindra Bhavan, 35 Feroze Shah Road, New Delhi. Sangeet Natak Akademi is an autonomous body of the Ministry of Culture, Government of India. Sangeet Natak Akademi now has three constituent units, two of these being dance-teaching institutions: the Jawaharlal Nehru Manipur Dance Academy (JNMDA) at Imphal, and Kathak Kendra in Delhi. JNMDA has its origin in the Manipur Dance College established by the Government of India in April 1954. Funded by the Akademi since its inception, it became a constituent unit of the Akademi in 1957. Similarly Kathak Kendra is one of the leading teaching institutions in Kathak dance. Located in Delhi, it offers courses at various levels in Kathak dance and in vocal music and Pakhawaj.

Besides the constituent units, the Akademi presently has five centres:

1. Kutiyattam Kendra, Thiruvananthapuram for preserving and promoting the age-old Sanskrit theatre of Kerala, Kutiyattam.
2. Sattriya Kendra, Guwahati for promoting the Sattriya traditions of Assam.
3. North-East Centre, Guwahati for preserving the traditional and folk performing art traditions of north-eastern India.
4. North-East Documentation Centre, Agartala for festival and field documentation in the North-east.
5. Chhau Kendra, Chandankiyari for promoting the Chhau Dances of eastern India

The Sangeet Natak Akademi Awards are the highest national recognition conferred on practising artists. The Akademi also confers Fellowships on eminent artists and scholars of music, dance and drama; and has in 2006 instituted annual awards to young artists – the Ustad Bismillah Khan Yuva Puraskar. The Akademi's archive, comprising audio and video tapes, photographs, and films is one of the largest in the country and is extensively drawn upon for research in the performing arts.

Akademi Officials

Sandhya Purecha, Chairman
Joravarsinh Jadav, Vice-Chairman
Raju Das, Secretary

Ministry of Culture
Government of India

संगीत नाटक अकादमी
Sangeet Natak Akademi

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20
भारत 2023 INDIA